हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 08.07.2024 | वर्ष 11, अंक 185 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

समस्या का समाधान ढूंढे, उसे दूर न भागें।

## क्विक न्यूज

### नाले में मिला दो मासूम बच्चों के शव

**गिरिडीह** : गिरिडीह जिला के नक्सल प्रभावित पीरटांड़ थाना क्षेत्र स्थित धावाटांड़ में रविवार की सुबह एक नाले से एक ही परिवार के दो बच्चों के शव बरामद हुआ है। जिससे इलाके में सनसनी फ़ैल गया है। मृतकों की पहचान बिशनपुर पंचायत के धावाटांड़ निवासी सुखलाल सोरेन की राधिका कुमारी (11 वर्षीय) व सचिन सोरेन (8 वर्ष) के रूप में हुआ है। दोनों बच्चा रिश्ते में भाई-बहन बताये जा रहा हैं। एक साथ दो बच्चों के शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी है। वहीं घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गयी है। इधर घटना की सूचना मिलते ही पीरटांड़ थाना की पुलिस वहां मौके पर पहुंची और दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया है।

### कुलगाम में मारे गए 6 आतंकी, 2 जवान भी शहीद

**श्रीनगर** : जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का एक्शन जारी है.अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में दो मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए. आतंकियों के साथ हुए एनकाउंटर में सुरक्षा बलों ने कम से कम छह आतंकवादियों को भी मार गिराया है. मुठभेड़ कुलगाम के मोदरगाम और चिनिगाम गांवों में हुई. 6 आतंकवादियों में से दो मदारगाम में और बाकी चार चिनिगाम में मारे गए हैं.मोदरगाम, कुलगाम में एक बाग में बने ठिकाने में दो से तीन आतंकवादियों के छिपे होने की खबर है. वहीं चिनिगाम फ्रिसल में एक और आतंकवादी के छिपे होने की संभावना है. फिलहाल आतंकियों के खिलाफ सेना का ऑपरेशन जारी है.

### प्रयागराज में अपना दल (एस) के नेता की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज** : जिले में अपना दल (एस) के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान इंद्रजीत पटेल के रूप में की गई है, जो पार्टी से जुड़ा हुआ था। वहीं हत्या की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। आनन-फानन में पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस की टीम ने जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दो पिस्टल भी बरामद की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मौके पर स्थिति सामान्य बनी हुई है।

### श्रीलंका में हाथियों का तांडव, भगदड़ में 13 लोग हुए घायल

**कोलंबो (श्रीलंका)** : श्रीलंका में एक हिंदू धार्मिक उत्सव में उस समय अफरा-तफरी मच गया, जब जुलूस में शामिल एक हाथी घबरा गया और भागते समय भीड़ में शामिल 13 लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को इस हादसे की जानकारी दी। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो फुटेज में हाथी के रखवाले में से एक को उत्तेजित हाथी को नियंत्रित करने के लिए उसकी पूंछ से खींचने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है, जबकि सड़क पर खड़े चिल्लाते हुए श्रद्धालु बचने के लिए दौड़ रहे थे। वीडियो में सूंड से पूंछ तक लाल, नीले और सुनहरे वस्त्रों से ढके हाथियों की परेड दिखाई गई है, जो एक बड़ी भीड़ के सामने झांझ-मंजीरे बजाते हुए चल रहे हैं।

### आकाशीय बिजली से 10 लोगों की मौत

**पटना** : पिछले 24 घंटे में वज्रपात से नौ जिलों में 10 लोगों की मौत हो गई।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात से मौतों पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने आज ही मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $38^{0}$ |
| न्युनतम | $26^{0}$ |

### पुरी में रथ यात्रा के दौरान मची भगदड़

# 400 श्रद्धालु घायल एक व्यक्ति की मौत

**एजेंसी**

**पुरी** : पुरी रथ यात्रा के दौरान बड़ा हादसा हो गया। प्रभु बलभद्र के रथ खींचे जाने के दौरान एक भक्त की सांस रूक जाने से मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार, भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ को खींचने की प्रक्रिया जैसे ही शुरू हुई। अचानक भक्तों के बीच धक्का-मुक्की होने से भगदड़ की स्थिति बन गई, जिससे 400 से अधिक श्रद्धालु नीचे गिर गए। इस दौरान गिरे श्रद्धालु घायल हो गए।

सभी घायल श्रद्धालुओं को अस्पताल में भर्ती किया गया है। इसमें 50 से अधिक भक्तों को प्राथमिक इलाज के बाद छोड़ दिया गया है। वहीं, अन्य घायल श्रद्धालुओं का इलाज पुरी मुख्य अस्पताल में चल रहा है। मृतक श्रद्धालु ओडिशा के बाहर का होने की खबर है।

हालांकि, मृतक भक्त का परिचय नहीं मिल पाया है। पीतल के झांझ और हाथ के ढोल बजाते हुए पुजारी छत्रधारी रथों पर सवार देवताओं के इर्द-गिर्द थे. रथ यात्रा शहर की मुख्य सड़क से धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था. अनुमान के मुताबिक रथ उत्सव में लगभग 10 लाख भक्त शामिल हुए हैं, जबकि अधिकांश भक्त ओडिशा और पड़ोसी राज्यों से थे. रथयात्रा में विदेशों से भी कई लोग शामिल हुए.

इस बीच ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी पुरी पहुंचे और पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती से मुलाकात की.

पुरी के पुलिस अधीक्षक पिनाक मिश्रा ने बताया कि सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और 180 प्लाटून सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है. एडीजी संजय कुमार ने बताया कि महोत्सव स्थल बड़ादंडा और तीर्थ नगरी के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं.



### रथयात्रा महोत्सव में शामिल हुए सीएम हेमंत सोरेन, राज्यवासियों के सुख-शांति के लिए की कामना



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथयात्रा महोत्सव में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर आयोजित पूजन-अनुष्ठान कार्यक्रम में सम्मिलित होकर महाप्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख-शांति,समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। मुख्यमंत्री ने राज्य की समस्त जनता को रथयात्रा की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने आस्था एवं भक्ति के समागम में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं के साथ जय जगन्नाथ के जयकारे लगाए और रथ की रस्सी को हाथ लगाकर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को मौसीबा ?ी के लिए आगे बढ़ाया। ऐतिहासिक रथयात्रा के अवसर पर आयोजित पूजा-अनुष्ठान में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक नवीन जायसवाल, विधायक राजेश कच्छप, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय एवं विनोद पांडेय सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

# हेमंत सोरेन कैबिनेट का विस्तार आज

### राज भवन ने शपथ ग्रहण के लिए दिया समय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : हेमंत सोरेन कैबिनेट के विस्तार को लेकर लगाए जा रहे कयासों पर विराम लग गया है. आज 8 जुलाई को अपराह्न 3:30 बजे बिरसा मंडप में विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी. इस बाबत राजभवन से स्वीकृति मिल गई है.8 जुलाई को ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सदन में विश्वास मत हासिल करना है. संख्या बल के लिहाज से सरकार के लिए यह औपचारिकता भर है. 3 जुलाई को सत्ताधारी दल के विधायक के रूप में चुने जाने के बाद 4 जुलाई को अकेले उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी.

चर्चा इस बात की शुरू हो गई है कि कौन-कौन विधायक मंत्री पद की शपथ लेंगे. हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद पूर्व सीएम चंपई सोरेन के कैबिनेट में झामुमो कोटे से मिथिलेश ठाकुर, बसंत सोरेन, दीपक बिरुआ, बेबी देवी और हफीजुल हसन मंत्री बने थे. कांग्रेस कोटे से डॉ रामेश्वर उरांव, आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख के अलावा राजद कोटे से सत्यानंद भोक्ता को जगह मिली थी. इसी बीच कैश कांड मामले में आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस कोटे से मंत्री का एक पद खाली है, चर्चा है कि आलमगीर आलम की जगह अल्पसंख्यक कोटे को भरने के लिए इरफान अंसारी को जगह मिल सकती है. हालांकि पोड़ैयाहाट से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की भी चर्चा है.राजद कोटे से इकलौते विधायक होने की वजह से सत्यानंद भोक्ता का नाम तय है. अब देखना है कि झामुमो कोटे से पूर्व के मंत्रियों को रिपीट करते हुए 12वें मंत्री के रूप में बैद्यनाथ राम को जगह मिलती है या नहीं.




**झारखंड विधानसभा में आज होगा हेमंत का शक्ति प्रदर्शन**

झारखंड में हेमंत सरकार चल रही है, 8 जुलाई 2024 को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। महागठबंधन के नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सदन में विश्वास मत हासिल करनी है। हालांकि विधायकों की संख्या बल से ज्यादा हेमंत के पास है। यानी हेमंत इंडिया गठबंधन के विधायकों के साथ सदन में बहुमत हासिल कर लेंगे। बहुमत हासिल करने से पहले सत्ता पक्ष व विपक्ष ने रविवार को अलग-अलग रणनीति बनाएं। ताकि किसी तरह की कोई परेशानी विशेष सत्र को दौरान न हो। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विपक्ष का जवाब देने के लिए 76 निर्वाचित विधायकों की विधानसभा है। विश्वास मत जीतने के लिए 39 विधायकों का समर्थन हेमंत सरकार को चाहिए। सत्ताधारी दल के पास झामुमो का 27, कांग्रेस का 17, राजद और सीपीआई माले का 1-1 विधायकों का समर्थन हैं, यानी कुल मिलाकर 46 विधायक समर्थन में है। ऐसे में कहीं कोई दिक्कत नहीं है। वहीं, विपक्ष में बीजेपी के पास 23, आजसू के पास 3, एनसीपी 1, निर्दलीय के पास 2 विधायक हैं।

**कई विधायक बन गए सांसद:** 81 निर्वाचित सदस्यों वाली झारखंड विधानसभा के कई विधायकों नें सांसद बनने पर इस्तीफा दे दिया है। इस्तिफा देने वाले विधायकों में सीता सोरेन, जोबा मांझी, नलिन सोरेन, मनीष जायसवाल, ढुल्लू महतो का नाम शामील है। 2019 विधानसभा चुनाव में भाजपा के सिंबल पर चुनाव जीतकर विधायक बने जयप्रकाश भाई पटेल 2024 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस के सिंबल पर लड़े थे, लेकिन विधायक पद से इस्तीफा नहीं दिया।

**नौ को होगा मंत्री मंडल गठन::** सबकुछ ठीक ठाक रहा तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब नये सिरे से मंत्रीमंडल का गठन कर सकते हैं। इस मंत्री मंडल में उम्मीद है कि कोल्हान और संथाल को प्राथमिकता दी जायेगी। यह भी हो सकता है कि बसंत सोरेन और चंपाई सोरेन को उप मुख्यमंत्री बना सकते हैं, वहीं बैधनाथ राम और प्रदीप यादव, सीपीएम एल के विधायक विनोद सिंह को भी मंत्री मंडल में जगह दे सकते हैं।

# देश के लिए मरने की नहीं जीने की जरूरत : अमित शाह

**गृह मंत्री ने छात्रों से कहा कि आज देश के लिए मरने की जरूरत नहीं है, बल्कि उसके लिए जीने की जरूरत है।**



**एजेंसी**

**अहमदाबाद** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के विकास में कडवा पाटीदार समुदाय की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश के लिए मरने की नहीं, बल्कि जीने की जरूरत है। वह मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की मौजूदगी में अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जहां छात्रों के लिए एक छात्रावास का उद्घाटन किया गया। शाह ने दोपहर में शहर में एक अस्पताल का भी उद्घाटन किया। इसके अधिकारियों ने बताया कि अमीन पीजेकेपी विद्यार्थी भवन का निर्माण कडवा पाटीदार समुदाय द्वारा किया गया है और इसमे सभी सामाजिक समूहों के छात्रों के रहने की सुविधा होगी। गृह मंत्री ने छात्रों से कहा कि आज देश के लिए मरने की जरूरत नहीं है, बल्कि उसके लिए जीने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, आप एक अच्छे आईएएस, आईपीएस, सीए, डॉक्टर, अच्छे नागरिक या गृहिणी हो सकते हैं, लेकिन आपको देश के लिए काम करने की जरूरत है।भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि कडवा पाटीदार समुदाय ने गुजरात के विकास में बहुत योगदान दिया है। उन्होंने कहा, गुजरात और पाटीदार समुदाय का समानांतर विकास हुआ है। अपनी कड़ी मेहनत से कडवा पाटीदार समुदाय ने अपने विकास के साथ-साथ राज्य और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा, उत्तर गुजरात के कडवा पाटीदार समुदाय के कई संस्थानों में पढ़कर आज जनता देश की सेवा कर रही है।

# देवघर व सूरत में गिरी बहुमंजिला भवन, 10 की मौत

**ग्राउंड फ्लोर पर कंस्ट्रक्शन का भी काम हो रहा था. जिस वजह से मकान और भी ज्यादा कमजोर हो गया था.**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**देवघर-सूरत** : देवघर जिले के नगर थाना क्षेत्र के बमबम पथ पर सीता होटल के पर एक बहुमंजिला इमारत के गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई. वहीं चार लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है.घटना को लेकर बताया जा रहा है कि यह भवन सीताकांत झा नाम के व्यक्ति का है. तीन मंजिला इस भवन में किराए पर मकान लेकर लोग रह रहे थे. पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण भवन कमजोर होता जा रहा था.

वहीं ग्राउंड फ्लोर पर कंस्ट्रक्शन का भी काम हो रहा था. जिस वजह से मकान और भी ज्यादा कमजोर हो गया था. देर शाम हुई बारिश के बाद मकान अचानक अहले सुबह धंस गया. जिस कारण से दूसरे और तीसरे मंजिल पर रह रहे लोग मकान के अंदर फंस गए.मिली जानकारी के अनुसार अब तक मलबे में फंसे कुल सात लोगों को निकाल लिया गया है, जिसमें से तीन लोगों की मौत हो गई है. मरने वालों में सुनील यादव, मनीष दत्त और सुनील यादव की पत्नी सोनी देवी का नाम सामने आया है.

चार लोगों का इलाज देवघर के सदर अस्पताल में जारी है. गुजरात के सूरत शहर में शनिवार दोपहर छह मंजिला आवासीय इमारत ढह गई। हादसे में अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने बताया कि इमारत ढहने के तुरंत बाद एक महिला को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि पूरी रात चले बचाव अभियान में सात लोगों के शव निकाले गए हैं।

### हाथरस भगदड़ मामले में राहुल गांधी ने सीएम योगी को लिखी चिट्ठी, कहा

# पीड़ित परिवार को जल्द मिले मुआवजे की राशि

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने हाथरस भगदड़ मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक चिट्ठी लिखी है। राहुल गांधी ने पत्र के जरिए मुख्यमंत्री योगी को पीड़ित परिवारों की समस्याओं को बताया है। इसके साथ ही सांसद राहुल गांधी ने सीएम योगी से मांग की है कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजे की राशि दी जाए। राहुल गांधी ने पत्र के जरिए मुख्यमंत्री योगी को पीड़ित परिवारों की समस्याओं का जिक्र किया है। इसके साथ ही सांसद राहुल गांधी ने सीएम योगी से मांग की है कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजे की राशि दी जाए। राहुल गांधी ने पत्र में लिखा कि इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों को हमारी सामूहिक संवेदना और मदद की जरूरत है। राहुल गांधी ने यह पत्र जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी पोस्ट किया है। राहुल गांधी ने भगदड़ में जान गंवाने वालों और घायलों को प्रदेश सरकार की ओर से मिले मुआवजे पर सवाल उठाया है। उन्होंने लिखा कि सरकार की ओर से घोषित मुआवजा काफी कम है। ऐसे में इसे बढ़ाया जाना चाहिए। साथ ही घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था भी की जाए। पोस्ट में लिखा-हाथरस में भगदड़ हादसे से प्रभावित पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर, उनका दुख महसूस कर और समस्याएं जान कर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र के माध्यम से उनसे अवगत कराया है।





# टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर दर्ज हुआ केस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट के मामले में तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. मोइत्रा के खिलाफ महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने से संबंधित मामला दर्ज किया गया है. राष्ट्रीय महिला आयोग ने शुक्रवार को कहा था कि उसने आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा के विरुद्ध टिप्पणी करने के लिए तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है.एक्स पर पोस्ट किये गये एक वीडियो पर टीएमसी सांसद के टिप्पणी करने के कारण यह कदम उठाया गया है. वीडियो में उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई भगदड़ के स्थल पर एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष के पहुंचने को दिखाया गया था जिस पर महुआ ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी.एनसीडब्ल्यू ने एक बयान में कहा कि दिल्ली पुलिस में एक औपचारिक शिकायत दर्ज की गई है और संसद में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक पत्र भेजा गया है जिसमें कहा गया है कि मोइत्रा की टिप्पणी निंदनीय है .

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पिटल
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# चैनपुर में निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा, हजारों भक्त रथ को खींचते नजर आए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर राजगढ़ स्थित भगवान जगन्नाथ-मंदिर से रविवार को भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना कर परांपरागत तरीके से गाजे बाजे के साथ रथ यात्रा निकाली गई भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की पारंम्परिक तरीके से पूजा अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी पंडित नांगवत पाठक ने घंटे घड़ियाल व शंखध्वनि के बीच भगवान का श्रृंगार किया गया। उसके बाद आरती उतारी गई। साथ ही प्रसाद अर्पण किया गया। चैनपुर स्टेट के राजपरिवार विधि विधान से भगवान की पूजा अर्चना की। इसके अलावा अन्य भक्तों ने भी मंदिर में भगवान को प्रसाद चढ़ाया। उल्लेखनीय है कि चैनपुर में रथ यात्रा की गौरवशाली परंपरा रही है। भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा को अलग-अलग रथों पर आरूढ़ करा कर रथ यात्रा निकाली जाती है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले रथ यात्रा में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ती है। राजपरिवार के सदस्य रथों को खींच कर रथयात्रा की शुरुआत करते हैं।रथों को खिंचते हुए श्रद्धालु चैनपुर से दो किलोमीटर दूर मौसीबाड़ी ले गए। वहां दो दिन विश्राम के बाद भगवान वापस मंदिर लौटते हैं। भगवान का रथ खिंचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ लगी रहती है। हर एक शाल रथ यात्रा में भारी संख्या में लोग सामिल होते हैं चैनपुर में रथयात्रा का इतिहास 180 साल से भी ज्यादा पुराना है । परंपरा तरीके से हर एक साल भगवान जगन्नाथ का छप्पन भोग के साथ पूजा अर्चना की जाती है एवं दूसरे दिन रथ यात्रा का आयोजन होता है तीन रथो पर भगवान को सवार किया जाता है इसमें एक रथ पर भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र बहन सुभद्रा के प्रतिमा को स्थापित कराया जाता है श्रद्धालु अनानास अनरसा जामुन आदि चीजों का प्रसाद रथ पर सवार सभी भगवान को चढ़ते हैं एक तरफ जुलूस में कीर्तन मंडली के द्वारा कीर्तन करते हुए हजारों की संख्या में गाजे-बाजे के साथ लोग रस्सी खींचकर मौसी बाड़ी पहुंचाते हैं। इधर रथ यात्रा के दौरान चैनपुर पुलिस दलबल के साथ मौके पर तैनात रहें।


# नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर थाना की पुलिस ने नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में छतरपुर थाना क्षेत्र के सिलदाग गांव निवाशी राजेंद्र भुइयां के पुत्र अर्जुन भुइयां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की अर्जुन भुइयां मार्च महीना में एक नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर फरार चल रहा था। कुछ दिन पहले वह अपने गांव में आया था। इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## जिसने भगवत कथा नही सुनी उसका मनुष्य जीवन बेकार : जीयर स्वामी



**पंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला अंतर्गत सिंगरा स्थित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ चातुर्मास कथा में जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि शास्त्रों में बताया गया है कि वेद, पुराण, उपनिषद के अध्ययन से जो लाभ होता है उससे अधिक लाभ भागवत कथा के श्रवण मात्र से होता है. मनुष्य का जीवन पाकर जिसने एक बार भी भागवत कथा का श्रवण नहीं किया, उसका मनुष्य योनि में जन्म लेना बेकार व व्यर्थ है. भागवत कथा के श्रवण का सुअवसर करोड़ों जन्मों के भाग्य व पुण्यफल के उदय होने पर मिलता है। इसीलिए हमें बार-बार और हर समय श्रवण करना चाहिये. भागवत कथा कि महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि ब्रह्मा की उत्पत्ति जल में उत्पन्न कमल पर हुई. तभी एक शब्द सुनाई दिया तपस-तपस. तब ब्रह्मा ने सौ वर्षों तक वहीं आंख बंद कर तपस्या की. फिर ब्रह्मा को भगवान् श्रीहरि विष्णु की प्रेरणा से सृष्टि रचना का आदेश मिला. ब्रह्मा जी ने सर्वप्रथम चार पुत्रों की उत्पत्ति की. सनक, सनन्दन, सनातन और सनत कुमार. ब्रह्मा ने इन्हें सृष्टि रचना की आदेश दिया. परन्तु ये चारों भी सृष्टि रचना छोड़कर तपस्या में लीन हो गए. अपने पुत्रों की इस हरकत से जब ब्रह्मा क्रोधित हुए तो उनकी भौहों से एक बालक का जन्म हुआ. यह बालक रोने लगा तो इसका नाम रुद्र रख दिया गया. पुनः ब्रह्मा ने श्रीहरि विष्णु जी की शक्ति से 10 तेजस्वी पुत्रों को जन्म दिया. उनके मुख से पुत्री वाग्देवी की उत्पत्ति हुई. फिर ब्रह्मा ने अपने शरीर के दो अंश में बांट दिए एक अंश से पुरुषरूप मनु और दूसरे से स्त्री रूप शतरूपा को जन्म दिया. सनक, सनन्दन, सनातन और सनत कुमार नाम के चार मुनियों के रूप में अवतार लिया।

# सुरक्षा और सतर्कता हेतु मॉक ड्रिल का हुआ सफल आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला स्थित आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल में रविवार को ग्रासिम इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी और प्राचार्य नुरूल हक के नेतृत्व में आपातकाल सुरक्षा हेतु मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया.मॉक ड्रिल को रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सुरक्षा टीम के निर्देशन में आयोजित किया गया था। जिसमें स्कूल की उप-प्राचार्या जेस्सी साजी मैथ्यू, सहित सभी शिक्षकगण, सेफ्टी डिपार्टमेंट से अशोक सिंह, दिवाकर विश्वकर्मा, सिक्योरिटी डिपार्टमेंट से बिपिन दीक्षित, फायर सेफ्टी से सुरेश कोप आदि अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस ड्रिल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों व स्कूल के सभी सदस्यों को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित रूप से बाहर निकालने और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। ड्रिल के क्रियान्वयन में सभी मानकों का पालन किया गया और ऐसा वातावरण निर्मित किया गया जिससे यह ड्रिल वास्तविक घटना जैसी प्रतीत हो रही थी.सभी सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए 13 मिनट के भीतर सभी छात्रों को सुरक्षित रूप से स्कूल भवन से बाहर निकालकर विद्यालय प्रांगण में एकत्रित कर लिया गया। जिसके बाद उप-प्राचार्य ने प्राचार्य को रिपोर्ट सौंपी.जिसमे सभी छात्र-छात्राओं और कर्मियों को सुरक्षित रूप से स्कूल भवन से बाहर निकल लेने की सूचना दी गई। प्राचार्य नुरुल हक ने छात्रों और शिक्षकों को सुरक्षा व आपातकाल सुरक्षा मॉक ड्रिल के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने यह विश्वास भी दिलाया कि अदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल अपने छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है और आगे भी इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगा। ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के इकाई प्रमुख हितेंद्र केशव अवस्थी ने सुरक्षा के महत्व को समझाया।

# विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्यमंत्री से की शिकायत : चंदन सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल से छूटने एवं पुनः मुख्यमंत्री बनाए जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चन्दन प्रकाश सिन्हा ने हेमंत सोरेन के रांची स्थित आवास पर मिलकर बुके देकर बधाई दिया और कहा की झारखंड मुक्ति मोर्चा के लाखों कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ सड़कों पर उतरकर लगातार आंदोलन करते रहे। सच्चाई को बहुत दिनों तक दबाया नहीं जा सकता है।माननीय उच्च न्यायालय ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। बीजेपी वालों ने सोचा था कि ऐसे डराने धमकाने से हम लोग डर जाएंगे लेकिन उन्हें शायद याद नहीं है कि हम झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिपाही हैं हम लोग मरना जानते हैं डरना नहीं जानते हैं।जनहित के मुद्दों पर हमें कोई दबा नहीं सकता और जनहित के कार्यो के लिए सत्ता चला भी जाए तो कोई परवाह नहीं है। झारखंड के आम आवाम आदिवासी मूलवासी के आवाज को कोई दवा नहीं सकता है साथ ही चन्दन प्रकाश सिन्हा ने उन्हें छतरपुर में विकास योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित शिकायत की। जिस पर मुख्यमंत्री ने सभी समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुए आवेदन के रूप में मांग किया ताकि संबंधित पदाधिकारी पर कार्रवाई की जा सके एवं नागरिक सुविधाओं को पूर्णतः बहाल किया जा सके।

## एनसीपी की टीम सूर्या विंग ने भीम चूल्हा स्थल पर की बैठक



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनसीपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक के निर्देश पर रविवार को मोहम्मदगंज स्थित पर्यटक स्थल भीम चूल्हा परिसर में युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक उर्फ हरि सिंह ने की। संचालन युवा एनसीपी के मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष संजय ठाकुर व अजीत सिंह ने संयुक्त रूप से की। बैठक में युवा एनसीपी के संगठन पर विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा के बाद प्रत्येक बूथ स्तर पर दस दस युवाओं को जोड़ने का सभी ने संकल्प लिया। बैठक में अनुमंडल अध्यक्ष हरि सिंह ने कहा कि इसकी शुरुआत मोहम्मदगंज प्रखंड से की गई है। युवा एनसीपी व टीम सूर्या के युवा कार्यकर्ता युवा प्रखंड अध्यक्ष संजय ठाकुर व वरीय कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में सभी 8 पंचायतों में क्रमवार बैठक कर इस अभियान को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। हरि सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद में शुरुआत करने के बाद मोहम्नदगंज प्रखंड में भी युवा एनसीपी की टीम सूर्या विंग कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई है। इसमें एक बूथ दस यूथ अभियान चला कर युवाओं को जोड़ने की मुहिम चलाना है। उन्होंने कहा कि आज भी एनसीपी का संगठन सभी बूथों तक काफी मजबूत है। इसे और मजबूत करने के उद्देश्य से युवाओं को जोड़ने का काम शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर दस दस युवाओं को जोड़ने के बाद विधायक कमलेश कुमार सिंह व युवा नेता सूर्या सिंह की मौजूदगी में सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में बैठक में अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह उर्फ हरी सिंह, मोहम्मदगंज युवा प्रखंड अध्यक्ष संजय ठाकुर, अजीत सिंह, हैदरनगर युवा प्रखंड अध्यक्ष रविरंजन सिंह, सिकंदर रजवार, नगीना सिंह, शुभम सिंह, गुड्डू चौधरी, राजेश मेहता, अभिषेक सिंह, पंकज सिंह, प्रमोद रजवार, कन्हाई मेहता, ज्योतिष मालाकार, संजू विश्वकर्मा, रंजीत शर्मा, अनिल मेहता, कौशल सिंह, बबलू सिंह, मिथुन सिंह, रजनीश सिंह, गुड्डू पाल गोरख पासवान, मनु सिंह, अजय चंद्रवंशी, पवन प्रजापति, अंगद कुमार आदि मौजूद थे।

## आदर्श ग्राम भंडार में रास्ता बना नाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** पलामू जिले के बिश्रामपुर प्रखंड स्थित ग्राम भंडार में ज्यादातर लोग आम रास्ता को अतिक्रमण कर अपना घर का पानी रास्ते पर छोड़ देते हैं। एवं आम रास्ता में अपना घर मकान बनाकर अपना घर का पशु रास्ते पर ही बांधते हैं, जिससे भंडार ग्राम के ग्रामीण को रास्ते में चलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, अगर भंडार पंचायत की बात की जाय तो भंडार पंचायत आदर्श ग्राम मैं चयनित है तभी विकास यहां का कोसों दूर है, इस पंचायत का प्रतिनिधि को इससे कोई लेना देना नहीं जहां सरकार की ओर से स्वच्छता मिशन जैसा अनेको कार्यक्रम चलाया जा रहा है, वही इस ग्राम की स्थिति देखने योग्य है इस ग्राम के लिए सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो, ग्रामीण जनता को आने वाले समय में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

## छठन राम के श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर रविदास विकास समिति ने पत्नी को किया सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के मायापुर निवासी छठन राम के आकस्मिक निधन हो गया था। उनकी श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम मे रविदास विकास समिति के अध्यक्ष रामगोविंद राम शिक्षक, संरक्षक जुदागीर राम शिक्षक, सचिव कृष्णा कुमार रवि, विजय कुमार रवि, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार - विनय कुमार, पंचायात समिति सदस्य शत्रुधन साव ने चित्रों पर पुष्प अर्पित किया। मौके मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के अनिल कुमार शिक्षक व पंचायत समिति सदस्य शत्रुधन साव मौजूद थे। कार्यक्रम बौद्ध पद्धति से एक दिवसीय आयोजन किया गया। बौद्धाचार्य समाज सेवी अजय कुमार व शिक्षक लल्लू राम ने संपन्न कराया। वही पर रविदास विकास समिति के अध्यक्ष श्री रामगोविंद राम शिक्षक ने कहा कि एक दिवसीय व बौद्ध पद्धति से कराने पर बल दिया और उन्होंने यह भी बताया कि श्राद्ध कार्यक्रम एक मनुवादी व्यवस्था से दूर कर श्रद्धांजलि मे बदलाव करने की बात कहा। रविदास विकास समिति ने उनकी पत्नी के नगद दो हजार रुपये नगद सहानुभूति प्रदान किया। मौके पर बासुदेव राम शिक्षक, समाज सेवी उमेश कुमार, उपेंद्र कुमार, अनिल राम, सुनील कुमार नीरज, अनिल कुमार शिक्षक समेत जन प्रतिनिधि के काफी संख्या मे महिलाये मौजूद थे।

# डीटीओ ने अवैध परिवहन के खिलाफ चलाया अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा पड़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध परिवहन को लेकर वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया गया, इस दौरान कुल 6 वाहनों को जब्त किया गया एवं दो वाहनो का ऑनलाइन चालान किया गया जिसे पड़वा थाना परिसर में जब्त कर रखा गया एवं सभी वाहनो पर दंड शुल्क लगाया गया। इन वाहनो पर कोयला, डस्ट, क्लिंकर आदि लोड थे।जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहन के खिलाफ निरंतर जारी रहेगा। इस अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी के अलावा कार्यालय कर्मी मौजूद रहे।

## रेड़मा चौक पर प्रतिदिन लग रहा जाम, राहगीर परेशान



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के रेड़मा चौक पर प्रतिदिन सड़क जाम की समस्या से लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वही सड़क पर वाहन से चलने वालो को भी परेशानी हो रही है। इस जाम को हटाने में ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी व जवान दिन भर परेशान रहते है। इसके बाद भी जाम की समस्या बना ही रहता है।जाम लगने का मुख्य कारण अतिक्रमण है। सड़कों के दोनों तरफ फुटपाथ पर छोटे-छोटे दुकानदार अपनी दुकानें लगा देते हैं। ठेले वाले कहीं पर भी खड़े हो जाते हैं।वही सड़क पर आड़े तिरछे खड़े वाहन जाम का मुख्य कारण बन रहे है।इस कारण लोगों को दस मिनट के रास्ते आधा घंटे में तय करना पड़ रहा है।वही शहर के पंजाब नेशनल बैंक रोड में तो स्थानीय दुकानदारों ने लगभग पूरे सड़क पर ही अपना कब्जा जमा लिया है।शहर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। सड़क किनारे जगह जगह दुकान और फुटपाथी दुकानदारों ने अपना कब्जा जमा लिया है जिससे सड़क छोटी हो गई है। इससे आए दिन सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है।बाजार के अधिकतर दुकानदार अपनी दुकान की सीमा से बाहर भी सामान रखे रहते हैं।जिसका खामियाजा आमजनों को भुगतना पड़ रहा है। इससे सड़कों पर पैदल चलने वाले फुटपाथ पर पैर रखने की जगह नहीं बची है। शहर के छह मुहान चौक से सटे फुटकर दुकानदारों के अतिक्रमण करने से सड़क सिकुड़कर छोटी हो गई है। थाना परिसर के आसपास भी अतिक्रमण कर दुकान लगाई जा रही है।वही के बीचो-बीच डिवाइडर लगने की वजह से लोगों को और भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। **क्या कहते है ट्रैफिक प्रभारी :** ट्रैफिक जाम की समस्या पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि शहर में दिन प्रतिदिन वाहनों की संख्या बढ़ रही है परंतु सड़क का चौड़ी करण नही होने के कारण प्रतिदिन शहर में जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। पहले की अपेक्षा अब शहर में डीजल ऑटो टोटो ऑटो रिक्शा की संख्या बढ़ गई है।जहां तहां लोग ऑटो रिक्शा को लगाकर सड़क को जाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन ऑटो चालकों को सड़क जाम नही करने की सलाह दी जाती है इसके बाद भी ऑटो चालक सड़क को जाम रखते है। उन्होंने कहा की जल्द ही शहर को जाम से मुक्त कराया जाएगा और ऑटो चालकों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# साप्ताहिक सत्संग का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा सत्संग उपासना केंद्र के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि,शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक नाम-जप, ध्यान, सत्यानु शरण ग्रंथ व नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया। संगीताजली कार्यक्रम में ऋ त्विक धृतिसुन्दर लाल, अखिलेश प्रसाद, गीता देवी, सत्यवंती देवी ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी सभी जीवों की रक्षा करते हैं। उन्होंने सात्वति पत्रिका के माध्यम से श्री श्री ठाकुर जी से जुड़ी प्रेरक प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रसंग से स्पष्ट होता है कि श्री श्री ठाकुर जी प्रेममय हैं, वे ईश्वर हैं। सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने कहा कि मानव को अपने गुरु के प्रति समर्पित होना चाहिये। मानव को गुरुमुखी होना चाहिये। गुरु के आदेशों का पालन करने में सबसे बड़ा आनन्द है।सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि ईश्वर पर विश्वास कर यदि कोई सुकार्य किया जाय तो वह कार्य सफल हो जाता है। मीरा बाई की जीवन वृत पर चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि मीरा बाई को अपने आराध्य श्री कृष्ण पर विश्वास था, इसलिये उन्होंने बिष को भी पी लिया, वह बिष भी अमृत हो गया।उन्होंने कहा कि यही है ईश्वर के नाम का प्रभाव। उन्होंने कहा कि ईश्वर का नाम लेकर तथा विश्वास कर कोई कार्य किया जाय तो वह सरल हो जाता है। सत्संगी गीता देवी ने सत्संग आश्रम देवघर के वर्तमान आचार्य के द्वारा दिये गये एवं पालन करने वाला निर्देश बताते हुये कहा कि अपने गुरु का आदेश पालन करना ही सर्व प्रथम हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने नारी शक्ति की महानता पर विशेष चर्चा किया।उन्होंने कहा कि नारी ही अपने परिवार व परिवेश को सुदृढ़ बनाती है। सत्संग में पप्पू जायसवाल, संजय दा, अजय दा, श्रवण शर्मा, अनिल प्रसाद, श्रीकांत लाल, मोहित कुमार, धृतिदीप्त, रिशु कुमार, राजकुमार, प्रभा देवी, रामा देवी, उर्मिला देवी, प्रमिला देवी, आकांक्षा, दीपमाला, मधु, संगीता, निर्मला जायसवाल, सुजय,विजय सहित अन्य सत्संगी वृन्द उपस्थित थे।

# फोर्टिस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** नौगढ़ा फोर्टिस मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा रविवार को स्थानीय मध्य विद्यालय प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमे 200 मरीजों का जांच और उपचार मुफ्त किया गया। स्वस्थ शिविर में अस्पताल के पांच चिकित्सक फिजिशियन अभिनव कुंज, फिजिशियन विनीत रंजन, फिजिशियन एस.के गिरी, बाल रोग विशेषज्ञ गोस्वामी तथा महिला रोग विशेषज्ञ डॉ किशा सहित पूरी टीम ने भाग लिया। ग्रामीणों को जांच व उपचार के अलावा चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। साथ हीं निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। इसके लिए शिविर में जांच,इलाज और परामर्श के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। इसके पूर्व स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन श्री सत्य साइन एजुकेशनल ट्रस्ट सह फोर्टिस मल्टीस्पेशलिटी होस्पीटल के चेयरमैन नीतिश पाठक, समाजसेवी प्रवीण मिश्रा,अविनाश पाठक व संस्थान के निदेशक प्रेम पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। श्री सत्य साइन एजुकेशनल ट्रस्ट सह अस्पताल के चेयरमैन नीतिश पाठक ने कहा शिविर का आयोजन नियमित ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाता रहेगा। पूर्व में भी सभी रोग के स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की टीम बुलाकर शिविर लगाया जाता रहा है.वैसे लोग जो शिविर में भाग नहीं ले सके उन्हें फोर्टिस मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी.समाजसेवी प्रवीण मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित अस्पताल का होना अपने आप में गर्व की बात है.मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## शिविर का आयोजन कर आध्यात्मिक चरित्र निर्माण तनाव मुक्त प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय, चौधरी बगान, हरमू रोड के तत्वावधान में मौसीवाड़ी धूर्वा के पास रथ मेले के अवसर पर आध्यात्मिक चरित्र निर्माण तनाव मुक्त प्रदर्शनी का आयोजन शिविर लगाकर किया गया। शिविर में आये लोगों को प्रदर्शनी के ज्ञान के साथ-साथ ईश्वरीय संस्थान के सेवा केन्द्र हरमू रोड में आकर निःशुल्क राजयोग का साप्ताहिक सत्र में हिस्सा लेने का सुअवसर भी प्राप्त हुआ। राजयोग द्वारा गुटखा, तम्बाकू शराब छोड़ने, व्यसन मुक्त बनने व तनाव रहित जीवन जीने की कला सीखने का लाभ सभी को मिला। परमात्मा के साकार र्थ भगीरथ ब्रह्मा का परिचय भी सभी को मिला।

## जिला खेल पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक 18 को

**रांची :** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव ने सभी जिला खेल पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक 18 जुलाई को बुलाई है। बैठक में खेल निदेशक, पर्यटन निदेशक और सांस्कृतिक निदेशक भी शामिल रहेंगे। इस बैठक में 12 बिंदुओं पर समीक्षा की जायेगी। इनमें स्वीकृत, निर्मित प्रखंड स्तरीय स्टेडियम की डिटेल रिपोर्ट, जहां रिपेयरिंग, रेनोवेशन की जरूरत हो उससे जुड़ा प्रस्ताव, सिदो कान्हू युवा क्लब निबंधन की अद्यतन स्थिति, जहां जहां प्रखंड स्तरीय स्टेडियम नहीं है, उसके प्रस्ताव की समीक्षा की जायेगी। इस संबंध में विभाग ने पत्र जारी किया है। पत्र में विभागीय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा एवं योजनाओं के कार्यान्वयन को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सचिव, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखंड की अध्यक्षता में प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार (अवकाश की स्थिति में अगले दिन) को सुबह 11:30 बजे समीक्षात्मक बैठक करने को कहा गया है।

# पुलिस ने गांजा तस्कर गिरोह का किया पर्दाफाश, 4 को दबोचा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अवैध शराब, आग्नेयास्त्र एवं मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए पुलिस की एक टीम गठित किया गया है। । रात्री करीब 10.05 बजे चुन्ना भठ्ठा चौक, मछली गली, थाना सुखदेवनगर जिला राँची के पास कुछ लोगो के द्वारा बलांगीर, उडिसा से प्रतिबंधित नशीला पदार्थ गाँजा को रांची लाकर अवैध रूप से खरीद बिक्री करने के लिये घर पर रखे हुए है का सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त उक्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक नगर राँची राजकुमार मेहता के नियंत्रण में उक्त स्थल पर प्रकाश सोय, पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली, राँची के नेतृत्व में चुन्ना




भष्ठा चौक मछली गली, थाना सुखदवनगर जिला राँची स्थित राजेश शर्मा के मकान में किरायेदार के घर पर छापामारी की गयी, जिसमें पकड़ाये व्यक्ति अनुराग राय उर्फ अनुराग यादव, सहेदाबाद, वार्ड नंबर 10, थाना राघोपुर जिला वैशाली, धीरज कुमार उर्फ ब्रिन्द कुमार, पता नया टोला, राघोपुर, थाना बख्तियारपुर, जिला पटना, बिहार, जीतवाहन स्वांसी, परासी, थाना तमाड़ जिला राँची और अमित स्वांसी, पुण्डीदिरी, थाना तमाड़ जिला राँची सभी वर्तमान पता चुन्ना भठ्ठा चौक स्थित मधली गली, स्थित राजेश शर्मा के मकान ने किरायेदार, थाना सुखदेवनगर जिला राँची के किराये के मकान से एक झोला मे रखा हुआ कुल 10 पैकेट प्रतिबंधित नशीला पदार्थ गांजा, एक काला रंग की टीवीएस जुपिटर स्कुटी जिसका रजिस्ट्रेशन सख्या - जेएच01डीजेड 8257 एवं सभी अभियुक्तो के पास से मोबाईल बरामद किया गया है जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त कर उपरोक्त चारों अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध मे सुखदेवनगर थाना एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत दर्ज कर अनुसंधान की जा रही है।

छापामारी में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का नामः प्रकाश सोय, पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली, मनोज कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी, सुखदेवनगर थाना, सहाबीर उराँव, पुअनि सुखदेवनगर थाना , प्रदीप सवैया, पुअनि, सुखदेवनगर थाना, आरक्षी 1818 मुन्ना लाल गुप्ता आदि शामिल थे।

# दस दिनों तक चलने वाला जगन्नाथ रथ मेला शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** दस दिनों तक चलने वाला झारखंड का ऐतिहासिक रथ मेला विधिवत तरीके से रविवार से शुरू हो गया है। धुर्वा स्थित भगवान श्री जगन्नाथ की मंदिर और इसके चारों ओर भव्य आयोजन किया गया है। इसमें शामिल होने के लिए राज्य भर से श्रद्धालु पहुंचने लगे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन , राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विधायक कल्पना सोरेन सभी भगवान श्री जगन्नाथ का रथ यात्रा में शामिल हुए मात्था टेका साढ़े तीन बजे पूजा अर्चना की। और पांच बजे रात यात्रा निकाली गई। इस वर्ष भगवान जगन्नाथ की यात्रा दो दिन 7 और 8 जुलाई को निकाली जाएगी। ज्योतिषाचार्य के अनुसार इस साल आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की तिथियां घट गई हैं, जिसके कारण यात्रा से पहले की जाने वाली पूजा 7 जुलाई की शाम तक की जाएगी।



इतिहासकार का कहना है कि रथ यात्रा की तिथि में बदलाव नहीं किया जा सकता, इसीलिए 7 जुलाई को श्रृंगार और नेत्र उत्सव के बाद रथ यात्रा से जुड़ी पूजा शुरू होगी। बताया जा रहा है कि यह पहली बार नहीं है जब भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा दो दिनों की निकाली जाने वाली है। 1971 में भी ऐसा ही हुआ था, जब तिथियों में कमी के कारण रथ यात्रा में देरी हुई थी और शाम को रथ खींचे गए थे। वहीं सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए गए हैं । जगह-जगह पुलिस बैरिकैडिंग किया गया है और महिला , पुरुष दोनों जवानों को तैनात किया गया है। सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, कंट्रोल रूम से भी मॉनिटरिंग किया जा रही है, ट्रैफिक रूट में भी बदलाव किए गए हैं।

## रांची : पासवा का पर्यावरण जागरुकता सप्ताह आज से

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पासवा आठ जुलाई से पर्यावरण जागरूकता सप्ताह की शुरुआत करेगा। यह जागरूकता 13 जुलाई तक चलेगा। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया कि अभियान की शुरुआत झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पौधा लगाकर करेंगे। दुबे ने रविवार को कहा कि अगर ग्लोबल वार्मिंग की यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में पारा 50 से 60 डिग्री तक पहुंच जाएगा। पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा झारखंड के सभी निजी विद्यालय के बच्चे, शिक्षक और उनके अभिभावक अपने-अपने घरों एवं कॉलोनी में जहां कहीं भी खाली स्थान होंगे पौधरोपण करेंगे और सेल्फी अपलोड कर पूरे राज्य के लोगों को पर्यावरण जागरूकता का संदेश देंगे। पासवा के नेतृत्व में निजी विद्यालय सोमवार से इसकी व्यापक शुभारंभ करेंगे। पासवा प्रदेश महासचिव डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा झारखंड के 47 हजार निजी विद्यालय पासवा के नेतृत्व में आठ जुलाई से पौधा लगाकर वृक्षारोपण तो करेंगे ही ,वृक्ष के सुरक्षा की भी जिम्मेदारी लेंगे। पासवा के प्रदेश महासचिव नीरज कुमार ने बताया कि पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत झारखंड के निजी विद्यालयों को अपने अपने विद्यालय परिसर में 08 जुलाई 2024 को अपने अपने विद्यालय में अपने बच्चों और शिक्षकों के साथ वृक्षारोपण करेंगे और हैश टैग पौधा लगाओ पर्यावरण बचाओ के साथ इसकी सेल्फी अपलोड करेंगे और समाज को पर्यावरण जागरूकता का संदेश देंगे।

## माही के घर के बाहर प्रशंसकों ने मनाया जन्मदिन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का रविवार को 43वां जन्मदिन है। इस खास मौके पर देशभर में उनके प्रशंसक उनका बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। राजधानी रांची में भी प्रशंसकों ने कैप्टन कूल माही का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। प्रशंसकों ने सिमलिया स्थित धोनी के घर के बाहर केक काटा और कट आउट पोस्टर पर उनको केक खिलाया। धोनी के प्रशंसक सुबोध कुशवाहा और कुश्माही एकेडमी के कोच बच्चों के साथ पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि आज माही का 43वां जन्मदिन है। उनके जन्मदिन पर हम कामना करते हैं कि वह हमेशा खुश रहें और आगे भी क्रिकेट खेलते रहे। अहमदाबाद से आये एक प्रशंसक ने कहा कि वह सिर्फ धोनी




को देखने और उनका जन्मदिन मनाने अहमदाबाद से रांची आये हैं लेकिन उन्हें अफसोस है कि धोनी से मुलाकात नहीं हो पायेगी। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस बार नहीं तो अगली बार जरूर उनसे मुलाकात होगी। सात जुलाई, 1981 को धोनी का जन्म तत्कालीन बिहार के रांची में हुआ। भारत ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2007 का टी-20 वर्ल्ड कप, 2011 का वनडे वर्ल्ड कप और 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम किया। साथ ही धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया टेस्ट फॉर्मेट में नंबर-1 बनी। धोनी ने 15 अगस्त, 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। हालांकि, उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में खेलना जारी रखा।

## झारखण्ड राज्य लेखा लिपिकों का प्रथम राज्य स्तरीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखंड राज्य लेखा लिपिक संघ का प्रथम राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन मे रांची के अलावा झारखंड के विभिन्न जिलों के सभी कार्य विभाग के लेखा लिपिक ने भारी संख्या में भाग लिया।

सम्मेलन की अध्यक्षता अविनाश कुमार मिश्र ने किया सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग के पदाधिकारी सह झारखंड लेखा पदाधिकारी /लेखाकार संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र, महासचिव सतीश चंद्र दास, झारखंड राज्य राजपत्रित कर्मचारी महासंघ के संरक्षक नवीन चौधरी, अरविंद कुमार, मीडिया प्रभारी शिवानंद, डिप्लोमा अभियंता संघ के महामंत्री कुमार बृजेश,सीडेक के तकनीकी पदाधिकारी महावीर तिर्की, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड के अवर सचिव राजीव कुमार चौधरी, उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड के प्रशाखा पदाधिकारी संजय कुमार,महाधिवक्ता कार्यालय के सहायक प्रशाखा अधिकारी राजशेखर सहित अलग-अलग वक्ताओं ने कार्य विभाग के अलग-अलग समस्याओं के अलावा संगठनतात्मक एकजुटता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में 35 सदस्य राज्य कमेटी का गठन किया गया। सम्मेलन में झारखंड सरकार से कई बिंदुओं पर मांग संबंधी प्रस्ताव पारित भी कराया गया।

# रांची में हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी की मैकलुस्कीगंज थाना पुलिस ने हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम सहजाद अंसारी उर्फ सोनू है। वह मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ आजाद नगर का रहने वाला है।

इसके पास से एक अवैध देशी पिस्तौल, एक छोटी कैंची और चार हजार चालीस रुपये बरामद किया गया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा



ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक अपराधी अवैध हथियार के साथ खलारी बाजार टांड में घूम रहा है और किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के बाद खलारी डीएसपी आरएन चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को मुकेश पान गुमटी के पास संदिग्ध हालात में बैठा हुआ देखा। पकड़कर उसकी तलाशी ली गई तो, उसके पास से हथियार बरामद किया गया। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी खलारी थाना में डकैती, आर्म्स एक्ट, गृहभेदन तथा अनगड़ा थाना में अपराध की योजना बनाते हथियार के साथ गिरफ्तारी से संबंधित केस में पूर्व से आरोपित है।

## हरिओम टावर से कूदकर मारवाड़ी कॉलेज के छात्र ने की आत्महत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** लालपुर थाना क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित हरिओम टावर से छलांग लगाकर शनिवार देर रात एक छात्र अंकित ने आत्महत्या कर ली। लातेहार जिले का रहने वाला अंकित रांची के मारवाड़ी कॉलेज में बीकॉम की पढ़ाई कर रहा था। वह रांची के पंडरा इलाके में रहता था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

**सुसाइड नोट में लिखा-अब कोई रास्ता नहीं बचा:** अंकित की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार, सुसाइड नोट में बहुत कुछ स्पष्ट तो नहीं है, लेकिन इतना जरूर लिखा है कि वह काफी दिनों से परेशान चल रहा था और अब उसके पास कोई रास्ता नहीं बचा है। उसने सुसाइड नोट में यह भी लिखा है कि उसकी आत्महत्या के लिए कोई



जिम्मेदार नहीं है। उसने परिवार वालों को अच्छे से रहने और दादी का ख्याल रखने को कहा है। हरिओम टावर के गार्ड ने बताया कि टावर की सभी दुकानें लगभग बंद थीं, उसी दौरान कुछ गिरने की तेज आवाज आई। जाकर देखा तो जमीन पर एक युवक पड़ा था, जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। सुसाइड नोट में अपने परिवार के मोबाइल नंबर का उल्लेख था, जिसके माध्यम से पुलिस ने संपर्क कर घटना की सूचना परिजनों को दी।अंकित के पिता पेशे से ड्राइवर हैं।

## रांची : दीवार से टकराई थाने की जीप, तीन पुलिसकर्मी घायल



**घायलों में ड्राइवर अशोक उरांव, जमादार उदयकांत और एक अन्य जवान शामिल हैं। सभी को रिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के चाचा पराठा के पास शनिवार देर रात करीब दो बजे बरियातू थाना की पुलिस जीप अनियंत्रित होकर दीवार से जा टकरायी। हादसे में ड्राइवर सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। घायलों में ड्राइवर अशोक उरांव, जमादार उदयकांत और एक अन्य जवान शामिल हैं। सभी को रिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## आयुक्त मनरेगा कर्मियों की समस्याओं को लेकर करेंगी बैठक

**रांची :** राज्य के मनरेगा कर्मियों की लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर सोमवार को मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी समीक्षा बैठक करेंगी। ग्रामीण विकास विभाग में इस संबंध में विभाग के पदाधिकारी के अलावा झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया है। संघ के उपाध्यक्ष महेश सोरेन ने बताया कि सेवा नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर बैठक में अपनी बातें रखेंगे।

# राजभवन के समक्ष धरना दे रहे अभ्यर्थियों से नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जेएसएससी पीजीटी परीक्षा में हुए धांधली के जांच के मांग एवं श्रेया डिजिटल, बोकारो एवं शिवा इंफोटेक परीक्षा केंद्र के सफल अभ्यर्थियों के जांच की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष धरना दे रहे अभ्यर्थियों से रविवार को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, रांची विधायक सी पी सिंह,कांके विधायक समरी लाल, राजमहल विधायक अनंत ओझा एवं गोड्डा विधायक अमित मंडल ने मुलाकात की एवं उनके विषय को विस्तार से जाना। मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर



कुमार बाउरी ने कहा कि जेएसएससी पीजीटी मामले में कई गड़बड़ियां सामने आई है जिस तरह से अभ्यर्थियों ने अपने साथ हो रहे अन्याय के पुख्ता प्रमाण दिखाएं है, उससे लगता है कि झारखंड सरकार ने सफल अभ्यर्थियों से पैसे लेकर नौकरी बेचने का काम किया है। सरकार को चाहिए कि जब सीबीआई पहले से ही नियुक्ति घोटाले मामले पर अपनी जांच कर रही है तो इस मामले की जांच भी एक साथ करवा दें।रांची के विधायक सी पी सिंह ने कहा कि जिस तरह से छात्रों ने प्रमाण पेश किए हैं उसे लगता है की झारखंड के पांच सेंटर से ही अभ्यर्थी सफल हुए हैं जिस कंपनी को परीक्षा करवाने का टेंडर दिया गया वह कंपनी पहले से ही ब्लैक लिस्टेड है, बावजूद इसके फिर से उसी कंपनी से परीक्षा करवाने पर भी सरकार के ऊपर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# संजय सेठ ने निर्माणाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार संजय सेठ ने रातु रोड में नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान रांची के विधायक सीपी सिंह सहित एनएचएआई के सभी वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। मंत्री सेठ ने अधिकारियों से 15 नवंबर तक काम पूर्ण करने को कहा ताकि 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर झारखंड का पहला एलिवेटेड कॉरिडोर रांची की जनता को समर्पित किया जा सके। मंत्री सेठ ने कहा काम की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है और 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती भी है।

ऐसे महान विभूति के जयंती पर इस कॉरिडोर का उद्घाटन हो इससे बड़ा सौभाग्य और क्या हो सकता है। मंत्री ने कहा बच्चों को खेलने के लिए कहीं मैदान नहीं बचा है। कॉरिडोर के नीचे 31 मीटर का स्पेस है। इस स्पेन में बच्चों को



खेलने की व्यवस्था रात्रि 9 से 11 के बीच सुनिश्चित करें। रविवार को पूरे दिन यह सुविधा हो। खेल का आयोजन ओलंपिक संघ के देखरेख में होगा बच्चे वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कैरम, इंडोर गेम सुविधा अनुसार दोनों तरफ नेट लगाकर अन्य खेलों का आयोजन हो सके। झारखंड पूरे देश को एक प्रेरणा दे सके ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें । फ्लाई ओवर के ऊपर और नीचे सोहराय पेंटिंग एवं ट्राईबल पेंटिंग की जाए ,पिलर पर हैंगिंग गार्डन का निर्माण करें। फ्लाई ओवर के ऊपर लाइट की व्यवस्था और नीचे कलरफुल लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करें।जहां-जहां आबादी अधिक है, वहां कट की व्यवस्था सुनिश्चित करें और जहां मार्केट है और पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, वहां पर पार्किंग के लिए जगह छोड़े।

# जिलों में तैनात 10 एसआई का विशेष शाखा में तबादला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के जिलों में तैनात 10 एसआई का तबादला विशेष शाखा किया गया है। डीजीपी के आदेश पर डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। विशेष शाखा के अनुरोध पर यह तबादला किया गया है। इसमें बोकारो जिलाबल में तैनात एसआई अशोक कुमार सिंह, प्रदुम्न सिन्हा, रांची जिलाबल में तैनात एसआई अभय कुमार ओझा, बंधन तिर्की, सुनील कुमार, जमशेदपुर जिलाबल में तैनात एसआई जीतवाहन महतो, विराज हेंब्रम, धनबाद जिलाबल में तैनात एसआई रणवीर कुमार सिंह, सुक्का उरांव और साहेबगंज




जिलाबल में तैनात अनिल उरांव का तबादला विशेष शाखा रांची किया गया है। संबंधित एसएसपी ओर एसपी को अविलम्ब विरमित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अनुपालन प्रतिवेदन भी मांगा गया है।

## भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा पूजा महोत्सव का आयोजन



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा पूजा महोत्सव का आयोजन 94 बटा के0रि0पु0बल खूँटी के प्रांगण में किया गया। जिसके अवसर पर वाहिनी पुरोहित अमन पांण्डे एवं कौशल पांण्डे के भव्य मंत्रोच्चार से वाहिनी का प्रांगण भक्ति में लीन हो गया। इसी क्रम में वाहिनी प्रांगण में विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें वाहिनी के जवान एवं उनके परिवार जन सहित आम नागरिक भी सम्मिलित हुए। भण्डारा के उपरांत कैम्पस परिसर से रथ यात्रा बाजारटाण्ड, भगत सिंह चौक, नेताजी चौक से होते हुए दुर्गा मंदिर पहुँची। मंदिर मे 10 दिनों तक भगवान विराजमान रहेगे। भण्डारा एवं रथ यात्रा में स्थानीय लोगो द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया। जगन्नाथ रथ यात्रा पुजा महोत्सव के शुभ अवसर पर . पुष्कर भारद्वाज- द्वितीय कमान अधिकारी 94 बटा अंजन कुमार मण्डल-उप कमांण्डेंट 94 बटा.डॉ. विनय कुमार यादव- चिकित्सा अधिकारी, वरूण कुमार रजक एस.डी.पी.ओ-खूंटी के साथ 94 बटा0 के अन्य अधिकारी गण व जवान तथा सिविलन की पूर्ण सहभगिता के साथ रथ यात्रा को सफल बनाया गया।

## मध्य विधालय टाटीसिल्वे में वृक्षारोपण किया गया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिशन बदलाव सामाजिक संगठन के द्वारा राज्यकृत मध्य विद्यालय टाटीसिलवे ,नामकोम, राँची के परिसर मे वृक्षारोपण किया गया । भास्कर कुमार अधिवक्ता सह कोर कमिटी सदस्य ने कहा की विकास कार्यो के कारण और लोगो मे जागरूकता की कमी से हमारे वृक्ष कम हो रहे है, जिससे हमारे



पर्यावरण को काफी नुकसान हुआ है और उसकी भरपाई एक समृद्ध मार्ग वृक्षारोपण है । वरीय सदस्य शशि मुंडा ने कहा कि वृक्ष के कारण ही आज मानव का अस्तित्व है, इसे महत्व को हर नागरिक को समझना होगा । मनीष नायक, सदस्य रांची टीम ने कहा की चाहे कितनी भी बाधाये आये संपूर्ण छेत्र मे वृक्षारोपण होगा । राजकमल भुट्कुमा, सदस्य रांची ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला । इस एतिहासिक कार्य मे अनिल कुमार, सदस्य रांची के द्वारा पर्यावरण की महत्व से बेहतर समाज निर्माण की बात बच्चों को बताए । विद्यालय प्रधानाध्यापिका रीना महतो ने बच्चों को वृक्षारोपण के महत्व को समझाया । इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक गण एवम मिशन बदलाव के युवा सदस्य लखिन्द् महतो, अरविंद महतो, जय मेहता, प्रेम महतो, अजीत महतो और राजा महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जन्मदिन 6 जुलाई को हर साल मनाई जाती है ,और उनका जन्मदिन हर बार समाज के लिए संदेश होता है,जिसमे।समाज के भले के लिए कई कार्यक्रम होते हैं,इस वर्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के निर्वाण दिवस 23 जून से।लेकर उनके जन्म जयंती 6 जुलाई एक पखवाड़ा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सभी को एक एक पेड़ मां के नाम लगाना और लगवाना था ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे साथ ही जल श्रोतों की सफाई भी करना था इसी क्रम में नामकुम खिजरी के जलेश्वर महादेव मंदिर स्थित तालाब की सफाई की गई,मंदिर में पूजा के बाद और घरों के पूजा के बाद अवशेष पदार्थ तालाब मे फेंक दिया जाता है जिससे तालाब गंदा हो गया,आज पंचायत के प्रभारी प्रकाश लिंडा,सह प्रभारी श्रीमती उर्मिला देवी और अरुणा देवी के नेतृत्व में यह सफाई अभियान चलाया गया,इस सफाई में मुख्य रूप से भाजपा का प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती आरती कुजूर जी उपस्थित थी द्य कार्यक्रम में आरती कुजूर,प्रकाश लिंडा,अरुणा देवी,उर्मिला देवी,अमित कच्छप,मुकेश तिर्की,रुक्मिणी देवी,लक्ष्मी केरकेट्टा,तेतरी कच्छप,सुमन कच्छप,रोहित कच्छप,आयुष लकड़ा सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

## नागपुर में होने वाले कार्यशाला में पिपरवार से रविंद्रनाथ सिंह होंगे शामिल

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रमिक संगठन जनता मजदुर संघ के केन्द्रीय सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविन्द्रनाथ सिंह नागपूर के महाराष्ट्र में होने वाले एक दिवसीय कार्यशाला में पिपरवार क्षेत्र से आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल होगें।जानकारी के अनुसार डीजीएमएस भारत सरकार के द्वारा 8 जुलाई को महाराष्ट नागपूर मे कोयला खनन उधोग मे व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व वर्तमान चुनौतियो और उपाय विषय पर एक दिवसीय कार्याशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे आमांत्रित सदस्य के



रूप मे पिपरवार से जनता मजदुर संघ के केन्द्रीय सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविन्द्रनाथ सिंह शामिल होगे।रविवार की शाम रविन्द्रनाथ सिंह पिपरवार से महाराष्ट्र के लिए रवाना हुए।इस संबंध मे रविन्द्रनाथ सिंह ने कहा कि डीजीएमएस भारत सरकार के द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में कोयला उद्योग में कार्य करने वाले असंगठित मजदूरों की समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाने का काम करेंगे। कोयला खनन से जुड़े मजदूरों की सुरक्षा सहित अन्य समस्याओं को कार्यशाला के माध्यम से वरीय अधिकारियों से अवगत कराया जाएगा।उन्होंने कहा कि मजदूरों की सुरक्षा और कोयला खदान में सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराने की बातों को भी उठाया जाएगा।

# पिपरवार के पुरनाडीह मे मिला सीसीएल कर्मचारी का शव

## मृतक सोहरा गंझु पुरनाडीह परियोजना मे करता था काम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार थाना क्षेत्र के पुरनाडीह मे रविवार की सुबह एक सीसीएल कर्मचारी का शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई।शव की पहचान खलारी थाना क्षेत्र के जेहलीटांड़ निवासी सीसीएल कर्मचारी 45 वर्षीय सोहरा गंझू के रूप मे की गई है।वह पूर्णाडीह परियोजना में केबल मैन केटेगरी एक के पद पर कार्यरत था।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह कुछ ग्रामीणों ने पुरनाडीह में एक शव को देखा,इसके बाद इसकी सूचना स्थानीय पिपरवार पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा सशस्त्र बल के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी



दी।जिसके बाद आसपास के ग्रामीणों की मदद से शव की पहचान कराई गई।इधर सूचना पाकर पुरनाडीह प्रबधंन भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सोहरा गंझु की शादी नही हुई थी।वह जेहलीटांड़ मे रहता था।पुरनाडीह मे उनका संदेहस्पद स्थिति मे शव मिलने के बाद कई तरह की चर्चा हो रही है। इधर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि सीसीएल कर्मचारी की मौत कैसे हुई है इसको लेकर जांच की जारी है।जल्द ही पुरे मामले का खुलासा किया जाएगा।पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्ट्रमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है।पुलिस के द्वारा थाना में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## पिपरवार के बिलारी गांव मे रथ यात्रा के मौके पर किया गया वृक्षारोपण

# महिला व पुरुष ग्रामीणो ने पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार थाना क्षेत्र के ग्राम बिलारी के महिला और पुरूष ग्रामीणो ने अनोखी पहल करते हुए रथ यात्रा के अवसर पर वृक्षारोपण किया।महिला और पुरुष ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ गांव का भ्रमण कर रथ यात्रा के अवसर पर वृक्षारोपण किया और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर बिलारी गांव में जन सहयोग से निर्मित तालाब का भी उद्घाटन किया गया।इस मौके पर तालाब के चारों ओर वृक्षारोपण किया गया।साथ ही आसपास के लोगों को भी पर्यावरण की रक्षा करने का संदेश देने का काम किया गया।इस संबंध मे ग्रामीणों ने बताया कि



बिलारी गांव के ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से तालाब का निर्माण कराया गया है।गांव की महिलाएं घर-घर जाकर तालाब निर्माण के लिए सभी से सहयोग राशि लिया था।आज रथ यात्रा के पावन अवसर पर तालाब का उद्घाटन किया गया साथ ही पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षारोपण किया गया।ग्रामीण द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए यह एक बेहतर प्रयास है।इस मौके पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के अन्य लोगों से भी पर्यावरण की रक्षा करने और पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करने की अपील की।इस मौके पर मुख्य रूप से सुनीता देवी,अनीता देवी, पूनम देवी,विजयलक्ष्मी देवी, मलको देवी,पूनम देवी, संगीता देवी,शीला देवी, प्रमिला देवी,भोकली देवी, मीना देवी,राजो देवी,बंसत नारायण महतो,दिलीप महतो,धनेश्वर महतो,खगेश्वर महतो,अशोक महतो,फुलेश्वर महतो,श्रवण महतो,अमर महतो,सुरेश राम,बिरेन्द्र महतो,फूलेश्वर महतो,विनोद महतो,संगीता देवी सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।

## जरिया गढ़ थाना क्षेत्र में ट्रेन से काटने से युवक की मौत

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जरिया गढ़ थाना क्षेत्र के सरलो ग्राम स्थित रेलवे ट्रेक से जरिया गढ़ पुलिस ने शनिवार शाम 4.30 बजे एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम को जरिया गढ़ पुलिस को सूचना मिली कि सरलो गांव स्थित रेलवें ट्रेक पर एक अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ है तभी जरिया गढ़ पुलिस सरलो गांव स्थित घटना स्थल पर पहुंचकर देखा कि एक युवक का शव पड़ा हुआ है और बायां पैर शरीर से कटकर करीब 20 फीट दूरी पर अलग पड़ा हुआ है सर पर गहरी चोट लगी है और शरीर अन्य हिस्सा भी चोट के निशान हैं तभी छत-विक्षत शव के हिस्से को इकट्ठा करके जरिया गढ़ पुलिस द्वारा थाना लाया गया वहीं रविवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा गया. जहां शव का पोस्टमार्टम के बाद पहचान नहीं होने के कारण शीतगृह में रखा गया है. मृतक अज्ञात युवक का उम्र करीब 32 वर्ष है उसकी ऊंचाई करीब 5 फीट 3 इंच है वह हरा रंग का टी शर्ट तथा काला रंग का हाफ पैंट पहना हुआ है और दाहिना हाथ में सफेद रंग का रबर बैंड पहना हुआ है जिसमें DAVID GUETTA लिखा हुआ हैं। समाचार लिखें जाने तक शव का पहचान नहीं हो पाया है।

## मनरेगा कर्मियों ने सिल्ली विधायक को सौंपा मांग पत्र



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली स्टेडियम परिसर में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत मनरेगा कर्मियों ने शुक्रवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक को मांग पत्र सौंपा।मांग पत्र में उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के मनरेगा कर्मियों की सेवा शर्त नियमावली में सुधार कर सेवा स्थायीकरण एवं वेतनमान का प्रावधान किया जाए। मौके पर मनरेगा कर्मी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार प्रमाणिक ने कहा कि हम सभी कर्मी विगत 17 वर्षो से काम करते आ रहे हैं। जबकि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। हम लोग बहुत अल्प मानदेय में काम कर रहे हैं और हम लोगों को स्थायी नहीं किया गया है। हम लोगों को सरकार द्वारा 10 से 12 हजार मानदेय के रूप में दिया जा रहा है जिससे हम लोगों का घर चलना मुश्किल हो गया है। अपनी मांगों को लेकर हम सभी मनरेगा कर्मियों ने निर्णय लिया है कि आगामी 18 से 20 जूलाई तक तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल करेंगे। अगर वर्तमान की सरकार हम लोगों की मांगों पर पहल नहीं करती है तो हम लोग निश्चित तौर पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। वहीं स्थानीय विधायक ने मनरेगा कर्मियों को आश्वस्त किया कि हम मनरेगा कर्मियों के साथ हैं तथा सरकार को पत्राचार कर आप लोगों की मांगों से अवगत कराएंगे। इस मौके पर मनरेगा कर्मी हरे कृष्ण महतो, भरत, भगवत, नागेश्वर, मनोज, संतोष, संजय, कार्तिक, सत्यप्रकाश, कुलदीप आदि उपस्थित थे।

## सिल्ली प्रखंड के प्रमुख कांग्रेस जनों की हुई बैठक



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के प्रमुख कांग्रेस जनों की एक आवश्यक बैठक शनिवार को सिल्ली स्टेशन रोड के पास सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बैठक को सम्बोधित करते हुए सिल्ली प्रखंड की ज्वलंत जनसमस्याओं के समाधान एवं प्रखंड में संगठन की मजबुती के लिए प्रखंड के सक्रिय साथियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, रांची जिला अल्पसंख्यक जिला सचिव मंजूर मोमिन, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, सिल्ली प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनिराम दास, सिल्ली प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष शाहबुद्दीन अंसारी, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो,लालू कोइरी, प्रकाश मुंडा, निताई महतो, पिनाकी बनर्जी, सदानंद सोनार, अक्षय मांझी, श्रीप्रसाद बड़ाईक, मो कलाम अंसारी, सिल्ली प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित मुंडा, नितेश गुप्ता इत्यादि कांग्रेस जन बैठक में उपस्थित थे।

## 30 दिवसीय टू व्हीलर मैकेनिक प्रशिक्षण का समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय टू व्हीलर मैकेनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। रांची जिला के विभिन्न प्रखंड से आए 19 प्रशिक्षणार्थी ने प्रशिक्षण प्राप्त किए। मुख्य अतिथि श्री चंदन कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर साइंस एंड इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट, इंस्टीट्यूट आफ साइंस बैंगलोर ने सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देते हुए यह संदेश दिया की आप सभी लोग



दो पहिया वाहन मरम्मत प्रशिक्षण लेकर अपना खुद का स्वरोजगार स्थापित करें, किसी भी क्षेत्र में बिना रिस्क के कोई कम नहीं है क्षमता के अनुसार रिस्क लेकर काम करे। वही खुशबू पासवान इंस्ट्रक्टर ईटीसी हेड डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर झारखंड ने भी सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थी को आत्म विश्वास के साथ अपना स्वयं का स्वरोजगार शुरू करने की बात कही, जिस से आप के परिवार का आय बढ़ेगा । रुडसेट संस्थान के निदेशक ने संजीत कुमार ने प्रशिक्षणार्थी को कहा की आप सभी लोग बैंक से लोन लेकर भी आप अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ा सकते है। मंच का संचालन वरिष्ट संकाय जगदीश चंद्र महतो ने किया और मुख्य अथिति का धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ट संकाय अनिल कुमार ने किया। दशरथ कुमार महतो, महेश रुहिदास उपस्थिति थे।

## अड़की में आंगनबाड़ी केंद्र का छत गिरा, बाल-बाल बचीं महिलाएं



**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के खुंटी तमाड़ पथ पर सेरेंगहातु में अवस्थित आंगनबाड़ी के छत गिरने से ग्रामीण भयभीत।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आंगनबाड़ी परिसर के एक तरफ पुरुष सप्ताहिक बैठक कर थे ठीक उसी समय दुसरी तरफ गांव महिलाएं भी बैठक कर रही थीं जबकि आस पास कुछ बच्चे खेल रहे थे जैसे ही महिलाएं बैठक समाप्त करके बाहर निकलती हैं आंगनबाड़ी केंद्र का क्षतिग्रस्त छत का मलवा जोरदार आवाज के गिरता है जिससे बगल में बैठक कर रहे पुरुष भी डर के मारे भाग खड़े होते हैं ईश्वर का लाख लाख शुक्र है कि आज रविवार था और आंगनबाड़ी केंद्र में पचास के आसपास आने वाले बच्चे और आंगनबाड़ी केंद्र की संचालिका नहीं आई थी वरना बहुत बड़ी घटना घटित हो सकती थी।इधर गांव की महिला रीता कहती है अगर पांच मिनट और देर से हम निकलते तो हमारी जान भी जा सकती थी। वहीं गांव के ग्राम प्रधान जीतेंद्र सिंह मुंडा कहते हैं इस आंगनबाड़ी को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को बताया गया है पर अब तक इसकी मरम्मत नहीं हो पाई है अधिकारी कहते हैं इसका मरम्मतीकरण नहीं हो सकता नया आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण हो सकता है।गांव के बुजुर्ग बुंदीराम मुंडा कहते हैं अधिकारी कुछ सुनते ही नहीं हैं ना तो इसका मरम्मतीकरण किया जा रहा है और ना वैकल्पिक व्यवस्था।गांव जागरूक व्यक्ति रंजु कहते हैं कि आज बहुत बड़ा खतरा टल गया लेकिन इसका जिम्मेदार कौन है अगर महिलाएं या बच्चे इसकी चपेट में आ जाते तो बड़ी अनहोनी हो जाती।

## पुरनाडीह मे हुई गोलीबारी का टीएसपीसी संगठन ने ली जिम्मेवारी

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार थाना क्षेत्र के पुरनाडीह कंटा घर के समीप शनिवार 6 जुलाई की सुबह हुई गोलीबारी की घटना का नक्सली संगठन टीएसपीसी ने जिम्मेवारी ली है।टीएसपीसी संगठन के उत्तरी दक्षिणी सीमांत सबजोनल कमांडर ऋषिकेश जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पुरनाडीह कांटा घर के पास गोलीबारी की घटना टीएसपीसी संगठन के द्वारा की गई है।जिसमें गोली किसी और के ऊपर चलाई गई थी,लेकिन किसी और को गोली लग गई,इसके लिए संगठन ने क्षमा मांगा है।उन्होंने एनके पिपरवार के कोल डम्प अशोक,पिपरवार, पुरनाडीह, केडीएच,रोहिणी, डकरा और चुरी मे काम करने वाले सभी डीओ, होल्डर, ट्रांसपोर्टर,लिफ्टर,डम्प कमेटी और सभी तरह के छोटे बड़े ठेकेदारो को संगठन से बात करने के बाद ही काम चालू करने की चेतावनी दी है,साथ ही बिना संगठन से बात किए काम चालू करने पर फौजी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।जारी विज्ञप्ति में कुछ लिफ्टरों के नाम को सार्वजनिक करते हुए उन्हें भी चेतावनी दी गई है।

## पुरनानगर गांव में दीवार में दबकर मां की दर्दनाक मौत, बेटा रिम्स में भर्ती

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र के पुरनानानगर गांव में शनिवार को दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे के करीब दीवार के गिरने और उसकी चपेट में आकर युधिष्ठिर प्रमाणिक की पैंतीस वर्षीय पत्नी विनोता देवी की मौत ईजाल के क्रम में रिम्स में हो गई है। वहीं विनोता देवी का पंद्रह वर्षीय पुत्र रुपेश प्रमाणिक भी इस घटना से बुरी तरह घायल हो गया है और वर्तमान में रांची स्थित रिम्स अस्पताल में ईलाजरत है। घटना के संबंध में पड़ोसी कमलेश प्रमाणिक और परीजन नीलकांत प्रमाणिक ने बताया कि शनिवार को युधिष्ठिर अपने मिट्टी के मकान के छत के ऊपर छप्पर को व्यवस्थित करने में जूटा था जिसका मदद उसकी पत्नी विनोता देवी और पुत्र रुपेश प्रमाणिक कर रहे थे इसी दौरान अचानक बारिश भीगी हुई क्षतिग्रस्त मिट्टी की दीवार गिर गई जिसमें मां और बेटा दब गए और असहनीय दर्द से कराहते हुए चिल्लाने लगे आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग जमा हुए वहीं युधिष्ठिर प्रमाणिक भी छत छलांग कर उतरा और दोनों को घयालवस्था में मिट्टी से बाहर निकाला गया और आनन फानन दोनों मां बेटे को रिम्स पहुंचाया गया जहां इलाज के क्रम में विनोता देवी की मौत हो गई वहीं रूपेश प्रमाणिक जींदगी और मौत का जंग लड़ रहा है उसकी हालत गंभीर है।विनोता देवी के तीन पुत्र अठारह वर्षीय महादेव प्रमाणिक, पंद्रह वर्षीय पुत्र रुपेश प्रमाणिक और आठ वर्षीय विशाल प्रमाणिक हैं। जिनकी अकास्मिक मां मृत्यु के बाद खराब स्थिति हो गई है।युधिष्ठिर प्रमाणिक किसान और झोलाछाप चिकित्सा का काम करता है और परिवार निर्धन है ऐसे में इस विकट परिस्थिति में ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन ने परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है।

## पंचायती राज हीं ग्राम स्वराज है : शांतनु मिश्रा

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का ग्राम स्वराज यात्रा शांतनु मिश्रा के नेतृत्व में19 वां दिन चितरपुर प्रखंड के सोंढ से शुरू हुआ। यह यात्रा मरंगमरचा, सोंढ ,सोनार मोहल्ला, बड़कीपोना, लोरी सुकरीगड़ा और बोरोबिग में जनसंपर्क किया। सभा को संबोधित करते हुए राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शांतनु मिश्रा ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा में बैठे हुए लोग नहीं चाहते की ग्राम सभा को ताकत मिले जो काम पंचायत प्रतिनिधियों को करना था वह काम आज सांसद और विधायक कर रहे हैंद्य सांसद और विधायकों का काम सड़क नाली गली बनाने का नहीं है उनका काम जनता के लिए कानून और योजना बनाने का है विधायक अपने कार्यकाल में कोई भी नई योजना या कानून नहीं बनाते केवल विकास के जो कार्य पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से होने थे उन कामों का श्रेय लेने और अपने सिलपत लगाने को ही अपना अधिकार और कर्तव्य समझते हैं। पिछले 19 दिनों से रामगढ़ विधानसभा के गांव-गांव में जाकर लोगों से मिलने और संवाद करने से या मालूम हुआ कि आज भी रामगढ़ विधानसभा के गांव में पीने की पानी और अच्छी सड़कों की समस्या से जनता जूझ रही है बड़े-बड़े जल मीनार तो बने हैं लेकिन उनसे जलापूर्ति नहीं हो रही नल जल योजना पूरी तरीके से विफल रहा है स्थानीय विधायक और उनके पति लंबे समय इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और वे पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री भी रहे हैं बावजूद इसके जनता पानी के लिए त्राही त्राहि कर रही है यह दुखद है । अब पंचायती राज ही एकमात्र विकल्प है जिससे ग्राम स्वराज आ सकता है इसलिए पंचायती राज संस्थाओं को पूर्ण अधिकार दिया जाना चाहिए । यात्रा में मुख्य रूप से चितरपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अहसानुल्लाह , जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव आदित्य सिंह गोला प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सोनी दूलमी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश करमाली रामगढ़ प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिगंबर गुप्ता रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलराम साहू मांडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सागर महतो आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गगन करमाली, यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव धीरेंद्र सिंह, सेवा दल के नगर अध्यक्ष जयकुमार अग्रवाल टिंकू खान आजाद सिंह किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष महेश यादव दानिश कुरेशी हेमलाल बैठा संजय वर्मा सूरज बली यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## यूथ वेलफेयर मिशन ने शहर के कई स्थानों पर लगाएं फलदार पौधे



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को यूथ वेलफेयर मिशन की ओर से शहर के अलग-अलग स्थलों पर मरीन ड्राइव, आदित्यपुर टोल ब्रिज, बेल्डीह स्पोर्ट्स कॉर्नर में फलदार छायादार पौधे लगाए गए। संस्था के अध्यक्ष शहाबुद्दीन ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षो से युवाओं एवं छात्रों को पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल करके छात्रों को पेड़ पौधे के महत्व को समझने का प्रयास करते आ रही हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से शहाबुद्दीन, प्रत्यूष रजक, रंजीत प्रमाणिक, दिवाकर रावत, कुमार हर्ष, असलम मलिक, सिकंदर आदि उपस्थित थे।

## जादूगोड़ा मुक्तिधाम में 40 लाख के लागत से बनेगा सामुदायिक भवन और हाइ मास्क लाइट

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जादूगोड़ा के यूसील डैम स्थित माँ तारा काली मंदिर मुक्तिधाम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रयास से 40 लाख रुपए की लागत से एक सामुदायिक भवन और हाइ मास्क लाइट लगेगी।जिसकी जानकारी माँ तारा काली मंदिर मुक्तिधाम के संचालक टिक्की मुखी ने दी। बताया राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मंदिर के समीप एक सामुदायिक भवन व हाइ मास्क लाइट व तोरण द्वार बनाने का आग्रह किया था। तत्पश्चात इसे पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त ने यूसील प्रबंधन को कारपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत मुक्तिधाम में सामुदायिक भवन समेत हाइ मास्क लाइट लगाने के लिए पत्र लिखा। उन्होंने जानकारी दी कि जिला प्रशासन द्वारा इसका टेंडर भी निकाला जा चुका है। जल्द ही मुक्ति धाम में सामुदायिक भवन और हाई मास्क लाइट बन कर तैयार हो जाएगा। जिससे मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और यहां पर होने वाले कार्यक्रमों में लोगों को सुविधा होगी।

## आज गम्हरिया, आदित्यपुर क्षेत्र के कई इलाकों में रहेगी बिजली गुल

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विद्युत लाइन मरम्मती तथा रखरखाव के कारण सोमवार, 8 जुलाई को गम्हरिया और आदित्यपुर क्षेत्र के कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए सहायक विद्युत अभियंता प्रियंकर पांडे ने बताया कि सोमवार को आदित्यपुर-2 सब स्टेशन के फीडर संख्या- 6, गम्हरिया स्थित न्यू पीएसएस के एनकेएस फीडर तथा आदित्यपुर पीएस 4 के आशियाना फीडर से पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 1 बजे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी प्रकार, आदित्यपुर-1 के कुलुपटांगा फीडर से प्रातः नौ बजे से दोपहर एक बजे तक तथा सालडीह फीडर से प्रातः दस बजे से दोपहर दो बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## बोड़ाम बाजार में निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा, मंगल कालिंदी हुए शामिल



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हर साल की भांति इस साल भी बोड़ाम बाजार में गाजेबाजे के साथ महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। जिसे देखने के लिए आसपास गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। बोड़ाम बाजार स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा में विधायक मंगल कालिंदी शामिल होकर मत्था टेककर महाप्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक ने कहा कि भगवान जगन्नाथ सभी के आराध्य है। मौके पर बोड़ाम जिला पार्षद गीतांजलि महतो, मानिक महतो, छुटुलाल हांसदा, काजल सिंह, विनय मंडल, शंभूनाथ सिंह, क्षेत्रमोहन गोप,रतीरमन सिंह, रामु कुंभकार आदि झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर सहायक अध्यापकों ने की बैठक



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को प्राथमिक विद्यालय डांगा में पटमदा प्रखंड के सहायक अध्यापकों की एक आवश्यक बैठक सौरव कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मौके पर अध्यक्ष अनिल वरण माझी ने कहा कि प्रदेश के आह्वान पर 20 जुलाई से रांची में अनिश्चितकालीन मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम तय हुआ है जिसमें हमारे प्रखंड से सभी सहायक अध्यापक रांची के लिए कूच करेंगे। हमारी पुरानी मांगें वेतनमान को याद दिलाते हुए सीएम से अपना हक लेकर रहेंगे। सचिव गौतम कुमार गोप ने कहा कि इस आंदोलन के लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं। संयोजक उज्ज्वल कांति दास ने सभी सहायक अध्यापकों को एकजुट होकर आंदोलन में उतरने की अपील की। बैठक में सहायक अध्यापक निमाई भुइयां, गणेश महतो, सुभाष चन्द्र महतो, पानू सिंह सरदार, हाराधन सिंह, अमित बनर्जी, पंचानन महतो, संध्या महतो, जोबा रानी महतो, इंदिरा महतो, उषा रानी सहिस, तिलोका सिंह, जयंती रानी सहिस व मंगली मुर्मू आदि उपस्थित रहे ।

# कुणाल षाड़ंगी ने भाजपा को किया बाय-बाय, प्रदेश अध्यक्ष को भेजा इस्तीफा

### पार्टी का जिले के महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति सदैव उदासीन रवैया का लगाया आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारतीय जनता पार्टी नेता कुणाल षाड़ंगी ने झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले इस्तीफा दे दिया है. सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर उन्होंने अपने इस्तीफे की कॉपी पोस्ट करके यह जानकारी दी. कुणाल षाड़ंगी ने झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को संबोधित इस पत्र के विषय में लिखा है- पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र. उन्होंने कहा है कि गहन चिंतन एवं आत्ममंथन करने के बाद यह फैसला किया है. कुणाल षाड़ंगी ने आगे लिखा है कि पिछले कई महीने से महसूस कर रहा हूं कि कई बार पूर्वी सिंहभूम जिले की बुनियादी समस्याओं से जुड़े विषयों और संगठनात्मक विषयों को आप तक पहुंचाया. अन्य वरीय पदाधिकारियों के भी संज्ञान में लाया, लेकिन पार्टी ने जिले के महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति सदैव उदासीन रवैया अपनाया. उन्होंने यह भी लिखा है कि जब मैंने प्रदेश प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दिया था, तो मुझे उम्मीद थी कि मैंने जो विषय पार्टी के समक्ष रखे हैं, उसका पार्टी संज्ञान लेगी, लेकिन दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है. उन्होंने लिखा है कि जिले के कई अहम मुद्दों, खासकर युवाओं के मुद्दों पर यहां से चुने गए जनप्रतिनिधि हमेशा खामोश रहे हैं. उनमें संगठन के आंतरिक अनुशासन के प्रति भी कोई गंभीरता दिखाई नहीं देती. ऐसे में प्रदेश नेतृत्व के द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जाना, दुर्भाग्यपूर्ण है. कुणाल ने अपने इस्तीफे में लिखा है कि मैं जिला और प्रदेश नेतृत्व की कार्यप्रणाली से सहमत नहीं हूं. राजनीति में आने के अपने मुख्य उद्देश्य के प्रति अन्याय भी मैं नहीं कर सकता. इसलिए, पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे रहा हूं. कुणाल ने कहा है कि पूर्वी सिंहभूम जिले की जनता के हित में जरूरी है कि मैं उनकी आवाज को जोरदार तरीके से बुलंद करूं. उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कदम उठाऊं. भाजपा में रहकर मैं ऐसा कर पाऊंगा, ऐसा मुझे नहीं लगता. इसलिए आपसे आग्रह है कि मेरा इस्तीफा स्वीकार करें. इस्तीफे की प्रति कुणाल षाड़ंगी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह को भी भेजी है.

## प्रेम प्रसंग मामले को लेकर ग्राम प्रधान का टिप्पणी बेबुनियाद और झूठा : पिंकी लायेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल थाना क्षेत्र के भूयाँडीह गाँव में प्रेम प्रसंग की मामला सामने आया है। विहाहित महिला ने गांव के ही डाक्टर लायक के ऊपर शादी का झांसा देकर धोखा देने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर महिला समिति के द्वारा चांडिल जिला पार्षद सदस्य पिंकी लायेक की आवास पहुँचे और मामले की जानकारी दी। वही शनिवार को मामले को लेकर एक आपातकालीन बैठक में ग्राम प्रधान बहादुर लायेक के द्वारा जीप सदस्य के ऊपर कुछ टिपणी किया गया। जिसको लेकर जीप सदस्य पिंकी लायेक ने रविवार को पत्रकार को जानकारी देते हुए बताया कि उनके नाम पर सार्वजनिक के सामने ग्राम प्रधान द्वारा जो भी टिपणी किया गया है जो सरासर झूठ और बेबुनियाद है। जँहा तक उस महिला की न्याय की बात है तो उसके लिए हर संभव हम उनके साथ है। वही पूर्व जिला पार्षद ओम प्रकाश लायेक ने भी ग्राम प्रधान के टिपणी को लेकर नारजगी जाहिर की। बताया जा रहा है कि, गांव के डाक्टर लायक के साथ महिला का प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बीच डॉक्टर लायक और महिला कुछ दिन से साथ में रह रहें थे। जबकि, डाक्टर लायक भी पहले से शादीशुदा है। पीड़ित महिला भी शादीसुदा है।

## डॉ. अजय ने शहर के कई इलाकों में लगाया हेल्थ चेकअप कैंप, सैंकड़ों ने उठाया लाभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस वर्किंग कमिटी के सदस्य डॉ अजय कुमार द्वारा रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस हेल्थ चेकअप कैंप में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराई। हेल्थ चेकअप कैंप में लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर,हार्ट,लीवर, आंख सहित कई बीमारियों की जांच की गई। मौके पर डॉ. अजय ने कहा कि आम लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य ही उनकी पूंजी है। इसलिए उसकी सुरक्षा के लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य की जांच होनी चाहिए। इस क्रम में आज बागुननगर, टुईलाडूंगरी और बाराद्वारी में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से धर्मेंद्र सोनकर, सुरेंद्र शर्मा,राजा सिंह राजपूत,राकेश साहू,मनीष, रईस रिजवी छब्बन, राजकिशोर प्रसाद, अफसर इमाम,नीरज साहू, लकी गोस्वामी सहित अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## तैलिक साहू महासभा के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 256 लोगों ने कराया जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को टुइलाडुंगरी कबीर भवन में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा आयोजित हुए निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में लगभग 256 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उटाया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में यह शिविर आयोजित हुआ। इसी शिविर में विधवा पेंशन विद्धा पेंशन विकलांग पेंशन महिलाओं के लिए 50 वर्ष से 59 तक का फार्म भरवारा गया। राकेश साहू ने बताया कि कई रोगियों का निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन 9 जुलाई मंगलवार को दोपहर 11 कबीर भवन से पूर्णिमा नेत्रालय अस्पताल ले जाकर कराया जाएगा। इस शिविर में नेत्र जांच फेफड़ा जांच (रक्तचाप, मधुमेह) दंत चिकित्सा,ब्लड प्रेशर, शुगर जांच आदि के डाक्टर मौजूद थे।

## विवेक विद्यालय में साप्ताहिक वन महोत्सव का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** छोटा गोविंदपुर के विवेक विद्यालय प्रांगण में साप्ताहिक वन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न रोचक कार्यक्रम जैसे लघुनाटिका, वृक्षारोपण, अवलोकन फील्ड ट्रिप आदि में भाग लिया। प्राथमिक विभाग के बच्चों द्वारा वन संरक्षण की थीम पर एक लघुनाटिका प्रस्तुत की गई जिसकी सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की। विद्यालय द्वारा प्री प्राइमरी के बच्चों के लिए एक अवलोकन फील्ड ट्रिप का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को जैविक उद्यान के भ्रमण हेतु ले जाया गया। प्राचार्य अवधेश सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से समाज में एक सकारात्मक विचारधारा का संचार संभव है।

## जुबली पार्क में वाचिक मंजरी का वर्षाकालीन अधिवेशन संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वाचिक मंजरी का वर्षाकालीन पहला अधिवेशन जुबिली पार्क में मुक्त मंच में आयोजित हुआ। वाचिक मंजरी एकमात्र संस्था है जो कविता पाठ और कविता प्रेमियों को लेकर गठित किया गया है। संस्था की सक्रिय सदस्य श्रीमती कमला मुखर्जी की सोच से जुबिली पार्क में आयोजित सचिव सुष्मिता गांगुली की देखरेख में कविता, श्रुति नाट्य और कहानी पाठ से मंच सजी। मौके पर झालमूढ़ी, नींबू चाय, आलू चप और केक का आनंद लिया गया। अंत में पूरबी घोष ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में पूरबी घोष, कमला मुखर्जी, मलय आचार्य, अरूप घोष, लोपा मुद्रा सिंह देव, मनीषा घोष, रूपा लाहिरी, चंपा धर, श्रावणी चौधरी, मोनिका घोष, अनुमित्रा रॉय, अमित रॉय और मुनमुन रॉय सभी ने कविता पाठ, श्रुति नाट्य और कहानी पाठ किया।

## भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में शामिल हुए बन्ना गुप्ता, माथा टेका, झाड़ू लगा किया सेवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में निकाली गई महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में शामिल होकर बन्ना गुप्ता ने पूजा अर्चना करने के बाद रथ के समक्ष माथा टेका और रथ यात्रा वाले मार्ग पर झाड़ू लगाकर सेवा किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रभु जगन्नाथ जी,भगवान विष्णु के अवतार और कृष्ण के स्वरूप माने जाते हैं। रथयात्रा परिवार के सदस्यों के साथ जीवन की यात्रा का प्रतीक है। मंदिर से भगवान का उदय पृथ्वी पर सामान्य मनुष्यों के बीच उनकी उपस्थिति का प्रतीक है। यह पर्व हमारे अतुल्य भारत में अनेकता में एकता का उदाहरण है। महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी, शुभद्रा जी एवं बलभद्र जी की ईश्वरीय त्रिमूर्ति हम सभी का जीवन सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं धन-धान्य से परिपूर्ण करें। इस दौरान उन्होंने जय जगन्नाथ के नारे भी लगाए.



# महाप्रभु जगन्नाथपुर भव्य रथयात्रा से विदा हुए मौसीबाड़ी, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जगन्नाथ मंदिर समिति, मांझपाड़ा, बड़ा गम्हरिया की ओर से बस्ती स्थित जगन्नाथ मंदिर से महाप्रभु जगन्नाथपुर की भव्य रथयात्रा निकाली गई। इससे पूर्व मन्दिर के पुजारी जगन्नाथ दास द्वारा पारंपरिक विधि विधान से महाप्रभु जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और बहन सुभद्रा की विधिवत पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात, उन्हें भव्य रूप में सजाए गए रथ पर सवार कर मौसीबाड़ी के लिए विदा किया। वहां वे नौ दिनों तक विश्राम करने के बाद आगामी 15 जुलाई को फिर उल्टी रथ पर सवार होकर अपने घर वापस लौटेंगे। मौसी बाड़ी जाने से पूर्व रविवार को महाप्रभु को नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान उनके रथ को खींचने के लिए भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। नगर भ्रमण के क्रम में कई जगहों पर रोककर महिला श्रद्धालुओं द्वारा उनकी आरती उतारकर पूजा-अर्चना की गई। रविवार को बड़ा गम्हरिया स्थित मंदिर में ही रात्रि विश्राम कराया गया। वहां से सोमवार को उन्हें मौसीबाड़ी पहुंचाया जाएगा। इसके आयोजन में मन्दिर समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ कुंडू, उपाध्यक्ष सीताराम बेज, सचिव अरुण बेज, कोषाध्यक्ष प्रेम चंद्र पाल, गोपाल चौधरी, वरुण दास, संजय मन्डल, संजय दास, भैरव प्रामाणिक, दीपक नायक, दिलीप गोराई समेत सभी सदस्यों का प्रमुख योगदान रहा। वहीं, कांड्रा में भी महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। इस रथयात्रा में भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस मौके पर बहन सुभद्रा व भाई बलराम के साथ महाप्रभु जगन्नाथ को रथ पर सवार कर नगर भ्रमण कराया गया जो बानाडूंगरी जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। इस मौके पर पश्चिम बंगाल से आए 11 कीर्तन मंडली के सदस्यों ने नाचते गाते

## यूसील के नए तकनीकी निर्देशक के रूप में अनुत्तम मिस्रा आज देंगे योगदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** यूसील के नए तकनीकी निर्देशक अनुत्तम मिस्रा होंगे। वे 19 जुलाई 2023 से इंडियन रेअर अर्थ लिमिटेड, मुंबई में तकनीकी निर्देशक के रूप में कार्यरत है। सार्वजनिक उधम चयन समिति (पीईएसवी) ने उन्हे यूसील के तकनीकी निर्देशक का अतिरिक प्रभार सौपा है। वे कल 8 जुलाई को कंपनी के नए तकनीकी निर्देशक के रूप में यूसील में योगदान करेगे। 11.30 बजे सभी विभागीय एचओडी के साथ पहली बैठक को संबोधित करेंगे।इसके पूर्व यूसील के वर्तमान महाप्रबंधक मनोज कुमार का नाम चर्चा में था, नए तकनीकी निर्देशक अनुत्तम मिस्रा का नाम आने पर मनोज कुमार के नामों की चर्चा पर विराम लग गया। गौरतलब हो कि यूसील के पूर्व तकनीकी निर्देशक राजेश कुमार 30 जून को रिटायर्ड हो गए थे जिसके बाद से यह पद खाली था।

# वर्षा जल पर आश्रित किसानों का सिंचाई व्यवस्था नहीं रहने से सुख रहे बीचड़ा, सरकार दे ध्यान

**अरूण कुमार माझी @ प्रभात मंत्र**



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में आषाढ़ महीने खत्म होने को है पर अब भी मानसून का दूर - दूर तक कोई आश दिखाई नही देता, जिससे वर्षा जल पर निर्भर किसानों में मायूसी छा गई है। किसानों को सुखाड़ होने का भय सता रहा है। खेतों में किसान धान बीज तो डाल दिया है, ताकि समय पर धान की रोपाई किया जा सके। कुछ किसानों का खेतों में बीचड़ा भी तैयार हो गया है, तो अधिकांश खेतों में धान बीज अंकुरित होकर बिन वर्षा के सुख कर नष्ट हो रहा है। किसान 200 से 500 रुपए धान बीज खरीदकर खेतों में डाल दिया है। सावन आने को है,मगर अब तक बारिश नहीं होने से धान बीज जन्म लेने से पहले ही दम तोड रहा है। कांची सिंचाई परियोजना से पुरे ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में केनाल से आच्छादित है। भारी बारिश होने पर ही केनालों में पानी दिया जाता है। केनाल में पानी देने से भी कम-से-कम धान बीजों को बचाया जा सकता है। जबकि चांडिल डैम, कांची डैम ,बीजयगीरी व पालना डैम जैसा विशाल जल भंडार रहने के बावजूद भी सरकार की उदासीन कृषि निति के कारण किसानों को आज भी वर्षा जल पर निर्भर रहना पड़ रहा है। वहीं किसान दामुदर सिंह मुण्डा ने बताया कि इस वर्ष आषाढ़ मास खत्म होने को है, पर आज तक बारिश नहीं होने से हम किसान चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि 4-5 सौ रुपए प्रति किलो धान बीज खरीदकर खेतों में डाला गया है। अधिकांश धान बीज अंकुरित होकर मर रहा है। उन्होंने कहा कि केनाल में भी पानी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को ईचागढ़ क्षेत्र को सुखा घोषित करते हुए,राहत कार्य चलाना चाहिए।

# नारायणा ने स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट की घोषणा की

❖टॉप रैकर्स को मिलेगा करोड़ों कैश अवार्ड एवं कोर्स में 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/राँची :** कचहरी स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान %नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, राँची द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (ह्रस्ज्ञ) का आयोजन 06 अक्टूबर एवं 20 अक्टूबर 2024 को ऑफलाईन और 07 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2024 एवं 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक ऑनलाईन मोड में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता परीक्षा में छात्र वेबसाईट (nsat.narayanagroup.com) पर घर बैठे ऑनलाईन आदेवन कर सकते है या नजदीकी नारायणा केन्द्र पर जाकर परीक्षा से 5 दिन पहले तक आवेदन कर सकते है। उपरोक्त वेबसाईट पर परीक्षा का सिलेबस, सेम्पल प्रश्न पत्र तथा परीक्षा की सारी जानकारी उपलब्ध है। इस तरह का आयोजन न केवल राँची बल्कि भारत में अपने आप में एक अनूठा पहल है, जिसके माध्यम से पाँचवी कक्षा से लेकर ग्यारहीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए नारायणा की यह पहल काफी उत्साहवर्धक साबित होती है। रांची केन्द्र में सी.पी. सिंह विद्यायक, रांची एवं नारायणा के नेशनल एकेडिक हेड के निदेशक श्याम भूषण ने कहा कि यह परीक्षा ऑबजेक्टीव टाईप का होगा एवं इसमें साइन्स, मैथ्स एवं मेन्टल एबिलिटी से प्रश्न पूछे जाएगें। इस टेस्ट का मकसद छात्रों में प्रतियोगी क्षमता विकसित करना है। यही नहीं इस टेस्ट के जरिए छात्र ऑल इंडिया लेवल पर अपनी रैंकिंग भी जान सकते हैं, साथ ही साथ विद्यार्थियों को ये जानने का मौका मिलेगा कि अभी तक उनकी एन.टी.एस.ई., ओलिमपियाड, के.वी.पी.वाई, आई.आई.टी. नीट एवं विभिन्न्न प्रतियोगिता परीक्षा का कितनी तैयारी हो चुकी है। श्री दीपक शुक्ला ने बताया कि इस परीक्षा में भाग लेने वाले सभी छात्रों में से राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष रैंक पाने वाले छात्रों को लाखों कैश अवार्ड पाने का अवसर मिलेगा, साथ ही जो विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उस छात्र को नारायण के किसी भी कोर्स में दाखिला लेने पर 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी।



# वन भूमि व गैरमजरूआ भूमि पर राजा कंस्ट्रक्शन द्वारा अवैध मिट्टी के उत्खनन पर जांच हुई शुरू

**अवैध मिट्टी खनन मामले में पूर्व में लाखों का जुर्माना और मामला दर्ज होने के बावजूद भी धडल्ले से की जा रही थी उत्खनन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** टंडवा के मिस्रोल पंचायत स्थित फुलवरिया और टेकठा गांव में रेलवे निर्माण में अवैध मिट्टी खनन को लेकर सुर्खियों में रहा राजा कंस्ट्रक्शन का मुश्किलें दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पिछले साल पूर्व जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास के निर्देश पर जांच में अवैध मिट्टी उत्खनन मामले में पच्चास लाख से ज्यादा का जुर्माना और राजा कंस्ट्रक्शन पर मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद राजा कंस्ट्रक्शन का दो महीना काम बंद रहा। जांच का मामला ठंडा होते ही राजा कंस्ट्रक्शन द्वारा फिर से क्षेत्र में सक्रिय होकर सरकारी गैरमजरूआ भूमि और वन भूमि पर अवैध रूप से धडल्ले से मिट्टी उत्खनन शुरू कर दिया गया। जिसकी सूचना लगातार वन विभाग को मिल रही थी। चतरा डीएफओ के निर्देश पर वन विभाग जांच को लेकर सक्रिय हो गया और फुलवरिया गांव के वन भूमि पर अवैध मिट्टी उत्खनन मामले में शनिवार को जांच शुरू कर दी है। जांच शुरू होते हैं ही राजा कंस्ट्रक्शन के गुर्गा गिरफ्तारी के डर से फरार हो गया। अधिकारी द्वारा बताया गया वन भूमि पर अवैध मिट्टी उत्खनन के जांच में सही पाए जाने पर कंपनी पर मामला दर्ज करके कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया गया है। बताया गया रेलवे ट्रेक निर्माण में राजा कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा सरकारी भूमि से अवैध रूप से मिट्टी का खनन बदस्तूर किया जा रहा था। गांव के लोगों को चंद रुपया का लालच देकर कंपनी द्वारा मिस्रोल पंचायत के तीन चार गांव में बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी उत्खनन करके क्षेत्र के भौगोलिक संरचना और गांव का अस्तित्व मिटा दिया गया है। बताया गया वन विभाग और खनन विभाग द्वारा जांच ईमानदारी से की जाती है तो करोड़ों रुपया राजस्व चोरी का मामला उजागर होगा साथ ही कंपनी ब्लैक लिस्ट हो सकती है।



**नियम क्या कहता है**

खेतों से मिट्टी उठाने से पूर्व खनन विभाग व प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है। नियमों के मुताबिक जमीन स्तर से लेकर डेढ़ मीटर तक मिट्टी उठाई जा सकती है, लेकिन इससे पूर्व संबंधित विभाग ने अनुमति लेना अनिवार्य है। निर्धारित राशि जमा करानी पड़ती है। बिना अनुमति के मिट्टी उत्खनन करना कानूनी अपराध है, जिसके चलते आरोपी को जुर्माने के साथ सजा का प्रावधान किया गया है।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में प्रो.मिथलेश कुमार ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** आईसेक्ट यूनिवर्सिटी हजारीबाग में रविवार को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में टंडवा (नीम चौक) निवासी प्रो. मिथलेश कुमार ने अपना शोध पत्र जनजातीय अर्थव्यवस्था पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव (झारखण्ड राज्य के संदर्भ में एक अध्ययन) प्रस्तुत किया एवं अपने महाविद्यालय और अपने गांव का नाम रौशन किया। यह कार्यक्रम इंडियन काउंसिल ऑफ साइंस रिसर्च, आई सी एस एस आर-न्यू दिल्ली द्वारा प्रायोजित था जिसमें भारत के कई राज्यों से शोधार्थी अपना शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए पहुंचे थे। बताते चले की इससे पूर्व भी मिथलेश कुमार राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लें चुके हैं एवं कई पत्रिकाएं भी लिख चुके हैं जिसमें, सामाजिक समरसता एवं छुआछूत पर गांधीजी की भूमिका, जनजातीय स्वास्थ्य शिक्षा और समानता, जनजातीय अर्थव्यवस्था पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव आदि। फिलहाल मिथलेश सिमरिया डिग्री महाविद्यालय में कार्यरत हैं और आईसेक्ट यूनिवर्सिटी, हजारीबाग से पी एच डी के फाइनल ईयर के शोधार्थी है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति डॉ पी के नाइक ने उन्हें शुभकामनाएं दी एवं अपने शोध विषय में और अधिक मेहनत करने की सलाह दी।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक सम्पन्न



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में सभा कक्ष में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक की गई। बैठक में अनुमंडल स्तरीय वन अधिकारी समिति से प्राप्त प्रस्तावों के समीक्षा उपरांत जिला स्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा सर्वसम्मती से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। भारत माला परियोजना, सिमरिया बाईपास, हंटरगंज इटखोरी संचरण लाइन परियोजना एवं अग्निशामक कार्यालय सिमरिया का निर्माण हेतु जंगल/ जंगल झाड़ी भूमि का सर्वसम्मति से जिला वन अधिकारी समिति द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अपर समाहर्त्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला कल्याण पदाधिकारी, वनाधिकार समिति के सदस्य समेत अन्य सभी सबंधित उपस्थित थे।

## नेतरहाट में लाखों खर्च कर लगाया गया स्ट्रीट लाइट बेकार

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पहाड़ों की रानी झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट में सरकार के द्वारा सौंदरीकरण के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नेतरहाट मुख्य बाजार से कोयल व्यू प्वाइंट एवं अरुणोदय, डाक बंगला जाने वाली सड़क पर लाखों की लागत से स्ट्रीट लाइट लगाया गया है। जिससे यहां आने वाले पर्यटक एवं स्थानीय लोगों को रात के समय परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही यहां आने वाले पर्यटक रात में भी स्ट्रीट लाइट की रोशनी में नेतरहाट की सुंदर वादियों का अवलोकन कर सके और पर्यटन क्षेत्र के रूप में और भी ज्यादा क्षेत्र का विकास हो। स्ट्रीट लाइट लगाई अभी दो-तीन महीने ही हुए हैं लेकिन अभी से ही इसमें खराबी आने लगी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है की लाखों के टेंडर का जीरो रिजल्ट हमें देखने को मिल रहा है। जब से लाइटें लगाई गई है, सिर्फ विभाग के अधिकारियों को दिखाकर अपना बिल पास करने हेतु ही लाइटें जलाई गई है। साथ ही ग्रामीणों का यह भी आरोप है की स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए संवेदक द्वारा निम्न दर्जे का घटिया उपकरण उपयोग गया है। जिससे इसे जलाने में परेशानी आ रही है। जबकि कंपनी को 5 साल तक इसका मेंटेनेंस कार्य भी करना था। स्थानीय बिजली मिस्त्रियों का कहना है की कुछ दिनों पूर्व ही स्ट्रीट लाइट के लिए बिजली सप्लाई दी गई थी। जिसके बाद लगाए गए स्ट्रीट लाइट के पूरे पैनल में करंट आने लगा जिसके संपर्क में आने से एक बकरी की भी मौत हो गई थी, जिसके बाद स्ट्रीट लाइट से पूरी तरह बिजली सप्लाई हटा दी गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पर जांच करते हुए लाइटें ठीक करने की मांग की है।

# भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव मे भाजपा नेता सह लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी चेतलाल रामदास ने जन संपर्क अभियान चलाया। जन संपर्क के दौरान अपने पक्ष मे जनाधार बनाने के उदेश्य से ग्रामीण महिला, पुरुष युवक युवतियों से मुलाक़ात कर एक बार मौका देने का अपील किया। झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भावी प्रत्याशी चेतलाल रामदास ने ग्राम हिसरी ग्राम पहुंचे। जहाँ उपस्थित ग्रामीणों को देश के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओ के बारे में अवगत कराया। साथ ही रामदास ने कहा की 2024 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार झारखंड के प्रदेश में बन रही है और हम सभी का नेतृत्व करने के लिए झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी हमारे मुख्यमंत्री होंगे। हम आप सभी से आशा रखते हैं कि इस बार प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने का कार्य हम सभी करेंगे. वहीं कहा की मुझे मौका मिला तो क्षेत्र मे चमुक्खी विकास होगा। लोगों से सहयोग करने की अपील की।

# महुआडांड़ थाना क्षेत्र में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित आईआरबी कैंप के समीप लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देशानुसार महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें दो पहिया,चार पहिया व सभी तरह की वाहनों की कागजातों की जांच की गई। साथ ही दो पहिया वाहन में हेलमेट ट्रिपल लोडिंग इत्यादि की जांच की गई। वहीं आए दिन दुर्घटनाओं से बचने के लिए दो पहिया वाहन चालकों को हमेशा हेलमेट का प्रयोग व चार पहिया वाहन चालकों को हमेशा सीट बेल्ट लगाने का सख्त निर्देश दिया गया। वहीं सभी वाहन चालकों को अपने वाहन के साथ वाहन से संबंधित सभी कागजात को हमेशा अपने साथ रखने को बोला गया। थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने लोगों से आग्रह किया है कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बाइक मोटर साइकिल चलाने के लिए ना दें। अगर वाहन चैकिंग अभियान के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पकड़े जाने पर विधि सम्मत उचित कानूनी कार्रवाई किया जायेगा सभी लोग यातयत का नियमों का पालन करें। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट के दर्जन मोटरसाइकिल बाइक जप्त कि ।मौके पर पुअनि रमाकांत कुमार गुप्ता, जिला पुलिस बल साथ में आईआरबी के जवान मौजूद थे।

## कोलयरी में संचालित ट्रांसपोर्टर व कोयला सेम्पलिंग कम्पनी स्थानीय कों 75 प्रतिशत रोजगार दे : महेंद्र उरांव



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अमरवाडीह फूलबसिया मे संचालित मगध कोलयरी में जितने कोयला ट्रांसपोर्टर व सैपलिंग कम्पनी से समाज सेवी महेंद्र उरांव ने स्थानीय बेरोजगार ग्रामीणों कों 75 प्रतिशत रोजगार देने की अपील किया है। उन्होने कहा कि मगध मे कई कोयला ट्रांसपोर्टर है और सैपलिंग कम्पनी काम करते हैं। लेकिन यहाँ ग्रामीण और युवा धूल फांकने को बिवश हैं। इस क्षेत्र के सभी ट्रांसपोर्टर कम्पनी बाहरी लोगों से काम करवाते है। वहीं यहाँ के लोग रोजगार के लिए भटक रहे हैं. समाज सेवी महेंद्र उरांव ने उक्त सभी ट्रांसपोर्टर और कोयला सैम्पलिंग कम्पनी से आसपास के ग्रामीणों के साथ जिला व सभी प्रखंड के बेरोजगारो को 75 प्रतिशत रोजगार देने की आग्रह किया साथ ही कहा कि 25 प्रतिशत बाहरी लोगों को भी रोजगार दे कोई अपत्ती नहीं है।

## बड़े ही धूमधाम से निकाला गया भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय में भगवान जगन्नाथ जी भाई बलराम जी एवं बहन सुभद्रा के साथ सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर लोगों के दर्शनार्थ शहर में निकली। इस दौरान आम भक्तों ने रथ की रस्सी खींचकर रथ को आगे बढ़ाया। रथ में विराजमान तीनों विग्रहों के दर्शन के लिए जगह-जगह पर लोग इकट्ठा होकर प्रसाद चढ़ाएं एवं अमन चैन की कामना की। भगवान जगन्नाथ जी के रथ को आलोक मोहन स्मृति सेवा संस्थान के द्वारा भव्य रूप से सजाया गया। वहीं संस्थान के द्वारा भजन कीर्तन को लेकर वाद्य यंत्र की भी व्यवस्था की गई। वहीं चंदवा निवासी समाजसेवी राजेश चंद्र पांडे के सौजन्य से भगवान को फल का भोग लगाया गया। इसके पूर्व राधा कृष्ण मंदिर ठाकुरबाड़ी के पुजारी दिलीप उपाध्याय के सानिध्य में मुख्य यजमान युगेश्वर प्रसाद व पत्नी रीना देवी ने पूजन का कार्य संपन्न किया। इस आयोजन को सफल बनाने में निर्मल महलका, रामनाथ अग्रवाल, विजय गुप्ता, राजीव मिश्रा, रुपेश कुमार, श्याम अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पंकज गुप्ता, अशोक गुप्ता, अभिषेक उपाध्याय, श्याम मूर्ति गुप्ता, विपिन कुमार समेत कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## डीवीसी ने 77 वां स्थापना दिवस मनाया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने रविवार को अपना 77 वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर शहर के जुबली चौक के निकट होटल कार्निवल में स्थित डीवीसी कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ डीवीसी के तुबेद कोल माइंस के जीएम अरविंद कुमार ठाकुर ने डीवीसी का ध्वजारोहण कर किया। इस दौरान श्री ठाकुर ने कहा कि आज हम डीवीसी का 77 वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। यह हम सब लोगों के लिए सुखद पल है। उन्होंने कहा कि डीवीसी खनन के अलावा अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के दौरान सामाजिक सरोकार की गतिविधियों को संचालित करती है। साथ ही डीवीसी संचालित तुबेद कोल माइंस खुलने से क्षेत्र में समृदिध आयी है। इससे पहले भी तुबेद में कोलियरी संचालित करने के लिए कई कंपनियां आयी लेकिन वे सफल नहीं हो पायी है। लेकिन डीवीसी ने इसे सफल कर दिखाया है। आज तुबेद कोल माइंस से कोयले का उत्खनन व परिवहन हो रहा है। वहीं मंच का संचालन डीवीसी के एचआर रवि प्रकाश तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि आज से 77 वर्ष पूर्व डीवीसी की स्थापना हुई थी। तब से डीवीसी सामाजिक सरोकार के प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है।

## भाजपा जिला एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष ने मां के नाम एक पौधा लगाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भाजपा लातेहार एस सी मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन कुमार पासवान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर दिन शनिवार को खाली जमीन में मां के नाम एक पौधा लगाया। उन्होंने एक बातचीत के दौरान बताया कि पौधा लगाने से बहुत तरह की फायदा है पौधा हम लोगों को सुध आक्सीजन प्रदान करती है। एवं पौधा गर्मी के दिन में छाया भी देती है। उन्होंने पूरे जिले वासियों से अनुरोध किया कि अपने-अपने खाली जमीन में सभी लोग मां के नाम एक पौधा लगाएं ताकि वातावरण संतुलित रह सके। अभी आमतौर पर सुनने को मिल रहा है कि जलवायु परिवर्तन हो रही है। समय से पहले या समय के बाद मौसम का बदलाव देखा जा रहा है जो चिंता का विषय है। अगर पूरे भारत के सभी लोग एक-एक पौधा अपने मां के नाम लगाते हैं तो पूरे भारतवर्ष में अरबों पौधा लग जाएंगे। और जलवायु परिवर्तन को रोका जा सकता है।

## रथ पर सवार हो भगवान भाई बहन के साथ पहुंचे मौसीबाड़ी



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड के उगरा पंचायत अन्तर्गत स्थित वासुदेव राय महाप्रभु मंदिर कोरांबे में तथा सेन्हा में रथ यात्रा सह मेला का आयोजन हुआ। आयोजित रथ यात्रा मेला में भक्तों का भीड़ उमड़ पड़ा। सुबह से ही भक्तों ने मंदिर पूजा अर्चना सुख समृद्धि के लिये मङ्गल कामना किया साथ ही रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा जयकारा लगा कर भक्तों ने रथ का डोरी खींचा और भक्तों ने उत्साह से भगवान जगन्नाथ को भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसी बाड़ी पंहुचाया। वही भगवान नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में रह कर विभिन्न रुपों में प्रवास करेंगे। भक्तों ने भगवान के रथ का रस्सी खींच अपने को सौभाग्यशाली समझा रथयात्रा के दौरान पूरे प्रखण्ड क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ था। साथ ही भगवान का जय घोष वतावरण गूंज रहा था। कोराम्बे महाप्रभु मंदिर व ठाकुरबाड़ी सेन्हा में महिला पुरुष,बच्चे और युवा भगवान पूजा अर्चना कर दर्शन किए। वही मेला में खूब मिठाई चाट का बिक्री हुआ। जिसे रथयात्र के अवसर पर मेला का आनन्द उठाया। अप्रिय घटना घटित होने को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वस्थ्य विभाग की टीम 108 एंबुलेंस के साथ उपस्थित थे। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सेन्हा थाना पुलिस के जवान ए एस आई जमशेद खान के नेतृत्व में मुस्तैद थे।

**झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की लातेहार इकाई की बैठक संपन्न**

# परिसदन भवन में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बैठक में जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह को अध्यक्ष, परियोजना निदेशक आई टी डी ए प्रवीण गगराई को उपाध्यक्ष, अनुमंडल पदाधिकारी को सचिव, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार एवम जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा को संयुक्त सचिव एवम अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। बैठक में प्रखंड अंचल स्तर पर पदस्थापित राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हेतु सुरक्षा गार्ड की प्रतिनियुक्ति करने की मांग की गई। बैठक में राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की सेवानिवृति आयु 62 वर्ष करने का प्रस्ताव केंद्रीय कार्यकारिणी को भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में लातेहार जिले के जिला स्तरीय एवम प्रखंड स्तरीय झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी उपस्थित थे। अंत में अध्यक्ष उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री सर्जिकेयर हॉस्पिटल करें बेहतर सेवा : बैद्यनाथ राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित अंबाकोठी में रविवार को श्री सर्जिकेयर हॉस्पिटल का उद्घाटन लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने फिता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सबसे बेहतर सेवा है। पीड़ितों को बेहतर इलाज मिल सके इसका प्रयास करें। ताकि लोगों को आपके अनुभव का लाभ मिल सके। लातेहार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणि प्रसाद ने कहा कि चिकित्सक भगवान का दूसरा रूप होते हैं, इसलिए चिकित्सा को व्यवसाय से ज्यादा सेवा के भाव से किया जाना चाहिए। अस्पताल के व्यवस्थापक सह चिकित्सक श्रीकांत कुमार ने कहा कि लोगों को बेहतर से बेहतर सेवा देने का हम सबों का प्रयास रहेगा। अनुभवी चिकित्सकों के साथ-साथ हर संसाधन मुहैया कराने का हम सबों का प्रयास है। ताकि मरीजों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। महिला चिकित्सक पारामिता दत्ता ने कहा कि लातेहार जिला मुख्यालय में महिला चिकित्सक की कमी के कारण महिलाएं को बाहर जाना पड़ता था। अब उनका इलाज लातेहार में ही संभव हो सकेगा। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। मौके पर डॉक्टर शशिकांत कुमार, वृंदा प्रसाद सेवानिवृत शिक्षक, संतोष अग्रवाल, सुनील कुमार, अंकित पांडे, शेखर कुमार, रवि शंकर कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कुडू में रथयात्रा शांतिपूर्ण व भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न



**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू में रथयात्रा शांतिपूर्ण व भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हो गया। रविवार 7 जुलाई की सुबह कुडू इंदिरा गांधी चौक स्थित बिड़ला शिव मंदिर से भगवान जगन्नाथ,भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के प्रतिमा को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ कुडू बाजार टाड स्थित दुर्गा बाड़ी लाया गया था जहां सुबह से शाम तक दर्शनार्थियो की भीड़ लगी रही। पुरोहित जमुना पाठक, जनार्दन पाठक, ब्रजकिशोर पांडेय ने लोगो को पूजा करायी। पूजा के बाद भगवान को विग्रहों को रथ में सवार कर रथयात्रा निकली गयी। भगवान के जयकारे के साथ श्रधालु भक्तों ने रथ को खिंच कर बस स्टैंड स्थित दुर्गाबाड़ी हनुमान मंदिर मौसीवाड़ी पहुंचाया। जहां से नौ दिनो के प्रवास के बाद भगवान जगन्नाथ वापस इंदिरा गांधी चौक स्थित शिव मंदिर पहुंचेगे। ततपश्चात भगवान पुरे वर्षा ऋतू निंद्रा अवस्था में रहेंगे। पूजा व रथयात्रा में कुडू प्रखंड के अलावे अनेक प्रखंड के सैंकड़ो श्रद्धालू शामिल हुए। सुबह से हीदुर्गाबाडी मंदिर में पूजा के लिये भक्तों की लाइन लगी थी। त्यौहार को लेकर रौनक दिखी, बाजार टाड में मेला लगा जिसमे सर्वाधिक मिठाई और खिलौनों के दुकान में लोगो की भारी भीड़ रही। शांति व्यवस्था के लिये कुडू पुलिस भी पूरी तरह मुस्तैद दिखी।

# सिलवार स्थित जगन्नाथ धाम में रथ मेला के अवसर पर उमड़ा जनसैलाब

## धार्मिक मान्यता के अनुरूप भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र संग रथ पर सवार होकर पंहुचेंगे मौसीबाडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रविवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत सदर प्रखंड के सिलवार पंचायत स्थित सिलवार जगन्नाथ धाम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रथ द्वितीय के अवसर पर भव्य रथ- यात्रा मेला का आयोजन हुआ। यहाँ वर्ष 1952 में एक खपरैल मंदिर से भगवान जगन्नाथ की पूजा- अर्चना कुछ स्थानीय लोगों ने मिलकर शुरू की थी जो आज वृहत रूप ले चुका है। यहाँ स्थापित भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की प्रतिमा ओडिशा के पुरी से लायी गयी है। हरे- भरे पहाड़ियों की श्रृंखलाओं के बीच अवस्थित इस स्थल में वर्तमान समय में एक भव्य मंदिर का निर्माण हो गया है। मंदिर परिसर की खुबसुरती से आकर्षित होकर और यहाँ आयोजित धार्मिक रथ मेला में सम्मिलित होने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से श्रधालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। धार्मिक मान्यता के अनुरूप विधिवत पूजा- अर्चना के उपरांत सिलवार मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र संग रथ पर सवार होकर केशुरा पहाडी स्थित मौसीबाडी पंहुचेंगे। इस दौरान श्रधालुओं के साथ सुबह हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने भी यहां पंहुचकर ईश्वर की पूजा- अर्चना की और रथ को प्रणाम कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। मौके पर उनके साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ कारवाह श्रद्धानंद सिंह भी मौजूद रहें। मेले में आकर्षक का केंद्र झुला, मौत का कुंवा, ठेले और खोमचे में बिख रहे तरह- तरह की मिठाई रही। स्थानीय लोगों ने हिल ट्रैकिंग का भी जमकर आनंद ले रहे हैं। मेले के दौरान मंदिर समिति के लोग और पुलिस बल के जवान तत्परता और सक्रियता से मेले के सफल संचालन में जुटे हैं। मौके पर विशेषरूप से रामगढ़ जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, भाजपा नेता टोनी जैन, जयनारायण प्रसाद, महेश प्रसाद, ज्योत्सना देवी, पूनम मिश्रा, भागीरथ प्रसाद, महेंद्र राम, जगदीश प्रसाद, सामेंद्र सिन्हा, सुभाष प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, छोटेलाल शर्मा, कृष्णा मेहता, बबन गुप्ता, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।



## चौपारण के जीटी रोड़ पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चौपारण :** प्रखंड स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर बैजनाथ नगर, सियरकोनी में लगातार दूसरी साल आयोजित श्री रथयात्रा महामहोत्सव में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए और घंटों तक यहां श्रद्धालुओं के बीच रहकर इस दृश्य को देख अभिभूत हुए। यहां उन्होंने भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव और बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव संग रथ पर सवार भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की आरती करके एवं पूजा- अर्चना करके उनसे क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की साथ ही रथ का रस्सी भी खींचा । मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की जीटी रोड़ पर आस्था का जनसैलाब उमड़ा देख मन प्रसन्न हुआ। दूसरी बार यहां निकला रथयात्रा अभूतपूर्व, ऐतिहासिक और अद्भुत है । मनीष जायसवाल ने कहा की वाकई हमारा देश और समाज बदल रहा है। इस महोत्सव के आयोजन से धार्मिक आस्था का जनसैलाब ईश्वर भक्ति से सराबोर दिखा। हरे कृष्णा, हरे राम, जय श्री राम के साथ जय जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। रथयात्रा महामहोत्सव में भारत की विविधता में एकता की अद्भुत झलक पेश की। यहां रथ यात्रा चैती मोड़, चौपारण से शुरू होकर मौसीबाड़ी, बिगहा, चौपारण में जाकर समापन हुआ। सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग जिला अंतर्गत सिलवार, चौपारण में और रामगढ़ जिले के पोना पर्वत धाम और कैथा में भी श्री रथयात्रा के भव्य आयोजन के लिए आयोजनकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया ।

## 10 जुलाई को विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन प्रधान कार्यालय का होगा उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही हजारीबाग रोड करसो पुल के समीप विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन प्रधान कार्यालय का उद्घाटन 10 जुलाई बुधवार समय 11:00 बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जानकारी देते विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन अध्यक्ष मंजीत यादव ने बताया कि कार्यक्रम समारोह का मुख्य अतिथि बरही महिला थाना के एसआई खुशबू कुमारी होंगी। उन्होंने सामाजिक, बुद्धिजीवी राजनीतिक कार्यकर्ताओं से निवेदन किया है कि आप सभी की गरिमामयी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

## डपोक पंचायत के टोला पिपरा टांड में सड़क का हाल बेहाल, पैदल चलना भी है मुश्किल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के टोला पिपरा टांड में सड़क की स्थिति काफी दयनीय है। पहली बरसात में ही सड़क पूरी तरह कीचड़मय हो गयी है, वाहन तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। इसी मोहल्ला से राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डपोक तक से सड़क के कई हिस्सों में उभर आये गड्ढों में पानी जमा है। इस कारण लोगों को कीचड़ भरी सड़क के सहारे विद्यार्थियों गुजरना पड़ रहा है। सड़क का हाल काफी बुरा है संबंधित सड़क के निर्माण को लेकर ग्रामीणों की ओर से कई दफा आवाज उठायी गयी है, लेकिन इस दिशा में अब तक कोई भी सही पहल नहीं हो सकी है, इस कारण ग्रामीण काफी मायूस हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर किन कारणों से सड़क का निर्माण नहीं हो पा रहा है, यह समझ से परे है। पिपरा टांड़ सड़क के की स्थिति से स्थानीय विधायक को भी जानकारी दी गई लेकिन अभी तक समाधान नहीं पाया। सामाजिक कार्यकर्ता संजय यादव ने बताया कि सड़क का हाल बेहाल होने के कारण लगभग गांवों के लोग काफी परेशान हैं। वर्षा ऋतु की शुरुआत होने के साथ ही सड़क का हाल बुरा हो जाता है। इलाज आदि के लिए बाजार आने तक में काफी मुश्किल झेलनी पड़ रही है।



## हर्ष अजमेरा के द्वारा सिलवार स्थित जगन्नाथ मंदिर में भंडारा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के सिलवार स्थित जगन्नाथ भगवान के रथ यात्रा के शुभ अवसर पर युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने भगवान जगन्नाथ का पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों से सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना किया. इसके उपरांत मंदिर कमेटी के सदस्यों एवं पुजारी ने अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया इसके पश्चात श्री अजमेरा ने श्रद्धालुओं के बीच महाभोग स्वरूप खीर प्रसाद का वितरण किया जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद का आनंद लिया वहीं दूसरी ओर जय जगन्नाथ,जय राधा कृष्ण के जयकारों की गूंज गूंजती रही। मंदिर परिसर के आसपास के क्षेत्र में मेले का दृश्य श्रद्धालुओं को अपनी और आकर्षित कर रहा था बच्चों के लिए झूले, खानपान के अनेकों सामान के स्टॉल लगाए गए थे सभी श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक ईश्वर की आराधना करते हुए अपने निर्धारित गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे। मंदिर में प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली श्री अजमेरा के द्वारा सुबह 10:00 बजे से निरंतर रूप से भंडारा स्वरूप प्रसाद का स्टॉल श्रद्धालुओं के लिए देर शाम तक चलता रहा। मौके पर हर्ष अजमेरा ने रथ यात्रा की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जगन्नाथ मंदिर में सन 1952 से पूजा अर्चना की जा रही है यह मंदिर का इतिहास हम सभी को गौरवान्वित करता है। यहां की मूर्ति पुरी ओडिशा से लाया गया था। साथ ही श्री अजमेरा ने बताया कि पिछले दिनों मंदिर परिसर में शुद्ध पेयजल हेतु विभिन्न प्रकार की सामान उपलब्ध कराई गई थी ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को कोई भी तकलीफ ना हो। ईश्वर की असीम कृपा से रथ यात्रा मेला काफी ऐतिहासिक पूर्वक संपन्न हुआ।

## बरही चौक पर पूर्व विधायक के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का हुआ भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** चौपारण में आयोजित ऐतिहासिक भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल होने जा रही केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का बरही चौक पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के अगुवाई में भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ढोल ताशे एवं भक्ति गीतों से लवरेज धुन के साथ जोरदार स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने मंत्री अन्नपूर्णा देवी की सम्मान में बुके दिया। इस दौरान जय जगन्नाथ का जयकारे से बरही चौक गुंजायमान रहा। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, भाजपा नेता अर्जुन साव, मुखिया मोतीलाल चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, संतोष निषाद, राजकुमार केशरी, टिंकू आलम, सचिन यादव आदि मौजूद थे।

## बड़कागांव में रथ यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत राम जानकी मंदिर में पिंटू गुप्ता के नेतृत्व में पुजारी चिंतामन महतो द्वारा जगन्नाथ पूजा रथ यात्रा हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया। पूजा को लेकर श्रद्धालु सुबह से ही अपनी अपनी तैयारियों में जुट गए थे। सुबह से ही पूजा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान जगरनाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना की एवं अपने परिवार के लिए सुख व समृद्धि की कामना की। वही रथ यात्रा पूजा को लेकर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को सजी हुई रथ में बैठा कर नगर भ्रमण कराया गया। रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। रथ यात्रा राम जानकी मंदिर से शुभारंभ किया गया बिड़कागांव मुख्य चौक, दैनिक बाजार, कुशवाहा मोहल्ला, सूर्य मंदिर से पुनः वापस लौटते मुख्य चौक होते हुए देर शाम हजारीबाग रोड स्थित रेंज ऑफिस प्रेम नगर मौसी बाड़ी पहुंचा। जहां श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान का आरती उतार एवं पूजा अर्चना कर स्वागत कर अपने मौसी घर मंदिर में प्रवेश कराया गया। भगवान 9 दिनों तक मौसी बाड़ी में ही रहेंगे। पूजा को लेकर मेले का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। पूजा के 1 दिन पूर्व रात्रि में स्थानीय कलाकारों के द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भक्तजन शामिल होकर लोगों का सहयोग किया। पूजा को सफल बनाने में मुख्य रूप से मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से समाजसेवी बिंदु दांगी उर्फ बिंदेश्वर, पुजारी चिंतामणि महतो , पिंटू गुप्ता, इंग्लेश सोनी, संतोष ठाकुर, सरजू भुइयां, कृष्णा प्रजापति, हरि महतो, रामचंद्र गुप्ता, डोमन महतो, हरीनाथ राम, प्रेमचंद महतो, पदुम महतो, कीर्तन महतो, अंतू महतो, वीरेंद्र महतो, बंधन महतो, नागेश्वर साव के अलावा अन्य लोग शामिल है।

## कुंदन कांत विमल बड़कागांव के नए थाना प्रभारी बने



**बड़कागांव :** थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के निलंबन के बाद कुंदन कांत विमल बड़कागांव के नए थाना प्रभारी बनाए गए। कुंदन कांत विमल ने शनिवार रात को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान थाना के कर्मियों ने नए थाना प्रभारी का स्वागत कर प्रसन्नता व्यक्त किया। थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने कहा कि विधि व्यवस्था एवं क्राइम कंट्रोल पर विशेष ध्यान रहेगा। अवैध रूप से कोयला, बालू उत्खनन एवं कारोबार पर लगाम कसी जाएगी। बताते चलें कि नए थाना प्रभारी 2012 बैच के दरोगा है। इसके पहले हजारीबाग सदर थाना में पदस्थापित थे।

## प्रजापति समाज की बैठक में राजनीतिक भागीदारी पर हुई चर्चा



**इचाक :** झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की मासिक बैठक प्रजापति भवन परिसर में रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति उर्फ पप्पू और संचालन जिला सचिव ने किया। बैठक में आसान विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक पृष्ठभूमि तैयार करने को लेकर व्यापक चर्चा की गई। इसके अलावा संगठन की मजबूती, प्रखंड वार स्वजातियों की जनगणना, कोष का संग्रह तथा प्रजापति भवन की मरम्मती को लेकर कराने पर सहमति बनी। बैठक में आगामी 20 जुलाई को जिला जिला स्तरीय महासम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया। जिसकी तैयारी को लेकर जिला कमेटी की बैठक 10 जुलाई को 1:00 बजे दिन में प्रजापति भवन परिसर में रखी गई है ।जिसने जिला कमेटी से जुड़े सभी पदाधिकारियों से भाग लेने की अपील की गई है। बैठक में संरक्षक महेश प्रजापति ,सुखदेव प्रजापति, देवधारी प्रजापति, विष्णुधारी प्रजापति, राज्य कोषाध्यक्ष अजय प्रजापति के अलावा जिला कमेटी के सदस्य और पदाधिकारी मौजूद थे।

# सहायक पुलिस कर्मियों के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंचे संजय मेहता





- **सहायक पुलिस कर्मियों के आंदोलन को मिला संजय मेहता का समर्थन**
- **सहायक पुलिसकर्मियों के मांगों को स्वीकारे झारखण्ड सरकार : संजय मेहता**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हज़ारीबाग़ लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी रहे संजय मेहता ने रविवार को रांची पहुंच आंदोलनरत सहायक पुलिस कर्मियों से मुलाकात की। उन्होंने धरना स्थल पर जमे प्रदर्शन कारियों से कुशलक्षेम जाना एवं उनके मुद्दों पर गहराई से चर्चा की। जेबीकेएसएस की ओर से उन्होंने सहायक पुलिसकर्मियों के आंदोलन को समर्थन देते हुए आखिरी वक्त तक उनके साथ खड़े होने का वादा किया।उन्होंने झरखण्ड सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए कहा कि यह एक गंभीर विषय है, जहां आप या आपके अधिकारी नहीं पहुंच पा रहे वहां इन बहादुर जवानों ने अपनी सेवा दी है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इनका योगदान अहम है। ऐसे में इनका मानदेय मात्र दस हज़ार रुपये होना आश्चर्य की बात है।उन्होंने आंदोलनरत पुलिसकर्मियों की मुख्य मांग आरक्षी संवर्ग में समायोजन का समर्थन करते हुए कहा कि यदि सहायक पुलिसकर्मियों की मांगों को नहीं माना जाता है तो पूरे झारखण्ड से सैकड़ो युवा इस आंदोलन में भाग लेंगे। इसके जरिये सरकार पर दबाव बनाएंगे एवं हक अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे जब तक सरकार इस पर आवश्यक कदम नही उठाते।संजय मेहता ने झारखंड पुलिस के डीजीपी एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी धरना स्थल पहुंच पुलिस कर्मियों से संवाद स्थापित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मोरहाबादी में लगी बापू की प्रतिमा आपके कार्यालय से ज़्यादा दूर नहीं है। संवाद स्थापित नहीं होने से झारखण्ड के युवाओं में आक्रोश पनप रहा है जो गलत धारणाओं को जन्म दे रहा है। इसलिए आ कर बात-चीत करें।

## लाश पर राजनीति कर रहे हैं बरकट्ठा विधायक अमित यादव : साजिद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने शनिवार देर रात्रि हजारीबाग के बरकट्ठा के रघुनियाडीह पहुंच कर मौबलिचिंग में मारे गए मौलाना सोहराबुद्दीन की पत्नी असगरी खातुन और परिजन से मिलकर सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को बताया कि इस पुरे मामले के बारे में प्रदेश नेतृत्व को घटना के तुरंत बाद अवगत कराया जिसके तत्पश्चात अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने मामले कि जांच कर प्रदेश नेतृत्व को अवगत करा दिया था। जिसके बाद साजिद अली ने कहा कि झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हेदायत उल्लाह खान से मिलकर इस कहा कि यह मौबलिचिंग की घटना काफी शर्मनाक है एक व्यक्ति को सिर्फ इसलिए मार देना क्योंकि उन्होंने सर पर टोपी पहन रखा हो जिसके चेहरे पर दाढ़ी हो इस लिए जान से मार देना। बेहद ही अफसोसजनक जब देश में सविधान सर्वोपरि है तो हिंसक भीड़ कानून को अपने हाथों में कैसे ले सकती है । जांचोपरांत मौबलिचिंग मे शामिल लोगों को मामले में चिन्हित कर फांसी की सजा दिलवाने का कार्य करें पीड़ित को पच्चास लाख कि सहायता राशि के साथ परिवार के किसी एक सदस्य को शीघ्र सरकारी नौकरी दी जाये। बरकट्ठा विधायक अमित यादव के बयान पर पर कांग्रेस नेता साजिद अली खान ने कहा कि विधायक अपने जनाधार को खो दिया है सस्ती लोकप्रियता के लिए लाश पर राजनीति करने पर उतारू है विगत चुनाव में निर्दलीय विधायक लडे और अल्पसंख्यकों का वोट लेकर अल्पसंख्यक के विरुद्ध ही बयान बाजी करना कहीं से भी न्याय संगत नहीं है उन्हें मानवता के नाते भी पिडित परिवार से आकर मिलना चाहिये था।

## मुन्ना सिंह ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कुंडलबागी निवासी डॉ. हिरा लाल के सुपुत्र की सिलवार स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक दुखद दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कटकमदाग प्रखंड के नवादा पंचायत के कुंडलबागी स्थित पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। मुन्ना सिंह ने तत्काल मुफस्सिल थाना प्रभारी से बात कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया ताकि दोषियों को शीघ्र पकड़ा जा सके और मृतक के परिवार को न्याय मिल सके। इस मुश्किल घड़ी में वह पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं, और उन्हें न्याय दिलवाने के लिए हर प्रयास करेंगे। हम चाहते हैं कि दोषियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाया जाए ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## डीवीसी बार-बार स्थापना दिवस मना कर विस्थापितो के वर्षो पुराने जख्म को कुरेदती है : माही पटेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत कोनार डैम में रविवार को डीवीसी ने अपना 77 वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस समारोह में डीवीसी ने अपनी उपलब्धियां गिनाई। डीवीसी की स्थापना के मूल में बिजली उत्पादन के साथ साथ बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी शामिल था, लेकिन अब डीवीसी बिजली उत्पादन और बिक्री करने तक सीमित रह गया है। सामाजिक दायित्वों से उसे कोई सरोकार नहीं रहा। बताते है कि,डीवीसी के डैमों के निर्माण से बहुत बड़ी आबादी विस्थापित हुई थी। इन विस्थापितों को अलग अलग जगहों में बसाया जरूर गया, मगर आजतक इन्हें उस भूमि का मालिकाना हक नहीं मिला। लिहाजा विस्थापित भूमिहीन की श्रेणी में आने के कारण इन्हें सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। विस्थापितों की समस्याओं की आवाज बुलंद करने वाले माही पटेल उर्फ महेंद्र प्रसाद महतो ने विस्थापितो के दर्द को बयां करते हुए कहा कि संवेदनहीन डीवीसी प्रबंधन दरअसल विस्थापितों के आंसुओं पर स्थापना दिवस का जश्न मना रहा है। डीवीसी के तिलैया, मैथन, बोकारो और कोनार डैम के विस्थापित अपने हको-हुकूक के लिए दशकों से आंदोलनरत हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य, बिजली, सिंचाई और पेयजल जैसी न्यूनतम जरूरी सुविधाएं तक इन्हें नहीं मिली मिला है तो बस छलावा। विस्थापित गाँव नावाटांड़ के निवासी और बनासो पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर पटेल कहते हैं, कि मुखिया होने के नाते उन्होंने अपने क्षेत्र के विस्थापितों को स्वरोजगार देने समेत पुनर्वासित गाँव के विकास के लिए कई योजनाओं पर अमल करने का सुझाव दिया, परंतु उसपर कोई पहल नहीं हुआ। नतीजतन विस्थापित युवा रोजगार के लिए पलायन को मजबूर हैं। इसी गांव के सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश राम ने कहा कि विस्थापित भूमिहीन हैं।इसलिए आवासीय प्रमाण पत्र बनवाना इनके लिए बड़ी समस्या है।पीएम किसान सम्मान निधि जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ भी भूमिहीन होने के कारण हमे नहीं मिल पाता है। ऐसे में डीवीसी का स्थापना दिवस मनाना हमें चुभता है।

## दामोदर घाटी निगम का स्थापना दिवस मनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दामोदर घाटी निगम का 77वाँ स्थाापना दिवस पूरे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया । दामोदर घाटी निगम के हजारीबाग परियोजना में सर्वप्रथम सुबह 6.00 बजे प्रभात फेरी निकाली गयी फिर 10.00 बजे डीवीसी परिसर में डीवीसी के झंडे का झंडोत्तोयलन निदेशक (भूसंवि) व परियोजना प्रमुख, दाघानि, हजारीबाग परियोजना श्री संजय कुमार के द्वारा किया गया । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डीवीसी का इतिहास काफी समृद्धशाली और सुनहरा रहा है । अपने निर्माण समय से ही डीवीसी सामाजिक उन्नीति के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इसी के चलते हजारीबाग में सबसे पहले भूमि संरक्षण विभाग एवं विस्थानपितों के पुनरस्थापन हेतु कार्यालय की स्थापना की गयी थी दामोदर घाटी निगम में आस-पास के क्षेत्रों में कृषि, सिंचाई, वानिकी, भूमि संरक्षण आदि के विकास में महती भूमिका निभाई है। समय के बदलाव के कारण बिजली उत्पादन के द्वारा भी डीवीसी झारखण्ड राज्य और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्थापना दिवस समारोह के दौरान हजारीबाग स्थित विभिन्र् कार्यालयों के बीच दोपहर डीवीसी मैदान में दोस्ताना बॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसमें जीओएमडी-5, टीएससी, भूमि संरक्षण विभाग और जीओएमडी-7 (चार टीमों) ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता में विजेता टीम जीओएमडी-7 और उप विजेता टीएससी की टीम रही । डीवीसी परिवार के बच्चों के लिए चित्रांकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें डीवीसी कार्मिकों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संध्या को डीवीसी क्लब में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में डीवीसी परिवार के बच्चों ने नृत्य, संगीत, कविता पाठ आदि में बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ0 अशोक कुमार, अमीत कुमार शील, विकास दास, राहुल रंजन, सुमन भौमिक, जितेन्द्र झा, बिरू बहादुर, सुनील कुमार, धीरज कुमार, मदन कुमार, अरविंद कुमार, शंकर सिंह, दीपक राणा, गणेश बाबा, आदि ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया ।

## 18 जुलाई को पीवीयूएन गेट जाम किया जाएगा : अजेएसएस



**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल झारखंड श्रमिक संघ की बैठक आवासीय कार्यालय पतरातू में हुई जिसकी अध्यक्षता भुनेश्वर महतो ने किया बैठक मे मुख्य रूप से यूनियन के महामंत्री सतीश सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष चन्दन कुमार उपस्थित थे। बैठक को सम्बोधित करते हुए महासचिव सतीश सिन्हा ने कहा पीवीयूएन प्रबंधक लगातार मजदूरों का शोषण कर रही है मजदूरों को न्यूतम मजदूरी नहीं दे रहे है।प्रबंधक मजदूरों से जबरदस्ती 12 घंटा काम ले रही है जो की गलत है। ईएसआई केन्द्र नहीं खुलावा रही है। सुरक्षा का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हमारी यूनियन ने 11 सूत्री पत्र प्रबंधन को सौपा है। अगर प्रबंधन वार्ता नहीं करती है तो फैसले के मुतावीक गेट जाम किया जायेगा। उसके पहले 15 जुलाई को 3 बजे से आमसभा किया जायेगा जिसके मुख्य वक्ता यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष रोशनलाल चौधरी रहेंगे। बैठक मे राहुल रंजन,अशोक पाठक,आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो,ब्रजेश सिंह,राजेश पटेल,गणेश करमाली,विनोद सिंह,अनिल कुमार,राजेश रंजन,चमरू महतो,नीरज कुमार,राजेश कुमार, राजाराम कुमार,बादल कुमार,रोशन कुमार,मनोज कुमार,रवि सिंह,गणेश महतो,रवि सिंह,पंकज राय,इत्यादि शामिल थे।

## जेबीकेएसएस ने प्लांट के मजदूर को दिलाया उचित मुआवजा



**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की रामगढ़ प्रखंड के दोहाकातु पंचायत अंतर्गत लोलो निवासी फागु मुंडा वैष्णवी प्राइवेट लिमिटेड राउता, मरार में काम करता था, उनकी मृत्यु 05.07.2024 को फैक्टरी से लगभग 500 मीटर की दूरी मे फागु मुंडा का लाश मिला था द्य मुवावजा और नियोजन को लेकर रविवार को वैष्णवी पेप्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड रौता , मरार, रामगढ़ और मृतक फागु मुंडा पिता स्वर्गीय भुवनेश्वर मुंडा ग्राम लोलो ( दोहाकातु) परिजनों एवं जेबीकेएसएस के प्रतिनिधियों के बीच मुआवजा को लेकर मानवता के आधार पर आम सहमति बनी द्य मृतक फागु मुंडा के सुपुत्र रोहित मुंडा को 7,50000 ( साढ़े सात लाख ) रुपए मुआवजा के रूप में कंपनी के द्वारा चेक के माध्यम से दिया जाएगा द्य फागु मुंडा के सुपुत्र रोहित मुंडा को 21 वर्ष पूर्ण होने पर नियोजन/नौकरी दी जाएगी द्य मृतक फागु मुंडा के परिजन एवं जेबीकेएसएस के प्रतिनिधि किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं करेंगे तथा कंपनी के तरफ से भी किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी द्य इन सभी बातों पर आपसी सहमति बनी द्य इस सफल वार्ता में मुख्य रूप से रवि महतो ,आनंद केटिया, पानेश्वर कुमार, बिहारी महतो, देवा नंद महतो, तुलेश्व महतो, कुल दीप महतो, संतोष महतो,शिवनंदन मुंडा, विनोद कुमार महतो, अनूप प्रकाश ,राजेश मुंडा ,रूपा महतो लीलावती महतो, जग मोहन महतो,कंपनी प्रबंधक के अजय कुमार गुप्ता ,मृतक के परिजन दीपक कुमार मुंडा समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।

## भोजन सेवा के 9 वर्ष संपन्न




**भुरकुंडा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा में दातून पतल बेचने वाले गरीब महिला पुरुष एवं बच्चों को साप्ताहिक बाजार में भोजन वितरण के 9 वर्ष एवं 468 सप्ताह जन सहयोग के माध्यम से सेवा जारी है मंच ने जन सहयोग करने वाले सभी समाज सेवी को 9 वर्ष में भोजन सेवा के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। मंच ने भोजन आरंभ 3 जुलाई 2016 को दिन रविवार को की थी। जगतार सिंह डब्लू सिंह उमाशंकर जायसवाल संजय अग्रवाल रिंकू वर्णवाल रघुवंश सिंह उदयभान दुबे शुक्रा करमाली शिवकुमार यादव इम्तियाज अली मोहम्मद शाहिद इत्यादि समाजसेवी उपस्थित थे।रविवार को पूरी सब्जी एवं जलेबी का वितरण किया गया।

## हाईवा की चपेट में आने से एक बुद्धिजीवी की गई जान

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला थाना क्षेत्र के टोनागातु के पास शनिवार देर शाम हाईवा की चपेट में आने से बाईक सवार सेवानिवृत्त व्याख्याता(खोरठा) की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सेरेंगातु निवासी शकुल महतो(65 वर्ष) के रूप में हुई। घटना के पश्चात ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने के उद्देश्य से मृतक के शव के साथ घंटों सड़क जाम किए रखा। घटना की सूचना मिलते ही गोला पुलिस सदलबल घटनास्थल पर पहुँच गई तथा ग्रामीणों से काफी मशक्कत कर शव उठाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण जिद्द पर अड़े रहे कि जबतक मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा सहित अन्य सुबिधायें मुहैया नहीं कराई जायेगी तब तक शव उठाने नहीं दिया जायेगा। ग्रामीणों के अनुसार एक हाईवा कोयला लोड किए हुए प्लांट की ओर जा रहा था उसी समय बाईक पर सवार होकर शकुल महतो अपने घर लौट रहे थे तभी हाईवा ने शकुल महतो को कुचलते हुए प्लांट के अन्दर चला गया। जानकारी के अनुसार मृतक शकुल महतो पूर्व में सीपीसी इंटर कॉलेज कमता से खोरठा के व्याख्याता के पद से सेवानिवृत्त हुए थे तथा वर्तमान में ग्रामीण चिकित्सक के बतौर कार्य करते थे।

# पोड़ा गेट मे ओमप्रकाश साव को गोली मारकर जख्मी करने वाले दो आरोपी पिस्टल के साथ गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ में भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के पोड़ा गेट पर ओमप्रकाश साव को गोली मारकर जख्मी करने के मामले में आरोपी शिवराज उर्फ शिवा (19 वर्ष) पिता बिहारी राम निवासी शिवाजी रोड सयाल और विक्रम कुमार (22वर्ष) पिता राजकुमार राम, निवासी पिपला सेंटर, सयाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से गोली चालने में प्रयुक्त देशी पिस्टल और बाइक जब्त किया है। इस संबंध में रविवार को जिला पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बीते पांच जुलाई को पोड़ा गेट के पास रात लगभग 09ः00 बजे ओम प्रकाश साह को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया। जिसका ईलाज मेदांता राँची में चल रहा है। इस संदर्भ में पतरातु थाना में कांड संख्या 181/2024. दिनांक 06.07.2024 धारा दर्ज किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने पतरातु अंचल



पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि गुप्त सूचना मिली थी कि कांड का आरोपी अपने साथी के साथ उरीमारी से सयाल चेकपोस्ट की ओर एक मोटर साईकिल पर आनेवाला है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम ने अभियान चलाकर उरीमारी-सयाल चेकपोस्ट पर शिवराज और विक्रम को पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि इसी पिस्टल से पुरानी रंजिश में ओमप्रकाश साव को गोली मारी थी। वहीं अवैध पिस्टल रखने के आरोप में दोनों पकडाये अभियुक्तों के विरूद्ध पतरातु थाना में कांड संख्या 182/2024, दिनांक 07.07.2024 धारा-25(1-b)a/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक पतरातु अंचल योगेंद्र सिंह, भुरकुण्डा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, भुरकुंडा ओपी के पुअनि अविनाश कुमार, निर्भय कुमार गुप्ता, कुणाल कुमार, सदलबल शामिल थे।

# पोना पर्वत धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसीत होने से क्षेत्र का विकास होगा : अमृतलाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** बड़कीपोना स्थित पोना पर्वत धाम में रथ द्वितीय के मौके पर रविवार को रथ यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक प्रतिनिधि सह आजसू के केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा व विशिष्ट अतिथि मुखिया अरबिंद सिंह, भाजपा नेता राजीव जायसवाल, पंकज महतो, रमेश दांगी मौजूद थे। रथ यात्रा का उदघाटन अतिथियों द्वारा विधिवत रूप से किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि पोना पर्वत धाम को जल्द ही पर्यटन स्थल के रूप में विकसीत किया जाएगा। इसके लिए रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दे चुके हैं। जल्द ही यह पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। क्योंकि



यहां हर वर्ष भव्य मेला का आयोजन किया जाता है।

जिसमे भारी संख्या में श्र द्धालु पहुंचते है। पर्यटन स्थल के रूप में विकसीत होने से क्षेत्र का भी विकास होगा। इसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दिया गया है। इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, बालभद्र, सुभद्रा की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा अर्चना के लिए यहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी हुई थी। सर्वप्रथम सुबह 6ः00 बजे श्रृंगार पूजा किया गया। श्रृंगार पूजा के पश्चात चक्षुदान भी किया गया। शाम को भगवान जगन्नाथ के साथ बालभद्र और सुभद्रा को सिहासन रूपी रथ पर विराजमान कर उनकी पूजा अर्चना कर शाम लगभग 5ः30 बजे रथ यात्रा निकाली गई। इसके बाद भक्तों ने भगवान को मौसीबाड़ी पहुंचाया। यहां संध्या आरती की गई। पूजा अर्चना का कार्य रजरप्पा स्थित लुगू आश्रम के आचार्य राम शरण गिरि बाबा द्वारा किया गया। इस दौरान यहां मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग यहां पहुंच कर मिठाइयां और अन्य सामानों की खरीदारी की। वही बच्चों ने खिलौना एवं आइसक्रीम चाट का आनंद लिया। मौके पर संरक्षक उमेश कुमार, अध्यक्ष नेमचंद दांगी, सचिव ईश्वर कुमार, कोषाध्यक्ष होनी कुमार, राधेश्वर महतो, सचिन कुमार, मनोज कुमार, मदन पासवान, बिजय कुमार, निर्मल महतो, डॉ चरकु रविदास सहित कई मौजूद थे।

## चेकिंग के दौरान हुआ बड़ा हादसा, ट्रैफिक सिपाही बुरी तरह घायल

**मांडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार के दिन मांडू थाना के सामने चेकिंग अभियान चलाया गया जिसको लेकर हुआ बड़ा हादसा।चेकिंग के दौरान घटि घटना के संबंध में बताया जाता है कि मांडू थाना के सामने आए दिन चेकिंग लगाया जाता है इसी दौरान दो बैक सवार हजारीबाग की ओर से आ रहे थे। सागर हेंब्रम पिता देवलाल मांझी दुरू कस्मार निवासी दूसरा दिलीप सोरेन पिता कर्मा मांझी परेज कॉलोनी निवासी को रोकने की कोशिश में ट्रैफिक सिपाही चंद्रा सोरेन बुरी तरह घायल हो गए वहीं इस संबंध में बताया जाता है कि चंद्रा सोरेन के द्वारा रुकने का इशारा किया गया जैसे गाड़ी रूकती की गाड़ी सीधा जाकर चंद्रा सोरेन को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेजा गया जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया है वहीं दोनों युवक भी घायल हैं जिनका इलाज मांडू स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। कुछ लोगों ने बताया कि बैक सवार जूंही गाड़ी को रोकते कि सिपाही चंद्रा सामने आ गए जिससे यह घटना घटी गई।

## कैथा का ऐतिहासिक रथ मेला 75 वर्षों से लग रहा है : सचिव राजेश



**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला का ऐतिहासिक रथ मेला नगर परिषद क्षेत्र कैथा में पिछले 75 वर्षो से रथ मेला का आयोजन किया जा रहा है मेला को लेकर कुछ ऐतिहासिक विचारधारा और परंपरा है कि मेला का आयोजन कब से किया गया लगभग 1950 से रथ यात्रा एवं मेला का आयोजन किया गया उसे समय के निवर्तमान संस्थापक मुख्य पुजारी शरणानंद स्वामी एवं धर्मपत्नी निधु वाला चटर्जी के द्वारा विधि विधान रथ मेला में पूजा अर्चना शुरू की गई लंबी अंतराल और परंपरा के अनुसार आज भव्य मेला का आयोजन किया जाता है भगवान जगन्नाथ सृष्टि के संचालक हैं और पालन करता भी भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा भाई बलभद्र का पूजन होता है इस पर मेला समिति के सचिव ने बताया कि चटर्जी के पूर्वज ही भगवान जगन्नाथ की मंदिर का स्थापना किया था आज उनके वंशज पूजा अर्चना करते आ रहे हैं,आज के दौर में रामगढ़ जिला का सर्वमान्य ऐतिहासिक रथ यात्रा बन गया है प्रत्येक वर्ष आषाढ़ द्वितीय तिथि को मेला का आयोजन किया जाता है जिसका संचालन कैथा गांव के मेला समिति के लोग करते हैं जिसमें रामगढ़ जिला सहित पास पड़ोस के हजारों हजार की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ का दर्शन का पूजा अर्चना होती है श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी करते हैं, सचिव ने बताया कि मंदिर के संस्थापक शरणानंद स्वामी जी 24 मार्च 1945 को निधन हो गया जबकि उनके धर्मपत्नी निधु वाला चटर्जी का निधन 21 मार्च 2008 को हुआ, मेला में पास पड़ोस के दूर दराज से भारी संख्या में लोग अपनी कामना के साथ मेला का आनंद उठाते हैं वर्तमान समय में मेल को मनोरम और काफी आकर्षक बनाने के लिए मेला समिति के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पूजा अर्चना का केंद्र बनाया है जो बरकरार है, मेला में रंग-बिरंगे बैलून से लेकर बड़े-बड़े झूला का आयोजन किया जाता है सैकड़ो दुकानदार अपनी दुकान लगाकर मिठाइयां भेजते हैं, भगवान के दर्शन के पश्चात भक्ति जागरण का आयोजन भी 1ः00 बजे दिन से देर शाम तक किया जाता है जिससे श्रद्धालु धार्मिक गीतों का आनंद लेते हैं झूमते हैं नाचते हैं और खूब लुफ्त उठाते हैं,

# कैथा रथ में भगवान जगन्नाथ पहुंचे मौसीबाड़ी, श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला का ऐतिहासिक कैथा रथयात्रा मेला का आयोजन हुआ किया गया,पिछले 75 वर्षो से मेला का आयोजन हो रहा है रथ यात्रा को लेकर अहले सुबह से ही भक्तों और श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था।विधि विधान से वैदिक मन्त्रोंचारण के साथ श्रद्धा पूर्वक भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र को रथारुढ कर भक्तों ने तीनों विग्रहों को मौसीबाड़ी पहुंचाया ?कैथा रथयात्रा में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र का पूजन किया जाता है। भगवान जगन्नाथ के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। भगवान जगन्नाथ सृष्टि के संचालक और पालनकर्ता हैं।वार्ड पार्षद देवधारी महतो कहा की रथारुढ को भक्तों



द्वारा खींचने से पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने भगवान से जगत कल्याण व लोकमगंल की कामना किया।वही कमेटी सचिव राजेश कुमार महतो ने कहा कि कैथा रथयात्रा रामगढ़ जिले का गौरव है।कैथा रथयात्रा का ऐतिहासिक महत्व है। भगवान जगन्नाथ भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के पूजन का विशेष महत्व है। मेला समिति की ओर से खीर-खिचड़ी भंडारा का आयोजन किया गया मेला में पहुचे हज़ारों श्रद्धालुओं ने अमृततुल्य प्रसाद ग्रहण किया,मेले में झूला सौंदर्य प्रसाधन,मिठाइयां और रेवड़ियां की दुकान विशेष आकर्षण के केंद्र रहे।

रथयात्रा मेला में बच्चे, युवा,महिला सहित सभी वर्गो का उत्साह देखते ही बन रहा था। मेला में आकर्षण का केंद्र बना रहा बड़ा झूला मिकी माउस, झूला नौका झूला जिसका मेला में पहुँचे लोगों ने खूब लुफ्त उठाया,सभी भक्तिमय भाव में डूबे नजर आए। मेला आयोजन समिति के द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया जिसमें खूब लोग झूम नाचे गए और मेला का लुफ्त उठाया,वहीं इस अवसर पर मुख्य रूप से वार्ड पार्षद देवधारी महतो आयोजन समिति सचिव राजेश महतो, कोषाध्यक्ष आशुतोष चटर्जी, मुख्य पुजारी भागवत नारायण चटर्जी,गणेश महतो,संजय करमाली,चुनीलाल महतो,माधव करमाली राम प्रकाश महतो, डीया महतो,चुनीलाल महतो,राजकुमार महतो,संदीप महतो,अजय आस्था,धीरू कुमार,परितोष चटर्जी,अमित ,संदीप कुमार, केशरलाल महतो,प्रकाश महतो, संजय कुमार महतो ,संदीप महतो,धीरू महतो,अजय आस्था,अमित दास ,नागेश्वर करमाली, विजय राम मनोज कुमार, विजय रविदास,प्रभात अग्रवाल, रंजीत,टिंकू,सहित सैकड़ों श्रद्धालु व ग्रामवासी सम्मलित थें।

# रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** छावनी दामोदर बैडमिंटन इंडोर स्टेडियम रामगढ़ मैं आयोजित रामगढ़ स्पोर्ट्स अकैडमी बैडमिंटन के संस्थापक अरुण कुमार राय के द्वारा रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था जिसका समापन 6 जुलाई की रात्रि को किया गया फाइनल मैच के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन एवं विशिष्ट अतिथि में छावनी परिषद के बड़ा बाबू अनिल कुमार प्रजापति रामगढ़ जिला बैडमिंटन के सीनियर खिलाड़ी रहे पप्पू मित्रा रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू छावनी परिषद के जेईई पिंटू कुमार रामगढ़ जिला की महिला चिकित्सक डॉक्टर ममता रंजन, टूर्नामेंट के आयोजन की मुख्य भूमिका रोहित कुमार एवं आकाश कुमार झा के द्वारा संपन्न हुआ उक्त टूर्नामेंट में सीनियर खिलाड़ी 32 प्लेयर्स 16 टीम



पार्टिसिपेट कर रहे थे इसके विजेता रहे सागर साहू एवं ऋषिकांत कुमार की जोड़ी ने मैं प्रथम सत्र का विजेता बना वही उपविजेता आकाश झा एवं बिट्टू कुमार की जोड़ी रहे जिन्हें मुख्य अतिथियों कि हाथों ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार दिया गया, अंडर -17 बॉयज सिंगल में 12 प्लेयर्स पार्टिसिपेट किया सिंगल के विजेता बने उमंग झा वही उपविजेता रुद्राक्ष रंजन दोनों को अतिथियों के द्वारा ट्राफी एवं नगद पुरस्कार दिया गया टूर्नामेंट में. वूमेंस की टीम ने भी भाग ली थी कुल 6 प्लेयर अंडर 19 एज ग्रुप की भाग ली थी इसके विजेता रही स्मृति एवं कशिश रानी उपविजेता रही भूमिका शर्मा एवं खुशी आनंद महिला खिलाड़ियों को भी ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार डॉक्टर ममता रंजन के हाथों प्रस्तुत किया गया... बेस्ट प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट का पुरस्कार बिट्टू कुमार को दिया गया,वही फेयर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट तुलसी बेदिया एवं सिकंदर सोरेन को प्रस्तुत किया गया यह जोड़ी ने स्पोर्ट्समैन स्पीड का परिचय बहुत ही बखूबी से दिया था, बिट्टू कुमार ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है उपस्थित तमाम खेल प्रेमी आए हुए अतिथियों मुख्य अतिथियों को सभी को अपने खेल से प्रभावित किया था .! रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी के संस्थापक अरुण कुमार राय ने बताया कि इस तरह का टूर्नामेंट अगले अक्टूबर माह में पुनः इसी इंडोर स्टेडियम में करवाया जाएगा जिसमें प्लेयर्स की संख्या इसके डबल व ट्रिपल किया जाएगा और बड़े आयोजन के लिए हम लोग अभी से तैयारी में लग चुके हैं हमारे उद्देश्य है हर प्लेयर्स को प्लेटफार्म देना, रामगढ़ जिला में अन्य खेलो का बेवस्थित प्लेटफॉर्म नहीं होने के वजह से बहुत से खिलाड़ी अपने प्रतिभा दिखाने से वंचित हो जाते हैं मैं लगातार कोशिश में हूं अगर हमारे पास संसाधन हो जैसे खेल का मैदान खेलने के लिए उपयुक्त स्थान तो मैं पूर्ण रामगढ़ जिला को बताना चाहता हूं की रामगढ़ जिला को खेल के रूप में पहचान दिलाने का मैं भरपूर प्रयास करता रहूंगा, छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी श्री अनंत आकाश जि से हमारी वार्ता हुई इनडोर स्टेडियम के बगल में जो जगह खाली है यथा शीघ्र वॉलीबॉल और बास्केटबॉल का कोर्ट तैयार किया जाएगा अन्य खेलों के स्थान के लिए भी चर्चा हुई है । रामगढ़ जिला के सीनियर खिलाड़ी पप्पू मित्र ने कहा हमारे समय में इस तरह का संसाधन नहीं हुआ करता था उसके बाद भी हमने नेशनल तक खेला आज के बच्चों के लिए तो इस तरह का प्लेटफार्म मिलना एक बड़ी बात है आयोजन के लिए उन्होंने बधाई दिया और हर संभव मदद करने के लिए वचन दिया मुख्य अतिथि अशोक कुमार जैन ने कहा पहली बार में इस इनडोर स्टेडियम में आया हूं फाइनल मैच देखकर काफी अच्छा लगा व्यवस्था देखकर काफी प्रसन्न हूं धन्यवाद देता हूं छावनी परिषद को एवं आयोजन करता अरुण कुमार राय को इस तरह का व्यवस्थित करना छावनी परिषद बधाई के पात्र हैं आयोजन के लिए अरुण कुमार राय को बहुत-बहुत बधाई खिलाड़ियों अनुशासन में रहकर खेलें आने वाले दिनों में आप जिला राज्य और देश का नेतृत्व अनुशासन में रहकर ही कर सकते हैं आयोजन के सदस्य रोहित कुमार एवं आकाश कुमार झा के द्वारा जितने भी पार्टिसिपेट किए थे सभी को मोमेंटो प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है ताकि आप लोग सभी भाग लेने वाले उक्त टूर्नामेंट के खिलाड़ी आने वाले अक्टूबर में होने वाला टूर्नामेंट के लिए अच्छे से तैयारी करें आपको हमेशा यह प्रतीक चिन्ह तैयारी करने को लेकर आपके अंदर खेल भावना को जगाए रखेगा सभी पार्टिसिपेशन को बधाई दिया।

धनबाद मंडल द्वारा चलाया गया विशेष टिकट चेकिंग अभियान

## 1145 यात्रियों से वसूले गए 5 लाख 17 हजार 140 रूपए जुर्माना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे धनबाद स्टेशन में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग एवं मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग के साथ-साथ गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गई। इस जांच अभियान में कुल 1145 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 05 लाख 17 हज़ार 140 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान में 188 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करे। उक्त सारी जानकारी वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

मिशन दस हजार पौधरोपण के तहत मदरसा के बच्चों ने लगाए पौधे

## मेहनत रंग लाएगी, झरिया में हरियाली छाएगी : अखलाक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** झरिया में प्रदूषण की रोकथाम के लिए सामाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट और ग्रीन लाइफ के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे मिशन दस हजार पौधरोपण के तहत झरिया के हुसैनाबाद 10 नंबर स्थित मदरसा हनफिया फुरकनिया के छात्रों व शिक्षकों ने यूथ कॉन्सेप्ट के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाल आसपास के क्षेत्रों में लोगों को पौधरोपण व उनके संरक्षण को लेकर जागरुक किया। रैली में शामिल छात्र अपने हाथों में पेड़ लेकर ÷ पेड़ पौधे मत करो नष्ट, सांस लेने में होगा कष्ट, पेड़ लगाओ, कोयलांचल की धरती को सुंदर बनाओ, इस धरती को सुंदर बनाए, चलो इस बरसात मिल कर पेड़ लगाए÷ जैसे नारे लगाते हुए खास झरिया 9 न. चानक के समीप पहुंचे और यहां नीम, आम, पीपल, बाबुल, गुलमोहर, बांस, अमरूद, सागवान, शीशम, जामुन आदि के दर्जनों पौधे लगाए। पौधरोपण के समय बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे जिन्होंने लगाए पौधे का संरक्षण कर उसे बड़ा करने का प्रण लिया।

मौके पर यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा की झरिया के हर कोने में हरियाली लाना ही मिशन दस हजार पौधरोपण का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि देश के मानचित्र पर झरिया के सबसे प्रदूषित शहर में नाम आने के बाद भी सरकारी स्तर पर इसके रोकथाम के लिए कारगार कदम नहीं उठना यह बताने के लिए काफी है की हम नागरिकों को ही अब खुद से पहल करना होगा और प्रदूषण का स्तर घटाने के लिए पौधारोपण से अच्छा उपाय क्या हो सकता है। वहीं मदीना मस्जिद के इमाम हाफिज इमामउद्दीन ने कहा पेड़ों से इंसान को ऑक्सीजन मिलता है और चिकित्सकों का भी मानना है कि हरियाली के बीच रहने वालों की उम्र औसतन आम लोगों से 10 वर्ष ज्यादा होती है। इस लिए लोग इस मिशन में शामिल होकर बड़े पैमाने में पौधरोपण भी कर रहे हैं और लोगों को इसके लिए जागरूक भी कर रहे हैं ताकि इस मॉनसून में झरिया में ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण हो सके।

हाजी शमीम अख्तर ने कहा की हमने कोरोना काल में देखा है की ऑक्सीजन बिना मानव जीवन कितना भयावह हो सकता है। भविष्य में हमें वैसे हालातों से न गुजरना पड़े इसलिए आज हमलोग इतनी बड़ी संख्या में मदरसा के बच्चों के साथ पौधारोपण कर रहे हैं। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम लोग भी स्वस्थ्य रहेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से हाफिज इमामउद्धह, हाजी शमीम अख्तर, अखलाक अहमद, मो इकबाल, मो महताब आलम, उदय राय यादव, वाहिद अंसारी, बालीराम दास, गोलू बाउरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## ब्लड बैंक की मांग को लेकर सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कतरास में ब्लड बैंक की स्थापना की मांग को लेकर हिंदुस्तानी नागरिक गण ने धनबाद सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा। हिंदुस्तानी नागरिक गण के संस्थापाक एवं अध्यक्ष संतोष कुमार स्वर्णकार ने कहा की बाघमारा विधानसभा क्षेत्र मे एक भी ब्लड बैंक नहीं है।

कतरास क्षेत्र मे ब्लड बैंक की स्थापना 15 दिनों के अंदर पहल नहीं की गई तो रणधीर वर्मा चौक पर तीन दिवसीय आमरण अनसन 30/07/24 से 01/08/24 तक किया जायेगा। मोके पर उपस्थित संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष संतोष कुमार स्वर्णकार, उपाध्यक्ष किशोर कुमार रविदास, मुख्य कार्यकर्ता, रवि कुमार, संगठन मंत्री संजय दास, अरुण दास, सक्रिय सदस्य राजेश कुमार स्वर्णकार, पवन देव ठाकुर, सोमनाथ दे, अर्जुन चौधरी, प्रगति सिन्हा, करण दास, आलोक नाथ दे एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

## ट्रस्ट द्वारा पारजोरिया में किशोरी समूह का किया गया गठन




**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा महुदा के पारजोरिया बस्ती में बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण व किशोरी सशक्तिकरण को लेकर लक्ष्मी कुमारी की अध्यक्षता में किशोरी समूह का गठन किया गया। उक्त समूह में 30 किशोरी शामिल हुई। किशोरियों ने समूह का नाम किशोरी विचार मंच रखा। इससे पहले झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की सचिव हलिमा एजाज ने किशोरी समूह गठन के उद्देश्य व फायदे गिनाते हुए किशोरी सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा किया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिनोद महतो ने सभी किशोरियों का स्वागत किया एवं कोर्डिनेटर माला देवी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, रंजीत राय, रानी कुमारी ,लक्ष्मी कुमारी ,चंदा कुमारी ,सुलोचना कुमारी, पूजा कुमारी, दिव्या कुमारी, काजल कुमारी, डॉली कुमारी ,सुमन कुमारी, सीमा कुमारी, नेहा कुमारी, परी कुमारी, एकता कुमारी, प्रमिला कुमारी, बेबी कुमारी, पूनम कुमारी, रानी कुमारी, मेनका देवी, चंचला देवी ,अंजू देवी, उर्मिला देवी, संज्योति देवी, मुंगिया देवी, भद्री देवी, कलावती देवी, उषा देवी, सुनीता देवी आदि ने भाग लिया ।

## बसपा तमिलनाडू चीफ के आर्मस्ट्रांग के हत्यारे को फांसी की सजा मिले, लीपापोती होने पर होगा बड़ा आन्दोलन : सुबल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बीएसपी तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को चेन्नई में हुई हत्या के विरोध में बहुजन समाज पार्टी धनबाद जिला में उबाल है। इसको लेकर बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, जोन प्रभारी सुबल दास की अगुवाई में धनबाद के कार्मिक नगर में हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अभय कुमार ने किया। कार्यक्रम में बसपा कार्यकर्ताओं द्वारा इस घटना का कड़ा विरोध करते हुए हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने की मांग के साथ देश में चल रही जातिवादी हिंसक अमानवीय घटना की तीखी आलोचना किया गया। मुख्य रूप से अपने संबोधन में श्री दास ने कहा कि बसपा महापुरुषों के द्वारा दिखाया गया रास्ता व मिशन को पूरा करने के वास्ते निरंतर आंदोलनरत रहती है और इस कार्य में बसपा के नेता कार्यकर्ता अपने को पूर्ण रूप से समर्पित किए रहते हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के बसपा अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग पेशे से वकील थे और वह अपने प्रदेश में दलितों के आवाज के रूप में स्थापित थे, जिन्हें दुश्मनों को नागवार लगा और अमानवीय रूप से उनकी नृशंस हत्या कर दी गई। जिसकी निंदा जितनी भी की जाए वो कम होगी। उन्होंने आर्मस्ट्रांग के प्रति भावभीनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति शोक जता कर कहा कि अगर इस मामले मे किसी भी तरह का लीपा पोती किया जाता है तो पार्टी इसके खिलाफ जोरदार आंदोलन चलाने पर मजबूर होगी। बैठक में लोकसभा प्रभारी राम प्रवेश पासवान, जिला प्रभारी सुनील कुमार रविदास व मोहम्मद साकिब अंसारी, जिला उपाध्यक्ष गणेश भारती, रंजीत विद्यार्थी, मनोज दास, विनोद पासवान आदि उपस्थित थे।

## भगवती के जयकारों से गूंजा जागृत मंदिर चिरागोड़ा

### 1501 महिलाओं ने मंगल कलश लेकर किया नगर भ्रमण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जागृत मंदिर चीरागोड़ा में नव दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं रूद्र चण्डी महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को पुण्य तिथि व पुण्य योग में शुरू हुआ। मंदिर प्रांगण में सुबह छह बजे यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे के नेतृत्व में आचार्य धर्मेंद्र पांडे, सुनील पांडे, अखिलेश पांडे, गणेश शास्त्री, रतन पांडे, सौरभ दुबे, विक्की मिश्रा, लवकुश पांडे, सत्यानंद पांडे, ऋषभ कुमार, सुमन पांडे, श्रीकांत पांडे, नीतीश पांडे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कर किया गया। जिसके बाद महिलाएं सर पर मंगल कलश लेकर नगर भ्रमण को निकली।गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में माता रानी के जयकारे से पूरा माहौल गूंजायमान हो रहा था।

धनबाद भाजपा विधायक राज सिन्हा भी अपने समर्थकों के साथ कलश यात्रा में शामिल हुए। यात्रा मंदिर से निकल कर लोको टैंक पहुंची। जहां से जल लेकर हीरापुर पार्क मार्केट होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। नगर भ्रमण मे महिलाओं के साथ काफी संख्या मे श्रद्धालू माता की जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। तपती धूप व उमेश भरी गर्मी में कलश लेकर चल रही महिलाओं की सेवा के लिए कई जगहों पर समिति द्वारा शीतल पेयजल का भी प्रबंध किया गया था। कलश यात्रा के मंदिर परिसर पहुचने के बाद वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार शुरू हुआ। आचार्य सुबोध पांडे के द्वारा सर्वप्रथम पंचांग पूजन, ततपश्चात अग्नि स्थापन, मंडप प्रवेश कराया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए आचार्य श्री पांडे ने बताया कि 8 जुलाई को पुण्यतिथि व पुण्य योग में सुबह 6ः00 बजे से यज्ञ मंडप में वेदी पूजन, मंडप पूजन, कुंड पूजन होगा। वाराणसी से आए विद्वानों के द्वारा रूद्र व चण्डी पाठ का प्रारंभ होगा। संध्या में आरती होगी। जगत जननी जगदंबा, शंकर भगवान, राम दरबार, राधा, कृष्ण, बजरंग बली, शिव लिंग, शीतला माता के प्रतिमा में 15 जुलाई 24 को दोपहर 3:40 में प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा।

## आर के मोटर्स द्वारा ई-स्कूटी व ई-रिक्शा शोरूम का हुआ उद्घाटन



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोविंदपुर गिरिडीह मुख्य मार्ग के धधकीटांड मोड़ में आज रविवार को आर के मोटर्स द्वारा ई स्कूटी एवं ई ऑटो रिक्शा शोरूम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ज्ञान रंजन सिन्हा ने विधिवत नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर शुभ उद्घाटन किया इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते सिन्हा ने कहा कि भागदौड़ के इस युग में लोगों को इस तरह के वाहनों खासकर प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी साथ ही कम कीमत होने के कारण सब इस वाहनों को खरीद सकेंगे। वहीं शोरूम के प्रबंध निदेशक रविन्द्र मंडल ने उद्घाटन समारोह के दौरान कहा कि बाजार में लगातार पेट्रोल की वृद्धि को देखते हुए जनता की बिशेष मांग पर आज इलेक्ट्रीकल वाहनों की लगातार मांगे बढ़ रहा है इस तरह के वाहनों से लोगों को कई तरह की सुविधाएं मुहैया हो सकेगा सर्वप्रथम पेट्रोलियम पदार्थों से छुटकारा, लाइसेंस को कोई जरूरत नहीं, ध्वनि प्रदूषण नहीं ऐसे कई तरह की सुविधाओं से लैस इस वाहन के लांच होने से आम लोगों को राहत मिलेगा। मौके पर ज्ञान रंजन सिन्हा,सोनू मंडल, पवन पाण्डेय, कृष्णा मंडल समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मलेशिया से नहीं आया संतोष का शव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** बगोदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जरमुने पूर्वी पंचायत के नावाडीह ग्राम के बरेबारी निवासी बारून महतो के 22 वर्षीय पुत्र संतोष महतो की मलेशिया में मौत एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी शव भारत नहीं लाया जा सका हैं। जिसकी वजह से आज पूरा परिवार सदमे से गुजर रहा हैं।पति का शव को मलेशिया से मंगाने को लेकर पत्नी सुमन देवी गुहार लगा रही हैं। मगर अभी तक शव नहीं पहुंचा हैं। अपनी पीड़ा बयां करते हुए पत्नी सुमन देवी ने बताया कि परिवार की खराब आर्थिक स्थिति को देखते हुए 4 मई 2024 को पति संतोष महतो काम करने के लिए मलेशिया गए थे।वहाँ एलएनटी कंपनी कंपनी में कार्यरत थे।मगर इसी बीच अचानक 30 जून 2024 को उनकी मौत का समाचार मिलने पर दुःखो का पहाड़ टूट पड़ा।पत्नी का कहना हैं कि मौत को लगभग एक सप्ताह समय बीतने को हैं अभी तक किसी तरह का मुआवजा राशि मिल पाई है ना ही मलेशिया से उसके पति का शव यहाँ नहीं पहुँच सका।शव का अंतिम संस्कार नही होने से परिवार के सदस्य परेशान हैं।उनके 2 साल के मासूम पुत्र आदित्य कुमार की लालन- पालन व पढाई लिखाई को लेकर काफी चिंतित हैं।वहीं प्रवासी मजदूरों के हितार्थ में हमेशा कार्य करने वाले समाजिक कार्यकर्ता सिकन्दर अली मृतक के घर पहुंच कर संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात है कि संतोष महतो की मौत लगभग एक सप्ताह से अधिक समय जाने के बाद भी शव नहीं आ सका हैं।जिससे उनकी मौत से आज पूरा परिवार सदमें में हैं और परिवार वाले काफी चिंतित हैं।फिलहाल एक बूढे माता-पिता जिसका बेटा पहली उसकी नजरों से दूर हुआ और अब उसकी जिंदगी से दूर हो गया और आखिरी बार उसका चेहरा भी देखने को नहीं मिल रहा हैं।उस परिवार पर क्या बीत रही होगी।इसलिए सरकार से निवेदन करना चाहूँगा कि संतोष महतो का शव मलेशिया से उचित मुआवजे के साथ जल्द भारत वापस लाया जाय।

## पूर्व सांसद स्वर्गीय ए.के राय की पुण्यतिथि को लेकर बैठक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का एक बैठक हीरापुर एलसी रोड में हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी एवं संचालन जिला सचिव राणा चट्टराज ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा की पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 21 जुलाई को धनबाद में पूर्व सांसद स्वर्गीय ए.के. राय का पुण्यतिथि एवं 11 अगस्त को शहीद खुदीराम बोस का शहदत दिवस लिंडसे क्लब, हीरापुर में मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक किया गया। यह दोनों ही कार्यक्रमो में प्राण जीवन एकेडमी एवं अभय सुंदरी स्कूल के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होने कहा कि स्वर्गीय ए.के. राय एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि एक विचार थे। उनका पूरा जीवन सादगी भरा रहा। उन्होंने सिद्धांत से समझौता कभी नहीं किया।

## भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा व भक्तजनों के सेवा के लिए शामिल हुए : अमरेश सिंह

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शामिल हुए अमरेश सिंह ने कहा सभी धनबाद वासियों की उपलब्धि रही की भगवान जगन्नाथ बलदेव एवं सुभद्रा का दर्शन करके, रथ यात्रा का रस्सी खींच के पुण्य प्राप्त किया।भगवान जगन्नाथ का रथ यात्रा खींचना हर किसी के नसीब में नहीं होता है आप सभी भक्तजन एवं श्रद्धालु अपने आप को धन्य महसूस कर रहे हैं और सबसे बड़ी खुशी की बात है कि इस धनबाद शहर में इस काम के द्वारा बहुत ही भव्य मंदिर का निर्माण होने जा रहा है जिस जिसकी जमीन का चयन किया जा चुका है। इस्कॉन मंदिर निर्माण की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। धनबाद में भगवान जगन्नाथ की कृपा से रथ यात्रा हर वर्ष भव्य होते जा रही है।धनबाद में भगवान जगन्नाथ की कृपा से मंदिर निर्माण बहुत जल्द होगा। इस्कॉन धनबाद के द्वारा आज भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा दुर्गा मंडप, स्टील गेट, रणधीर वर्मा चौक की यात्रा पश्चात गुंडीचा (गोल्फ ग्राउंड) पहुंचने के उपरांत बहुत ही मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की भक्तगण आज भगवान जगन्नाथ के दर्शन, नमन एवं जगन्नाथ खिचड़ी महाभोग ग्रहण करके अपने शुभ कार्यों को प्रारंभ करेंगे।

## 51 लीटर जल कंधों पर लेकर देवघर के लिये निकला विराट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया के पवित्र राजदाह धाम के उत्तरवाहिनी बराकर नदी से सरिया निवासी विराट सिंह 51 लीटर जल कंधो पर लेकर 205 किलोमीटर की यात्रा कर सावन के अंतिम सोमवारी को बाबा बैद्यनाथ को समर्पित करने के उद्देश्य से प्रस्थान किया, यात्रा की शुरुआत बराकर नदी से स्नान व संकल्प के साथ की गई, इस बाबत विराट सिंह ने बताया की यह मेरी दूसरी कांवर यात्रा है और चौथा पैदल यात्रा है इससे पहले हम पैदल केदारनाथ यात्रा व माँ वैष्णोदेवी की यात्रा कर चुके है मेरा उद्देश्य सनातन धर्म के प्रति लोगो को जागरूक करना व प्रचार प्रसार करना है इस पैदल यात्रा को पूरा करने मे 35 से 40 दिन लगेगा जिसके बाद हम इस पवित्र जल को भगवान भोलेनाथ को देवघर मे समर्पित करेंगे वहीं तपस्वी संत मौनी बाबा राजदाहधाम समिति के द्वारा विराट को अंग वस्त्र , फल व कुछ नगद राशि दे कर स्वागत कर सफल यात्रा की कामना की है, मौके पर दिनेश वर्मा, राजकुमार वर्मा, देवाशीष बदल, निरंजन राय समेत कई धर्म प्रेमी मौजूद थे।

## प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत, बगोदर पूर्व विधायक ने जताया शोक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम उरों निवासी सरजू सिंह के पुत्र (25 वर्ष) शुभम सिंह,मुंबई में सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया।शुभम रोड क्रॉस करने के क्रम में बस ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे शुभम गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां के लोगों ने उससे तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। शुभम दो सप्ताह तक ईलाजरत रहें इसी क्रम में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुंबई से पार्थिव शरीर सुबह उरों गांव पहुंचने की अत्यंत दुखद समाचार पाकर मृतक के आवास पहुंचे बगोदर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो। शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी सवेंदना प्रकट किए। तत्काल पूर्व विधायक ने श्रम विभाग की ओर से पीड़ित परिजनों को प्रवासी मजदूर को मिलने वाली सहायता राशि दिलवाने में हर संभव मदद का भरोसा दिया। मृतक अपने पीछे माता पिता पत्नी और एक बेटा को छोड़ इस दुनिया को छोड़ चल बसा।शुभम के निधन से परिजनों का दुख का पहाड़ टूट पड़ा। इस दौरान धीरन पासवान, मिथलेश सिंह, छोटू ठाकुर, संतोष यादव, उमा शंकर, अजय सिंह, कोलेश्वर सिंह, बसंत सिंह, परमजीत सिंह, संजय यादव, ब्राह्मदेव मोदी, भुनेश्वर पासवान, सुरेश मोदी सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहें।

## टुंडी के पश्चिमी क्षेत्र के नवाटांड में नवनिर्मित एकलव्य विद्यालय का जिला पदाधिकारी व अभियंताओं ने किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी/धनबाद :** टुंडी प्रखण्ड पश्चिमी क्षेत्र के नवाटांड पंचायत अंतर्गत केंद्र सरकार के द्वारा आदिवासियों के लिए प्रारंभ की गई महत्वाकांक्षी योजना एकलव्य आवासीय विद्यालय को जल्द से जल्द शुरू करने के लेकर शनिवार को जिला कल्याण पदाधिकारी एवं भवन प्रमंडल के अभियंताओं की टीम ने टुंडी के सुदूर पश्चिम क्षेत्र स्थित फतेहपुर पंचायत के नावाटांड स्थित एकलव्य विद्यालय का नवनिर्मित विद्यालय एवं आवासीय परिसर का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उपस्थित संवेदक को भवन में पाए गए कुछ त्रुटियां को एक सप्ताह के अंदर दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में पूछे जाने पर जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद ने बताया कि यह योजना केंद्र सरकार की है तथा सरकार की मंशा इसे इसी सत्र में प्रारंभ करने की है। निरीक्षण के इस क्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी मोहम्मद नियाज़ अहमद, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता चंदन कुमार, सहायक अभियंता अभिषेक मेहता, कनीय अभियंता अशोक पूर्व, शालिनी सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मुफ्त शिक्षा केन्द्र महुदा ने युवा भारत के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष को अर्पित किया श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा बस्ती में युवा भारत के द्वारा संचालित मुफ़्त शिक्षा केंद्र के कार्यालय के प्रांगण में सामाजिक कार्यकर्ता दयानन्द कनकदांडे की बीते सप्ताह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उनकी याद में आज रविवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजनयुवा भारत के कार्यकताओं के द्वारा किया गया। दयानंद जी युवा भारत के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। देश भर के कई आंदोलनों में उनकी भूमिका रही हैं। कार्यक्रम की शुरुवात पुष्पांजलि दे कर तथा मोन धारण कर किया गया। सभा को साक्षरता प्रखण्ड समन्वयक भागीरथ सिंह, प्रदेश संयोजक रमेश महतो, संजय माली, राधू राय, जिला प्रभारी नैंसी शर्मा, टाटा नगर प्रभारी रूपा देवी ने संबोधित किया। सभा का संचलन युवा भारत के राष्ट्रीय समन्वयक एवं केंद्र के संस्थापक उमेश कुमार तुरी ने किया। कार्यक्रम में मुफ्त शिक्षा केंद्र के बच्चे एवं उनके अभिभावक शामिल रहे।

# लोहरदगा में निकली सुसज्जित भव्य रथ यात्रा, भगवान श्री कृष्ण, बलराम व सुभद्रा संग पहुंचे मौसीबाड़ी

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने पूजा अर्चना करते हुए सुख शांति व अमन चैन के लिए की प्रार्थना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण में भगवान श्री कृष्ण, बलराम और सुभद्रा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह 6:00 बजे से ही देखने को मिला सर्वप्रथम महंत राम नरेश शरण (ठाकुरबाड़ी मंदिर लोहरदगा), महंत ओमप्रकाश शरण (श्रीराम जानकी तपोवन मंदिर रांची) चतुर्भुज दास, मनोज दास, अयोध्या दास,मोहन दास, शैलेश दास, वरुण दास, सर्वेश पाठक, विष्णु दास, आदित्य दास द्वारा भगवान श्री कृष्ण बलराम और सुभद्रा का पूजा संपन्न होते ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ी। भक्तों ने प्रसाद चढ़ाने को लेकर कतार वध लाइनों में खड़ी अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। भक्तों ने पूरी अनुशासित तरीके से भगवान जगन्नाथ जी का दर्शन करते




हुए प्रसाद चढ़ाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। बता दे की शहर में ठाकुरबारी मंदिर के अलावे तिवारी दुरा जगरनाथ मंदिर और तेतर तर बालिका स्कूल से रथ यात्रा निकाली जाती है। इस रथ यात्रा में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से आए भक्तों ने भगवान जगरनाथ जी के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान हुआ। वही पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से थाना प्रभारी के नेतृत्व में चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती थी और स्वयं थाना प्रभारी द्वारा शहर का भ्रमण एवं निगरानी करते नजर आए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आया भक्तों ने सुबह 6:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक भगवान जगन्नाथ जी का दर्शन के लिए लगा रहा ताता उसके उपरांत 4:00 बजे से ठाकुर बारी मंदिर एवं तिवारी दुरा जगरनाथ मंदिर और तेतर तर बालिका स्कूल से रथ यात्रा निकाली गई जो गुदरी बाजार, तेतर तर, थाना टोली, शास्त्री चौक, अप्पर बाजार होते हुए मौसी बाड़ी पहुंचे। रथ यात्रा के दौरान रस्सी खींचने के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़। जिसमें हजारों की संख्या में सनातन धर्म के महिलाएं बुजुर्ग एवं बच्चे शामिल हुए,जयकारे के साथ पूरा शहर भक्तिमय हो गया एवं प्राकृतिक छटा भी देखने को मिली, जगह जगह दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी भक्तो ने पुष्प वर्षा से भगवान को श्रद्धा सुमन अर्पित किए, मेले में बच्चों की उत्साह देखने को मिल रही थी। शहर में पुलिस प्रशासन की भी चाक-चौबंद पूरी तरह दुरुस्त थी, जिले में अलग-अलग स्थानों पर वर्ष 1754 से रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने पूजा अर्चना करते हुए उन्होंने संयुक्त रूप से कहा की जिले में अमन चैन शांति और जिले की सर्वांगीण विकास हो ऐसी कृपा आपका बना रहे।साथ ही उन्होंने कहा कि देश भर में हो रही तरह तरह की घटनाओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तैयारी कर ली है, जगह जगह पर जवान मुस्तेद कर दिये गए है किसी भी अनजान वस्तु को छूना या कोई भी अनजान वस्तु दिखे तो तुरंत पुलिस को खबर करने के भी निर्देश दिए गए थे, शरारती तत्वों पर विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है।

# आजसू पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार : कंवलजीत सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी की जिला संयोजक मंडली की पहली बैठक आज दिनांक 6 .7.2024 को आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय लोहरदगा में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव श्रीमती नीरू शांति भगत शामिल हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य संयोजक कंवलजीत सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से संगठन का विस्तार एवं भावी कार्यक्रमों की घोषणा के साथ-साथ चूल्हा प्रमुख जल्द से जल्द बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रत्येक प्रखंड की संगठन की स्थिति पर विशेष चर्चा हुई भावी कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए कहा गया कि वर्तमान सरकार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत दिनांक 8.7.2024 दिन सोमवार को भंडरा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष प्रातः 10¬30 बजे से एकदिवसीय धरना दिया जाएगा, जबकि 9.7.2024 दिन मंगलवार को किस्को और पेशरार प्रखंड मुख्यालय में धरना दिया जाएगा। दिनांक 10.7.24 दिन बुधवार को सदर प्रखंड मुख्यालय एवं नगर परिषद कार्यालय लोहरदगा में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा।



इस कार्यक्रम के लिए सभी जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत प्रभारी एवं प्रखंड प्रभारी सहित सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए पार्टी विरोधी कार्य कर रहे जिला के कोषाध्यक्ष संजीव सिंह उर्फ संजू सिंह को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित करने का निर्णय लिया गया। आज की बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष ओम भारती, जिला संयोजक मंडली के सभी संयोजको मे सूरज अग्रवाल, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, अरविंद यादव, महेंद्र कुमार महतो, रामकुमार महतो उर्फ बबलू महतो, डॉक्टर लाल मनीष नाथ शाहदेव, विनोद उरांव, आसिफ इकबाल, विलियम कुजूर, विश्वनाथ उरांव, विजय उरांव, मोहम्मद शाहिद अंसारी, राजू गुप्ता, सरस्वती देवी,अंजू देवी,जहांगीर आलम सहित अन्य लोग उपस्थित थे। केंद्रीय अध्यक्ष माननीय सुदेश कुमार महतो जी के राँची आवास में दिनांक 5.7.24 को लोहरदगा जिला के पदाधिकारी के साथ हुई बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो ने 21 सदस्यी जिला संयोजक मंडली का गठन करते हुए कहा कि यह संयोजक मंडली आगामी चुनाव के मद्देनजर पार्टी द्वारा निर्धारित सारे कार्यक्रम करेगी। संगठन विस्तार का काम करेगी और भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए संगठन को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेगी। कंवलजीत सिंह ने कहा कि आजसू का एक एक कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार है और इस बार आजसू पार्टी लोहरदगा में पुन¬ अपना परचम लहराएगी।

# अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा के बीएड और डी एल एड संकाय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पदाधिकारी कुंदन गिद्ध द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम और विविध प्रकार की प्रतियोगिताओं तथा पंकज भारती द्वारा महाविद्यालय की नर्सरी में तैयार पौधो का वितरण कराया गया। महाविद्यालय परिसर में सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा पौधा लगाया गया, जिसके उपरांत प्राचार्य डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी, आफताब, जंग बहादुर, रेणुका, ममता, ऋ तु, अजॉय, चिनीबास, शिव और प्रशिक्षुओ के द्वारा पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण को हरित रखने का संकल्प किया गया। वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रतियोगिता में



नीलिमा कुजूर एवं अंकित साक्षी द्वारा पोस्टर मेकिंग, विद्या कुमारी, जैस्मिन मिंज, नीलिमा कुजूर द्वारा स्लोगन, प्रिया उरांव अमित ठाकुर, अश्विन बा, तपन चीक बडाईक द्वारा प्रतिभाग किया गया जिन्हे पौधा प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी ने बताया कि अविराम अपनी नर्सरी में प्रति वर्ष पांच हजार पौधो को तैयार कर वितरित करता है और पौधारोपण करता है तथा इसके अतिरिक्त भी वर्ष भर भी हजारों पौधे लगाए जाते है और निरंतर प्रयास तथा जागरूकता हरित क्षेत्र के विकास हेतु किया जाता रहता है, स्वयं सचिव इंद्रजीत कुमार के द्वारा व्यक्तिगत रूप से इस कार्य को बीस से भी अधिक वर्षो से पौधारोपण को पर्यावरण और आजीविका के साथ जोड़ कर यह कार्य व्यापकता के साथ कराया जा रहा है।

# दूसरों पर दोष लगाने की आदत मत डालो : एनोस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पूर्व मंत्री सह झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने रविवार को कुकुभुका चर्च में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर कहा दूसरों पर दोष लगाने की आदत मत डालो ताकि तुम पर भी दोष न लगाया जाये। न्याय उसी फैसले के आधार पर होगा, जो फैसला दूसरों का न्याय करते हुए दिया गया था और परमेश्वर तुम्हें उसी नाप से नापेगा जिससे तुमने दूसरों को नापा है। पूर्व मंत्री और संदेश एक्का प्रखंड के कई चर्चो में जाकर परमेश्वर की बिनती प्रार्थना की। मौके पर पूर्व मंत्री ने मंडली के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा के परमेश्वर की योजना से ही कुछ बोल पा रहे हैं। उन्होंने बाइबल के और सु समाचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसा व्यवहार हम अपने लिये दूसरे लोगों से चाहते हो, वैसा ही व्यवहार हमे भी उनके साथ करना चाहिए।



उन्होंने कहा कि स्वर्ग में स्थित मेरे परम पिता की इच्छा पर चलने वाले लोग ही स्वर्ग में प्रवेश कर पाएंगे। उन्होंने उपस्थित लोगों से बाइबल और पिता परमेश्वर के संदेशों का अनुसरण करते हुए मानव सेवा करते हुए मंडली को मजबूत और संगठित करने की बात कही। बाबूराम लकड़ा, अमन खेस, सुदीप लुगुन, प्रमोद खेस, बसंत खलखो, बिरसा मांझी, अमुस खेस, अंकित सुरीन सहित कई लोग उपस्थित थे।

**प्रभु में विश्वास से होता है चिंता का अंत : संदेश**

झारखंड पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा कि ईश्वर ने हमें सामर्थ्य की आत्मा दिया है, न कि डर और चिंता का। संदेश ने कहा कि परमेश्वर पर विश्वास रखने की स्थिति में प्रभु के मदद के लिए आप निश्चिंत रहेंगे। चिंता का अंत प्रभु में विश्वास से ही है।

# कर्मचारी महासंघ लोहरदगा का जिला सम्मेलन 22 सितंबर को : मुमताज अहमद



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, जिला शाखा लोहरदगा के सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक सहकारिता भवन परिसर लोहरदगा में मुमताज अहमद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से दिनांक 22 सितम्बर 2024 को जिला महासंघ लोहरदगा का सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन का स्वागताध्यक्ष-शैलेन्द्र कुमार सुमन, स्वागत सचिव- महेश कुमार चौहान, कोषाध्यक्ष-रउफ अंसारी तथा सदस्य के रूप में जिला महासंघ के सभी पदाधिकारी, संघों/यूनियनों के सभी जिलाध्यक्ष/सचिव तथा सभी सक्रिय कार्यकर्ता निर्वाचित किए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि सम्मेलन में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिला तमाम राजपत्रित पदाधिकारियों एवं राज्य महासंघ के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाय। अगली बैठक दिनांक 20 जुलाई 2024 को समाहरणालय के समीप किया जायगा।सम्मेलन में कुल 400 प्रतिनिधि एवं प्रेक्षक भाग लेंगे। बैठक में महेश कुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार सुमन, मुमताज अहमद, मो0 जफर आलम, देवेन्द्र लाल दास, अजय कुमार सिंह, आनन्द कुमार सिंह, महातम यादव, धर्मेंद्र कुमार, रविशंकर आदि शामिल थे।

# सभी धर्म का आदर करते हुए मानव सेवा करें : एनोस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** सभी धर्म का आदर करते हुए मानव सेवा और मानव कल्याण करना चाहिए। कोई भी धर्म हमें ईर्ष्या, बेईमानी, पाप और अनाचार के शिक्षा नहीं देता है। पूर्व मंत्री एनोस एक्का रविवार को रथ यात्रा के मौके पर आयोजित मेले के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को रथ यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए समाज के कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रभु जगन्नाथ सभी लोगों को सुख समृद्धि और अमन शांति प्रदान करें। इससे पूर्व एनोस एक्का, जिप अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, सीओ अनूप कच्छप, प्रमुख दुतामी हेमरोम, युवा नेता संदेश एक्का आदि ने फीता काट कर और नारियल फोड़ कर मेले का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने मेले का भ्रमण भी किया और उपस्थित लोगों से मिलकर रथ यात्रा की बधाई दी। मौके पर अभिषेक प्रसाद, डबलू प्रसाद, आशीष सिंह, रवि बड़ाइक, बिट्टू सहित कई लोगों उपस्थित थे।

# बस स्टैंड में व्याप्त सभी समस्या को दूर करने का किया जा रहा है प्रयास : विधायक भूषण बाड़ा

## बस स्टैंड में बने प्याऊ का विधायक भूषण बाड़ा ने किया उदघाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** वीर शहीद तेलंगा खड़िया बस स्टैंड में स्थित शीतल पेय प्याऊ का उद्घाटन रविवार को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने किया। मौके पर विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण किया। प्याऊ लायंस क्लब सिमडेगा ग्रेटर सिमडेगा द्वारा बस स्टैंड में विधायक मद से सुदृढ़ीकरण एवं सुंदरीकरण किया गया है। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि बस स्टैंड पहुंचने वाले लोगों को हर सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्याऊ का निर्माण किया गया है। ताकि बस स्टैंड आने वाले यात्रियों को पेयजल के लिए इधर उधर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड में ब्याप्त अन्य समस्याओं को भी दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। बस स्टैंड परिसर में लाइट की समुचित




व्यवस्था करने का निर्देश बिजली विभाग को दे दिया गया है। नगर परिषद को शौचालय, पंखा आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। स्टैंड में पहुंचने वाली माता बहनों की सुविधा के लिए स्टैंड में पिंक टॉयलेट भी बन चुका है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द बस को व्यवस्थित तरीके से खड़ा करने के लिए सुविधा बहाल की जाएगी। बस एजेंटों के लिए टिकट काउंटर की भी व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने प्याऊ के संचालन के लिए लायंस क्लब के प्रति आभार ब्यक्त किया। मौके पर मंच संचालन दीपक अग्रवाल रिंकू ने किया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य समरोम पौल टोपनो, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, प्रवक्ता रणधीर रंजन, नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अक्षण), नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, शशि गुड़िया, लायंस क्लब के मुकेश गोयल, विनय अग्रवाल, विक्की, भरत अग्रवाल सहित विधायक प्रतिनिधि तिलका रमण, कौशल किशोर रोहिला, चंदन कुमार सिंह, प्रतिमा कुजूर, मो अरमान, अरशद खान, लखण गुप्ता, उर्मिला केरकेट्टा, मंजू तिर्की, ज्योति लुगुन सहित बस स्टैंड के सचिव राजेन्द्र सिंह, हाजी जावेद, मो रुस्तम, गुड्डू खान, मो शकील, मो मजहर अंसारी, मो तन्नून, मनोज, अरुण, पप्पू शर्मा, मो इरशाद, मो असफर,बॉबी, मो सनाउल्लाह, बबलु, मन्नान लाल चौधरी आदि उपस्थित थे।

# कैरो के हनहट में धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 07 जुलाई रविवार को प्रखंड के हनहट रथ मेला मे उमड़ा हजारों श्रद्धालुओं की भीड़। इस अवसर पर 07 जुलाई को सुबह से ही भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के दर्शन व पुजा पाठ को लेकर श्रृद्धालुओं का ताँता लगा रहा। वही 05 बजे शाम को भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा जिस रथ मे सवार थे उसे श्रद्धालुओं ने खींच कर मौसीवाडी तक पहुँचाया। इस अवसर पर मेले मे कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी छ्न्दा भट्टाचार्य एवं थाना प्रभारी नीरज झा के निर्देश पर मेले मे प्रतिनियुक्त डंडाधिकारी सहायक अभियंता राजीव कुमार एवं कैरो थाना के एएसआई संजय कुमार सिंह व थाना के सदल बल के साथ ड्यूटी मे मुश्टैड दिखाई दिये। मेले मे आयोजन समिति के मोहन साहू, शशिकान्त सिंह, कृष्णामणि यादव, दीपक दुबे, विकास भगत, सीताराम महतो, श्यामसुन्दर उराँव, विनोद सिंह, गोविंद महतो, सुनील यादव, बोलवा उराँव, विष्णु उराँव, मन्नु उराँव, बसंत महतो समेत इत्यादि गणमान्य लोगों के सहयोग से रथ मेला शांति और सौहार्द के साथ हर्षोल्लास पुर्वक संपन्न हो गया।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 25 लोगों ने अपना स्वास्थ्य की जांच एवं इलाज कराकर हुए लाभान्वित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 108 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर इस शिविर का शुभारंभ किये, सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किये,आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 25 लोगों ने अपना स्वास्थ्य की जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की जरूरतमंदों का सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है, और कहा कि बीमारी का इलाज के साथ-साथ खान-पान के चीजों में भी परहेज से कई बीमारियों को भी ठीक किया जा सकता है और होने



वाली बीमारियों से भी बचा जा सकता है। डॉ कुमुद ने कहा की लोग समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहना चाहिए एवं गर्म पानी का ही सेवन करें। सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 1 जून 2022 से लगातार प्रत्येक सप्ताह के रविवार को सुबह 1 घंटा के लिए लगाई जाती है, जो कि निरंतर चलते रहेंगे,आज लोगों ने अपना स्वास्थ्य हेतु शुगर, वजन, बी.पी, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल, आदि का चेकअप करवाते हुए डॉक्टर से अपने बीमारियों से संबंधित परामर्श भी लिए, आज शिविर में, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी, सुबोध महतो, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता,अतुल सराफ, ए सके मिश्रा, रंजना मिश्रा, गंगोत्री देवी, गोपाल मेहता, सत्यम सर्राफ, रामचंद्र गिरी, सुरेंद्र प्रसाद साहू, नारायण प्रसाद, सोनिया पोद्दार, संध्या अग्रवाल, तपेश्वर अग्रवाल, प्रभु साहू, कुणाल साहू, रमेश शर्मा, किशोर अग्रवाल, अनीता देवी आदि थे।

# भंडरा मे ऐतिहासिक नव दिवसीय रथयात्रा मेला शुरू

## रथ में सवार होकर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा पहुंचे मौसीबाड़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड में नौ दिवसीय ऐतिहासिक रथ यात्रा सह मेला में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान के दर्शन को लेकर भक्तों की कतार अहले सुबह से ही ठाकुरबाड़ी मंदिर में जुटनी शुरु हो गई थी।जय-जय जगन्नाथ के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। लोगों में भगवान के दर्शन और रथ खींचने को लेकर एक प्रतिस्पर्धा नजर आई। रथ पर रथाआरुड़ होकर भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के सभी विग्रहों के साथ हरी बोल के उद्घोष के साथ मौसी घर पहुंचे। मौके पर सुबह के पहली बेला से लेकर देर शाम तक भगवान के जयकारे से पूरा वातावरण गूंजता रहा। जय-जय जगन्नाथ व हरी बोल के जयकारों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय में रमा रहा। इस दौरान भगवान के दर्शन और रथ खींचने




के लिए आम-खास उमड़ पड़े। लोहरदगा, रांची, गुमला, लातेहार सहित आस-पास के हजारों की संख्या मे भक्त भगवान का रथ खींचकर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। ऐतिहासिक रथ यात्रा सह मेला को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बिजली आपूर्ति बंद रही। पूरा भंडरा एक मेला के समान नजर आ रहा था। लोग प्रभु के दर्शन को लेकर आतुर नजर आए। महिला-पुरुष, बच्चे और युवा भगवान के दर्शन को आतुर नजर आए। सभी भगवान से अपनी सुख-समृद्धि और शांति की प्रार्थना कर रहे थे। दो बजे जैसे ही रथ यात्रा मौसीबाड़ी के लिए प्रारंभ हुई लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई भगवान के रथ को खींचकर मौसी बाड़ी पहुंचाने के लिए आतुर था। सभी ने रथ खींचकर रथ यात्रा में भगवान के स्पर्श को महसूस किया। देर शाम तक मेले की सड़कों पर लोगों की भीड़ नजर आई।

**द ग्रेट गौरी सर्कस, मौत का कुंआ ब्रेक डांस, मिना बाजार में उमड़ी भीड़**

भंडरा-लोहरदगा ऐतिहासिक रथ यात्रा मेला में द ग्रेट गौरी सर्कस, मौत का कुंआ, ब्रेक डांस, बिजली के झूले, ड्रेगन ट्रेन, मिना बाजार सहित कई मनोरंजन के साधन मौजूद थे। काफ़ी संख्या मे लोगो ने झूले, सर्कस का लुफ्त उठया,वहीं महिलाओं ने मिना बाजार मे उपलब्ध तरह तरह के श्रृंगार सामग्री की खरीदारी की भी जम कर बिक्री हुई।

**मेला में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक रहा इंतजाम**

भंडरा-लोहरदगा ऐतिहासिक मेले में हजारों की भीड़ को देखते हुई पुलिस-प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापाक इंतजाम किए गए थे। रांची-लोहरदगा मुख्य पथ के मसमानो मोड़,नवडीहा मोड़, अकाशी पथ के अखिलेश्वर मोड़ में बैरियर लगाकर दनाधिकारी नियुक्त गया था। जबकि भंडरा थाना के समीप शांति व्यवस्था को लेकर कंट्रोल रूम बनाया गया था। मेले में जगह-जगह पुलिस बल मौजूद थे। मेला में चार ड्रोन कैमरे के सहारे मेले की निगरानी की जा रही थी। जिला अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार,डीएसपी समीर कुमार मिंज, भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, सीओ दुर्गा कुमार बीडीओ प्रतिमा कुमारी सहित दंडाधिकारी मेले में शांति व्यवस्था को लेकर निगरानी कर रहे थे। मेला आयोजक द्वारा मेले के बीच में मंच बनाकर स्वयं सेवी दल से मेले में शांति व्यवस्था बनाएं हुए

चलते चलते एक नजर

## एनएसएस के द्वारा एसपीडी कॉलेज में किया गया पौधरोपण




**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा वन महोत्सव के अर्न्तगत शनिवार को महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है।उन्होने कहा कि जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी जीवन भी सुरक्षित रहेगा। सभी लोगों को वन के महत्व को समझना होगा। तभी इसका लाभ लोगों को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों से जीवनदायिनी स्वच्छ ऑक्सीजन के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए औषधि भी प्राप्त होता है। उन्होने कहा कि प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा पौधरोपण किया जाता है। इस मौके पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा कि वन महोत्सव के साथ-साथ एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम भी एनएसएस के द्वारा संचालित किया जा रहा है जिसके अर्न्तगत महाविद्यालय परिसर समेंत छात्र-छात्राओं के द्वारा अपने-अपने घर, गांव में भी पौधरोपण किया जा रहा है। मौके पर प्रो. दिवाकर चतुर्वेदी, सिद्धान्त कमलापुरी समेंत अन्य उपस्थित थे।

## शिवसेना सांसद संजय राउत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से मिले

**वाराणसी** : शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के लहुराबीर महामंडल नगर स्थित आवास पर पहुंचे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ पार्टी के नेताओं ने शिवसेना नेता की आवास पर गर्मजोशी से अगवानी की। इस दौरान अजय राय की पत्नी रीना राय, बड़ी बेटी श्रद्धा राय, बेटे शांतनु राय और छोटी बेटी आस्था राय ने भी पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं ने यूपी और महाराष्ट्र के वर्तमान सियासी हालात पर चर्चा की। संजय राउत ने अजय राय की तारीफ कर कहा कि मैं जब काशी आ रहा था, तो हमारे नेता उद्धव ठाकरे ने मुझसे व्यक्तिगत रूप से बोला कि आप काशी जा रहे हो तो बाबा श्री काशी विश्वनाथ जी का दर्शन पूजन करने के उपरांत काशी के उस योद्धा से जरूर मिलना, जिसने अपनी हिम्मत और ताकत के बलबूते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सियासी टक्कर ली। शिवसेना नेता ने कहा कि काशी आना किसी पुण्य से कम नहीं है। काशी नगरी बाबा श्री काशी विश्वनाथ और मां गंगा के मेल की एक ऐसी अद्भुत संगम स्थली है, जिसे निहारना हर कोई चाहता है।

# षड्यंत्रकारियों को शिकस्त देकर युवाओं के प्रेरणास्रोत बने हेमंत सोरेन : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनने पर झामुमो के वरिष्ठ नेता अविनाश देव ने रांची आवास पर मुलाकात कर माटी के बर्तन में मिष्ठान, पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर बधाई दी.मुलाकात के दौरान श्री देव ने मुख्यमंत्री श्री सोरेन से कहा कि राजनीतिक विभाजनकारी और षड़यंत्रकारियों के साजिश का अंत कर आपने पूरे झारखंड को अन्याय व षड्यंत्र के खिलाफ डट कर संघर्ष करने की प्रेरणा दी है.इसे हम जैसै युवाओं को प्रेरणा मिली है। साथ ही इससे झारखंड को एक नई पहचान मिली है। आपने विरोधियों को यह संदेश दिया है की अन्याय के खिलाफ झारखंड घुटना टेकने वाला नहीं है बल्कि झारखंड सच के सवाल पर संघर्ष करने वालों की धरती है।

हम जैसे युवा जब विरोधियों के चाल से घबरा रहे थे उस दौर में भी आपने मजबूती के साथ हौसला दिया और डट कर संघर्ष करने की ताकत दी। आपके द्वारा दिए गए हौसले का प्रतिफल है की पांच माह में ही राजनीतिक विरोधियों के साजिश का अंधेरा छटा और सत्य का सूरज निकला। इससे एक बार फिर से यह तथ्य स्थापित हुआ की सत्य परेशान हो सकता है पर



पराजित नहीं। साजिशों के अंत के बाद हमारे हेमंत अब अपने बीच है. इससे पूरे झारखंड में हर्ष और उल्लास का वातावरण कायम हुआ है। आने वाला विधानसभा चुनाव में भी फिर से हेमंत राज आयेगा क्योंकि झारखंड को हेमंत पसंद है। इधर विरोधी खेमा मंसूबा पाले हुए हैं अबकी बार हमारी सरकार, किंतु इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने दिखा दिया कि जो लोकतंत्र संविधान कि बात करेगा वही अब राज करेगा। श्रीमती कल्पना सोरेन की विषम परिस्थिति में कुशल नेतृत्व देश भर में आयरन लेडी के रूप में अपनी पहचान दिलाई जिसका सीधा फायदा झारखंड विधानसभा के चुनाव में मिलेगा। झारखंड में झामुमो के पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी और विरोधी औंधे मुंह गिरेंगे।

माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने माटीकला बोर्ड गठन को लेकर सकारात्मक संकेत दिया है।

## समाज के सबसे अच्छे लोगों को अध्यापक बनना चाहिए : गोपाल

**लखनऊ:** भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा संचालित महामना शिक्षण संस्थान का नूतन सत्र अभिनंदन एवं पूर्व विद्यार्थी अलंकरण समारोह का आयोजन रविवार को गन्ना अनुसंधान संस्थान में किया गया। इस अवसर पर जेईई मेन के प्रथम प्रयास में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि समाज में जो मेधा, प्रतिभा है वह उपेक्षित न रह जाये। गरीब परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चे शिक्षा से वंचित न रह जाएं इसलिए महामना शिक्षण संस्थान शुरू किया गया।

## जायंट्स ग्रुप ने किया शनि देव मंदिर के प्रसाद का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जायन्ट्स ग्रुप का गढ़वा सहेली के द्वारा स्थानीय चौधराना बाजार में स्थित शनि देव मंदिर में खिचड़ी प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहेली ग्रुप की अध्यक्ष रंजना जायसवाल ने की। इस मौके पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ के पूर्व यूनिट डायरेक्टर सह गढ़वा सहेली ग्रुप की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि गुप्ता, फेडरेशन के पूर्व पदाधिकारी सह सहेली ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष सीमा केसरी सहित सहेली गढ़वा के पूर्व अध्यक्ष माला केसरी, लता गुप्ता एवं निवर्तमान अध्यक्ष रितु जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित थी। आज का खिचड़ी प्रसाद वितरण के अवसर पर बोलते हुए पदाधिकारी ने कहा कि सभी लोगो को ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर प्रसाद के बहाने ही सही जरूरतमंदों को भोजन कराकर पुण्य का भागी बनना चाहिए। आज के कार्यक्रम गढ़वा सहेली की निवर्तमान अध्यक्ष रितु जायसवाल थी।

इसके लिये सभी सदस्यों ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर उपरोक्त पदाधिकारियों के अलावा जायन्ट्स गढ़वा सहेली की उपाध्यक्ष संध्या केशरी, प्रशासनिक निदेशक रीमा स्वरूप, विमला केशरी, वर्षा अग्रवाल, मधुबाला गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित थीं।

## पर्यावरणविद कौशल ने विजेता व उपविजेता टीमों को पौधा देकर किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगरः** पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के सिलदाग पंचायत के खेल मैदान पर शनिवार को आयोजित क्रिकेट के फाइनल मैच का बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने औपचारिक बैटिंग कर खेल का शुभारंभ किया। मैच।उद्घाटन के बाद वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए।पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि युवा, खेल,कला,संस्कृति व वन ये सभी पर्यावरण की अंग और राष्ट्र की धरोहर हैं।इनकी हिफाजत करना सबका दायित्व है।श्री जायसवाल ने



कहा कि बढ़ती प्रदूषण व भीषण गर्मी एवं जल संकट से निबटने के लिए समाज के सभी लोगों को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र को अपनाना होगा। तभी हम इस भयावह स्थिति का सामना करने में कामयाब हो सकते है।छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल नेअपने संबोधन में कहा कि भोजन से मनोरंजन कहीं ज्यादा जरूरी है।ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है।दोनों टीमों के कप्तान को पर्यावरणविद कौशल व जिला पार्षद अमित ने कप के साथ आम और अमरूद का पौधा देकर उन्हें सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया।ट्रूनामेंट संचालन कमेटी के।अध्यक्ष रमन यादव, कोषध्यक्ष छोटू विश्वकर्मा, सचिव पप्पू सिंह ग्राम पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद के साथ चौपाल की शुरुआत : अरुणा शंकर





केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक प्रचारित कर रही अरुणा शंकर

कोई भी यज्ञ ब्राह्मणों के आशीर्वाद के बिना पूर्ण नहीं हो सकता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने महावीर नगर में चौपाल लगाकर ग्रामीण क्षेत्र की माताओ व बहनओ को केंद्र द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में बताया। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि आज रथ यात्रा का दिन शुभ है। भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लेते हुए आज से मैं शहर के साथ-साथ गांव-गांव जाकर चौपाल लगाऊंगी। और वहां की माता, बहनों, बुजुर्गो एवं भाइयों को मोदी सरकार द्वारा दी जाने वाले सुविधाओं से अवगत कराऊंगी। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मनु तिवारी ने प्रथम महापौर को बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे, वार्ड पार्षद मनोज प्रजापति, सुनील तिवारी, नित्यानंद तिवारी, शुभम तिवारी, नित्यानंद तिवारी, आनंद तिवारी, ललन तिवारी, नित्यानंद पांडे ,विनोद तिवारी,अलख गिरी, रविंद्र नाथ तिवारी, विनोद सिंहा एवं काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि चौपाल की शुरुआत अच्छे दिन के साथ-साथ ब्राह्मण के आशीर्वाद के साथ शुरू की, जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। प्रथम महापौर ने कहा कि ऐसे भी कोई भी यज्ञ ब्राह्मणों के आशीर्वाद के बिना पूर्ण नहीं हो सकता है।

## सीबीआई करे आर्मस्ट्रांग हत्याकांड की जांच : मायावती

**तमिलनाडु/लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती अपने भतीजे एवं पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद के साथ रविवार को तमिलनाडु पहुंचीं और के. आर्मस्ट्रांग को श्रद्धांजलि अर्पित की। मायावती ने राज्य की स्टालिन सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए इस हत्याकांड की सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग की। बसपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को चेन्नई के पेरंबूर इलाके में बेरहमी से हत्या कर दी गई। आर्मस्ट्रांग का पार्थिव शरीर श्रद्धांजलि के लिए पेरंबूर स्थित कॉर्पोरेशन स्कूल परिसर में रखा गया था। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मायावती ने दिवंगत नेता के परिवार से मुलाकात की और ढांढस बढ़ाया। मायावती ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान आर्मस्ट्रांग की हत्या को लेकर स्टालिन सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार गंभीर होती तो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाता।

## वर्ली हिट एंड रन मामले में बिना किसी राजनीतिक दबाव के करें कार्रवाई : सीएम

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने वर्ली हिट एंड रन मामले में बिना किसी राजनीतिक दबाव के कार्रवाई करने का पुलिस को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री शिंदे के इस निर्देश के बाद उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी पुलिस को इस मामले में कठोर कार्रवाई करने का आदेश पुलिस को दिया है। रविवार सुबह शिवसेना शिंदे समूह के नेता राजेश शाह की बीएमडब्ल्यू कार ने कोली समाज के मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को टक्कर मार दिया था। इस घटना में महिला की मौत हो गई थी, जबकि दूसरा घायल हो गया था। इस घटना में वर्ली पुलिस ने कार मालिक राजेश शाह को हिरासत में ले लिया है, जबकि कार चला रहे उनके बेटे मिहिर शाह और ड्राइवर के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। दोनों अभी तक फरार हैं। इस घटना के बाद शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य



ठाकरे वर्ली पुलिस स्टेशन में गए थे और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि वर्ली में हुए हिट एंड रन के मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। दोषियों के विरुद्ध कानून सम्मत कार्रवाई होगी। चाहे वह कोई पदाधिकारी हो या कार्यकर्ता। कोई भी पार्टी हो, हमारी स्थिति यह है कि सरकार और कानून के सामने हर कोई बराबर है। वर्ली में जो घटना हुई, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके बाद उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री फड़णवीस ने मुंबई पुलिस को बिना किसी राजनीतिक दबाव के कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मामले की अब तक की जांच में पता चला है कि शिवसेना शिंदे समूह के नेता राजेश शाह का बेटा मिहिर शाह शनिवार देर रात से रविवार तड़के तक जुहू इलाके में स्थित बार में शराब पी रहा था। इसके बाद वर्ली में उसकी कार से कुचलकर महिला की मौत हो गई और एक शख्स घायल हो गया। घटना के बाद मिहिर शाह और ड्राइवर फरार हो गए। वर्ली पुलिस स्टेशन की टीम दोनों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## लायंस विशाल का पदस्थापन समारोह संपन्न, नन्दलाल प्रसाद बने अध्यक्ष




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल का पदस्थापना समारोह उत्सव गार्डन में शनिवार की देर संध्या संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस डॉ. कमलेश कुमार ने की।

समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि पीडीजी पीएमजीएफ लाइन सुदीप्तो मुखर्जी समेत लायंस विशाल के पदाधिकारियों के द्वारा संयुत रूप से दीप जलाकर किया गया।इस मौके पर सत्र 2024-25 के पदाधिकारियों का पदस्थापन किया गया जिनमे नए अध्यक्ष के रूप में नंदलाल प्रसाद, उपाध्यक्ष सुशील केसरी एवं डॉ दीपक विश्वास को, सचिव गिरीश कमलापुरी, संयुक्त सचिव डॉ. अरशद अंसारी, कोषाध्यक्ष डॉ. यूएन बरनवाल, को, संयुक्त कोषाध्यक्ष नारायण वेंकटेश, प्रोग्राम मार्केटिंग के रूप में शौकत खान, लीडरशिप चेयरपर्सन डॉ. आरएनएस दिवाकर, मेंबरशिप चेयरपर्सन रघुवीर प्रसाद कश्यप, क्लब कोऑर्डिनेटर डॉ कमलेश कुमार, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. जेपी सिंह,क्लब एक्सटेंशन चेयरपर्सन बीएम प्रसाद, क्लब सर्विस चेयरपर्सन सफदर अली खान, टेल ट्विस्टर डॉ. एसके विश्वकर्मा को और लाइन टेमर के रूप में डॉ मोनाजिर को सर्वसम्मति से चयनित किया गया। साथ ही नए सत्र में बेहतर कार्य के लिए शपथ भी दिलाई गई।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा पीस पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शांति निवास के तीन छात्राओं को मोमेंटो देकर पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। तीन छात्राओं में प्रथम स्थान निक्की प्रियदर्शी, द्वितीय स्थान समीक्षा कुमारी एवं तृतीय स्थान रितिका मिश्रा को दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन कमर सफदर ने किया।

## बिहार में मुजफ्फरपुर के कनिष्क नारायण यूके में सांसद निर्वाचित

**पटना :** बिहार में मुजफ्फरपुर के मूल निवासी और वर्तमान में वेल्स यूनाइटेड किंगडम में रह रहे संतोष कुमार और चेतन सिन्हा के पुत्र कनिष्क नारायण वेल्स यूके से लेबर पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीत कर सांसद बने हैं। इससे पूर्व 33 वर्षीय कनिष्क सिविल सर्विस में थे। चुनाव की घोषणा के बाद नौकरी से इस्तीफा देकर मैदान में उतरे थे। कनिष्क नारायण के यूके में सांसद निर्वाचित होने की खबर सुनते ही मुजफ्फरपुर में बधाई देने वालों का ताता लग गया। कनिष्क एसकेजे लॉ कॉलेज के निदेशक जयंत कुमार के भतीजा हैं। करीब दो महीने पहले वह एक पारिवारिक पूजा में शामिल होने के लिए माता-पिता के साथ भारत आए थे लेकिन चुनावी व्यस्तता के कारण दिल्ली से ही वापस लौट गए। कनिष्क के सांसद बनने की सूचना मिलने पर शहर के दामु चक स्थित सांधो अपार्टमेंट में जश्न शुरू हो गया।

# यूरोप में बढ़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जबरदस्त क्रेज

एजेंसी

**नई दिल्ली:** लगातार तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी का क्रेज जबरदस्त तरीके से बढ़ा है। अगले हफ्ते प्रधानमंत्री मोदी यूरोप की यात्रा पर जाने वाले हैं। इस दौरान वह रूस और ऑस्ट्रिया का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन से पहले मॉस्को और वियना में उनके ग्रैंड वेलकम की तैयारी है। रूस का राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के अलावा ऑस्ट्रिया भी पीएम मोदी के आगमन को लेकर बेहद उत्सुक है। पीएम मोदी ने यूरोप रवाना होने से पहले रविवार को कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के मौके पर इस मध्य यूरोपीय देश की यात्रा करना वास्तव में सम्मान की बात है। पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि उनकी इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने तथा सहयोग के नये रास्ते तलाशने पर चर्चा होगी।

**रूस के अलावा ऑस्ट्रिया में भी प्रधानमंत्री के बड़े स्वागत की तैयारी**



प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के उस सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कही, जिसमें कहा गया है कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अगले सप्ताह वियना में स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। नेहमर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था,यह यात्रा एक विशेष सम्मान है क्योंकि यह 40 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की मेरे देश की पहली यात्रा है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हम भारत के साथ राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

### भारत-ऑस्ट्रिया के संबंधों को मिलेगी मजबूती

नेहमर ने कहा, हमें अपने द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने और कई भू-राजनीतिक चुनौतियों पर बेहतरीन सहयोग के बारे में बात करने का अवसर मिलेगा। नेहमर की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उनका आभार जताया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,इस ऐतिहासिक अवसर पर ऑस्ट्रिया की यात्रा करना वास्तव में एक सम्मान है। मैं दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने और सहयोग के नए रास्ते तलाशने पर चर्चा की उम्मीद करता हूं।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून के शासन के साझा मूल्य वह आधार हैं जिस पर दोनों देश साथ मिलकर एक निरंतर घनिष्ठ साझीदारी का निर्माण करेंगे।